# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

सहारा।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्रभारी निरीक्षक खजनी उदय शंकर कुशवाहा ने सहयोगियों के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की। आरोपित को पुलिस ने नहर पुलिया से अहमदपुर वाले रोड से शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम अनिल विश्वकर्मा पुत्र रामसिगारे विश्वकर्मा निवासी ग्राम ढेकुनाद थाना बेलघाट, गोरखपुर बताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बरामद बाइक श्रीनाथ पुत्र रामकिशुन निवासी ग्राम काली जगदीशपुर थाना महुली जनपद संतकबीरनगर की है। इस संबंध में थाना स्थानीय पर केस दर्ज किया गया था। श्रीनाथ बाइक स्कूल के पास खड़ी कर शौच के लिए गये थे तभी उनकी बाइक चोरी हो गयी थी। आरोपित को पुलिस ने आईपीसी की धारा 379 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सहारा

# ऑटो में बैठी महिला के गले से चेन उड़ाने वालों को जेल

**पीपीगंज (एसएनबी)।** नगर पंचायत पीपीगंज से ऑटो में सवार होकर गोरखपुर शहर जा रही महिला के गले से स्नेचरों ने सोने की चेन गत दिनों चुरा ली थी। महिला की तहरीर पर स्थानीय पुलिस केस दर्ज कर स्नेचरों की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों स्नेचरों को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया।

जानकारी के अनुसार 21 जुलाई को नगर पंचायत पीपीगंज निवासिनी निशा देबी पीपीगंज कस्बा से एक ऑटो में बैठकर गोरखपुर जा रही थी। उसमें चालक दीपक उर्फ गुडडन निवासी हरपुर थाना पीपीगँज व चालक के बगल मे कमलेश उर्फ गूडडू यादव निवासी वार्ड नम्बर एक नगर पंचायत पीपीगंज गोरखपुर जा रहे थे। ग्राम नयनसर तिराहे पर कमलेश आटो रास्ते रोककर पीछे महिला के बगल में बैठ गया। कुछ समय बाद महिला के गले का सोने का चेन चुरा लिया। बाद में महिला को जानकारी हुई तो उसने पीपीगंज थाने पर चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सहयता से स्नेचरों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उसने चेन को पीपीगंज कस्बा के एक सोनार को बेच दिया है। पुलिस अब सोनार के विरूद्ध भी कार्रवाई करेगी।

**कुछ ऑटो चालकों से है स्नेचरों की सांठगांठ**

बताया जा रहा है कि गोरखपुर से पीपीगंज-कैम्पियरगंज रूट पर चलने वाले कुछ ऑटो चालकों की चेन स्नेचिंग करने वाली महिलाओं और पुरुषों से सांठगांठ है। वह लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे है। पहली बार यह ग्रुप पीपीगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पीपीगंज थानेदार सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि चेन स्नेचरों के गिरोह का पता लगाया जा रहा है। इस गिरोह में जितने स्नेचर और उन्हें सहयोग करने वाले ऑटो चालक हैं सबके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सहारा 24.07.21

# अन्तरराज्यीय गैंग के 11 ठग गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)** । फिंगर प्रिंट क्लोन बनाकर लोगों के बैंक खातों से रुपए निकालने वाले सरगना सहित 11अंतरराज्यीय ठगों को क्राइम ब्रांचकी स्वाट टीम ने सर्विलांस टीम की मदद से गिरफ्तार किया। टीम ने ठगों के कब्जे से 9 लाख 10 हजार नगद, होंडा सिटी कार, एक पल्सर बाइक, मोबाइल फोन 53 अदद, अंगूठा क्लोन करने के उपकरण आदि सामग्री बरामद किया।

पुलिस लाइन में एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने गुडवर्क की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वाट और साइबर सेल टीम की कड़ी मेहनत से 11 अन्तर्राज्यीय गैंग के ठगों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी ठग जनता की मेहनत की कमाई को चंद मिनट में उनके खाते से उड़ा देते थे। पुलिस ने जब इनसे कड़ाई से पूछताछ की तो इन्होंने बताया कि ये लोग अंगूठे का क्लोन बनाकर फर्जी सीएसपी से बैंक खातों से पैसे निकालने का काम करते है। पूछताछ में बताया कि हम लोग नेपाल व दिल्ली के लोगो के नाम से खाता खुलवाकर उनका बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, नेट बैंकिग का यूजर आईडी, पासवर्ड अपने पास रख लेते थे। साथ ही उनका वीडियों केवाईसी कराकर सीएसपी बना लेता थे। इसके बदले उन व्यक्तियों को पैसा दिया जाता था। इसके बाद विभिन्न माध्यमों से आधार कार्ड नम्बर व अंगूठे का प्रिंट प्राप्त कर अंगूठे का फिंगर प्रिंट क्लोन बनवा लेते थे। इस प्रकार प्राप्त आधार कार्ड नम्बर व फिंगर प्रिंट क्लोन से सीएसपी (ग्राहक सेवा केन्द्र) से लिंक बैंक खातों में पैसे ट्रान्सफर करके एटीएम से पैसे निकाल लेते थे। एसएसपी ने बताया कि इस तरह इनके गैंग के द्वारा सैकड़ो लोगो को अपना शिकार बनाया जा चुका है।

> **जिले की स्वाट और साइबर सेल टीम ने किया गिरफ्तार**
>
> **फिंगर प्रिंट क्लोन बनाकर बैंक खाते से निकाल लेते थे रुपये**
>
> **गुडवर्क टीम को एसएसपी ने दिया 25 हजार का इनाम**

### गिरफ्तारी में इनकी रही सहभागिता

ठगों को गिरफ्तार करने वाली टीमो में इंस्पेक्टर सुशील कुमार शुक्ला, इंस्पेक्टर संतोष सिंह यादव, उनि महेश कुमार चौबे, उनि चन्द्रभान सिंह उनि अरूण कुमार सिंह, हेका विपेन्द्र मल्ल, राजमंगल सिंह, हेका. शशिकान्त राय, हेका. सनातन सिंह, हेका. धर्मेन्द्र नाथ तिवारी, योगेश सिंह, तेजसिंह, राकेश यादव, जितेन्द्र सिंह, प्रदीप राय, का. इन्द्रेश वर्मा शशिशंकर राय शामिल रहे। एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हज़ार का इनाम दिया है।

### इन ठगों की हुई गिरफ्तारी

राघवेन्द्र मिश्रा निवासी दाउदपुर थाना कैण्ट, सोनू कुमार पासवान निवासी ग्राम मोहरीपुर थाना चिलुवाताल, मुकेश कुमार निवासी ग्राम अचियापार थाना सहजनवा, विकास उर्फ विक्की निवासी जोन्हिया थाना सहजनवा, सैय्यद जावेद अली निवासी जाफरा बाजार रानी का टोला थाना तिवारीपुर, शंशाक पाण्डेय उर्फ गोलू पाण्डेय निवासी बुढ़नपुरा थाना बड़हलगंज, गोरखपुर, दीपेन्द्र थापा निवासी पहाड़ी मोहल्ला थाना नौतनवा जनपद महराजगंज स्थायी पता श्यान्जा पोखरा, नेपाल, सागर जायसवाल निवासी जायसवाल मोहल्ला थाना नौतनवा जनपद महराजगंज, हालपता- मार्डन टाउन, नई दिल्ली। राहुल राना निवासी महेन्द्रनगर वार्ड नं0-13 थाना नौतनवा जनपद महराजगंज, हाल पता-मलिकपुर मार्डन टाउन नई दिल्ली, अमित कनौजिया निवासी तिवारीपुर थाने के सामने थाना तिवारीपुर व आशीष पाठक निवासी ग्राम देवापार थाना उरूवा बाजार जनपद गोरखपुर बताया।

# देरी होती तो उड़ा देते 12.60 करोड़ रुपये

शिवम सिंह

**गोरखपुर।** साइबर जालसाजों को पकड़ने में पुलिस ने थोड़ी देरी की होती तो जालसाज 12.60 करोड़ रुपये उड़ा लेते। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई थी। हैदराबाद के एक उद्योगपति का हस्ताक्षर किया हुआ 2.60 करोड़ का चेक पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों के पास से बरामद किया है। आरोपितों ने एक अन्य शख्स का 10 करोड़ का ड्राफ्ट भी बना लिया था। बस अब इसको अपने खाते में ट्रांसफर करवाना ही बाकी था। पुलिस की जांच में पता चला है कि यह करीब तीन साल से जालसाजी के धंधे में लिप्त हैं। गिरोह में पकड़ा गया एक युवक पुलिसकर्मी का बेटा है। पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपित आर्थिक रूप से मजबूत परिवारों के हैं।

जानकारी के मुताबिक, गिरोह के सभी सदस्य लोकल स्तर से ज्यादा बाहर के लोगों को अपना शिकार बनाते थे। दिल्ली, हैदराबाद, हरियाणा जैसे मेट्रो सिटी के लोगों को भी निशाना बनाता थे। पुलिस अभी इस बात की जांच कर रही है कि आखिर ये कितने लोगों को निशाना बना चुके हैं।

सभी जगहों से चेक, ड्रॉफ्ट वगैरह चोरी करने के बाद, गोरखपुर में ही जिला पंचायत रोड पर स्थित साई कम्यूनिकेशन में उनके क्लोन तैयार कर फिर फ्राड किया जाता था। बड़ी जालसाजी को रोकने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम भी दिया है। एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने बताया कि पुलिस गिरोह के फरार सदस्यों की भी तलाश कर रही है। इसकी गहराई से जांच की जाएगी कि कितने और कहां के लोगों के साथ गिरोह ने फ्राड किया है।



**2.60** करोड़ रुपये का हस्ताक्षर मय चेक और 10 करोड़ का डिमांड ड्राफ्ट मिला

## तीन साल से सक्रिय था गिरोह, एक आरोपित के पिता पुलिसकर्मी भी

### पांच दिन में रिटायर होना है पुलिसकर्मी को

जालसाजी के गिरोह में पकड़े गए शख्स के पिता की कचहरी की सुरक्षा में ड्यूटी है। बताया जा रहा है कि पांच दिन बाद ही वह सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

### चपरासी भी गिरोह में था शामिल

साई कम्युनिकेशन के मालिक सैय्यद जावेद अली से लेकर चपरासी अमित कन्नौजिया एक साथ ही जालसाजी का काम करते थे। ये दोनों क्लोन तैयार करने का काम करते थे।

### इस तरह कर सकते हैं बचाव

- एम आधार एप डाउनलोड कर अपना फिंगर प्रिंट डिसेबल कर ले जरूरत पड़ने पर ही इनेबल करें
- अपने बैंक खाते में फिंगर प्रिंट डिसेबल करा लें जिससे एईपीएस ... ट्रांजेक्शन ना हो सके
- रजिस्ट्री आदि कराने के बाद तत्काल फिंगर प्रिंट एम आधार एप या बैंक खाते के माध्यम से डिसेबल

## टेंपो चालक सहित दो गिरफ्तार

**जासं., पीपीगंज** : महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने के आरोपित टेंपो चालक व उसके सहयोगी को पीपीगंज पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चेन बरामद कर ली गई है। पुलिस ने टेंपो

अमर उजाला

# डेढ़ माह बाद युवती की हत्या में पुलिस ने दर्ज किया केस

गोरखपुर। अज्ञात युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने डेढ़ महीने बाद आखिर केस दर्ज कर लिया। युवती का शव, सहजनवां इलाके के सिसई गांव के पास चार जून को मिला था।

पुलिस ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चौकीदार की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। इसके पहले पुलिस ने इस मामले में तहरीर ना होने का हवाला देते हुए कार्रवाई नहीं की थी। अमर उजाला में खबर छपने के बाद एसपी नार्थ के आदेश पर पुलिस ने कार्रवाई की है। कातिल युवती का शव सिसई गांव के कर्तरी मार्ग पर फेंक गए थे। उसके गर्दन पर चोट के निशान थे। शव को चादर में लपेट कर फेंका गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद पुलिस ने अपना काम बंद कर दिया। ऐसे में युवती की पहचान कर उसके हत्यारों को कौन पकड़ेगा, यह एक बड़ा सवाल है। ब्यूरो

24-07-21 अमर उजाला

# लोगों के फिंगर प्रिंट का क्लोन बना निकालते थे बैंक खातों से रकम, 11 जालसाज गिरफ्तार

## नौ लाख नकद, 53 मोबाइल फोन, 34 सिम, 26 एटीएम कार्ड, 53 पासबुक, 48 चेकबुक, 213 फिंगर प्रिंट क्लोन बरामद

### रजिस्ट्री दफ्तर की वेबसाइट से फिंगर प्रिंट और आधार नंबर करते थे चोरी, शासन को लिखा जाएगा पत्र

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। लोगों के फिंगर प्रिंट का क्लोन तैयार कर बैंक खाते से रुपये उड़ाने वाले एक गिरोह का पुलिस ने शुक्रवार को भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के 11 गुर्गों को दबोच लिया है।

आरोपितों के पास से पुलिस को 9 लाख 10 हजार नकद, 53 मोबाइल फोन, 34 मोबाइल सिम, एक डोंगल, 26 एटीएम कार्ड, 53 पासबुक, 48 चेकबुक विभिन्न बैंकों व नामों के आठ चेक, जिसमें एक चेक 2 करोड़ 60 लाख का मय हस्ताक्षर, एक डिमांड ड्राफ्ट दस करोड़ का, 213 फिंगर प्रिंट क्लोन, चार फिंगर स्कैनर, दो रजिस्टर, जिसमें आधार कार्ड व विभिन्न बैंक का डाटा लिखा है, एक लैपटॉप, एक मॉनीटर, चार बोतल पालीमर लिक्विड, दो फिंगर प्रिंट उठाने वाले ग्लास, दो अल्ट्रा वाइलेट राड, 6 फोम सीट, एक सेल्फ इंक मशीन, दो अल्ट्रा वाइलेट, एक कार, एक बाइक, पांच आधार कार्ड, तीन पैन कार्ड मिले हैं।

पुलिस को पता चला है कि गिरोह के सभी सदस्य अलग-अलग काम करते थे। सभी मिलकर रकम को ग्राहक सेवा केंद्र की मदद से अपने खुलवाए गए फर्जी खातों में भेजकर निकलवा लेते थे। पुलिस को आरोपितों के दो फरार साथियों की तलाश है। खबर है कि यह लोग रजिस्ट्री विभाग की वेबसाइट से भी लोगों के दस्तावेज की चोरी करते थे। एसएसपी ने बताया कि वेबसाइट की व्यवस्था और सशक्त करने के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा।

एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस में मीडिया को बताया कि जालसाजी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की जानकारी पर क्राइम ब्रांच और साइबर टीम काम कर रही थी। इसी बीच दिल्ली पुलिस से अहम सूचना मिली। इसके बाद पुलिस तलाश में जुटी थी। सूचना मिली कि रुपये की जालसाजी करने वाले गिरोह के सदस्य होंडा सिटी कार व अन्य साधनों से कलेक्ट्रेट की तरफ से हरिओम नगर की तरफ जा रहे हैं।

पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपितों को पकड़ लिया। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि कुछ साथी जिला पंचायत रोड स्थित साई कम्युनिकेशन में अंगूठे का कलोन बनाते थे। इसके बाद आधार नंबर, क्लोन की मदद से ग्राहक सेवा केंद्र से रुपये को फर्जी एकाउंट में भेज देते थे। ग्राहक सेवा केंद्र की फ्रेंचाइजी इन लोगों ने जालसाजी करने के लिए ली थी। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया गया है।




पकड़े गए साइबर अपराधियों के बारे में जानकारी देते एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु। अमर उजाला

### इनकी हुई गिरफ्तारी

*कैंट के दाउदपुर निवासी राघवेंद्र मिश्रा, मोहरीपुर निवासी सोनू कुमार पासवान, सहजनवां के अचियापार निवासी मुकेश कुमार, सहजनवां के जोन्हिया निवासी विकास उर्फ विक्की, तिवारीपुर के जाफरा बाजार निवासी सैय्यद जावेद अली, बड़हलगंज के बुढ़नपुरा निवासी शशांक पांडेय, महराजगंज के नौतनवां के पहाड़ी मोहल्ला निवासी दीपेंद्र थापा, नई दिल्ली में रहने वाला नौतनवां का जायसवाल मोहल्ला निवासी सागर जायसवाल, दिल्ली में रहने वाला नौतनवां के वार्ड नंबर 13 निवासी राहुल राना, तिवारीपुर थाने के पास का निवासी अमित कन्नौजिया, उरुवा बाजार के देवापार निवासी आशीष पाठक की गिरफ्तारी की गई है। राघवेंद्र मिश्रा और सोनू कुमार पासवान ही गिरोह के सरगना है।*

### गिरोह के सभी गुर्गों में बंटा था काम

गिरोह के सभी सदस्यों ने अपने-अपने काम बांट रखे थे। राघवेंद्र नेपाल व दिल्ली के व्यक्तियों को पैसे देकर उनका विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर उनका एटीएम कार्ड, चेकबुक, नेट बैंकिंग आईडी, पासवर्ड एवं वीडियो केवाईसी कराकर सीएसपी बनाकर विभिन्न बैंक खातों से रुपये निकलवाता था। सोनू कुमार आधार कार्ड डाटा व फिंगर प्रिंट विभिन्न माध्यमों से प्राप्त कर फिंगर प्रिंट क्लोन बनवाकर एईपीएस ट्रांजेक्शन के माध्यम से रुपये निकालता था। मुकेश सीएसपी संचालक था और आधार कार्ड व फ्रिंगर प्रिंट डाटा निकालकर गिरोह को बेच देता था। विकास की सहजनवां तहसील के पास फोटो कॉपी की दुकान थी, फोटो कॉपी के बहाने आधार कार्ड नंबर व फ्रिंगर प्रिंट का डाटा चोरी करता था। सैय्यद जावेद फिंगर प्रिंट का क्लोन तैयार करता था, शशांक पांडेय नेपाल व दिल्ली के व्यक्तियों को पैसे देकर उनका बैंकों में खाता खुलवाता था। दीपेंद्र थापा नेपाल व दिल्ली के व्यक्तियों को पैसे देकर नितेश सिंह, राहुल राना व सागर जायसवाल की मदद से खाता खुलवाता था। सागर नेपाल व दिल्ली के व्यक्तियों को रुपये देकर उनका फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड बनवाता था, राहुल, पैसे लेकर नेपाली व्यक्तियों को दीपेंद्र थापा से मिलवाता था और नितेश सिंह की मदद से बैंक खाता खुलवाता था। अमित सैय्यद जावेद की मदद से क्लोन तैयार करता था। आशीष पाठक पैन ड्राइव से फिंगर प्रिंट का डाटा एडिट कर जावेद को उपलब्ध कराता था।

### ऐसे खुला मामला

**दिल्ली** में एक अफसर के साथ जालसाजी का मामला सामने आया था। इसकी जांच दिल्ली पुलिस ने शुरू की तो पता चला कि गोरखपुर के रहने वाले दो युवकों ने जालसाजी की है। इसकी जानकारी दिल्ली पुलिस ने ही गोरखपुर पुलिस को दी थी, जिसके बाद दिल्ली में रहकर जालसाजी करने वाले राहुल राना और सागर जायसवाल को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने इन्हीं दोनों से पूछताछ करने के बाद अन्य आरोपितों को पकड़ लिया।

### रजिस्ट्री विभाग की वेबसाइट से चुराते थे दस्तावेज



अंगूठे का निशान और आधार कार्ड का नंबर गिरोह के सदस्य रजिस्ट्री विभाग के ई रजिस्ट्री वेबसाइट से चोरी कर/लेते थे। यहां से ही फिंगर प्रिंट मिल जाता था, जिसका इस्तेमाल कर क्लोन को तैयार किया जाता था। इसके अलावा विकास उर्फ विक्की की सहजनवां तहसील गेट पर ही फोटो कॉपी की दुकान थी, यहां पर रजिस्ट्री के लिए जब फोटो कॉपी कराने कोई आता था तो वह आधार कार्ड और अंगूठे का निशान चुरा लेते थे। यही से दस्तावेज की चोरी कर वह पूरा गिरोह काम करता था।

### *2018 में पकड़े गए गिरोह से है संबंध*

*जालसाजी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने 2018 में किया था। यह गिरोह भी उन सदस्यों से जुड़ा हुआ है। एसएसपी ने बताया कि इनके पास से वह दस्तावेज मिले हैं, जिससे पता चला है कि पिछले गिरोह के लोगों की जमानत कराने में इन लोगों ने मदद की है। इनके और किस किस से तार जुड़े है, इसे खंगाला जा रहा है।*

### ऐसे करते थे जालसाजी

- पहले ग्राहक सेवा केंद्र का फ्रेंचाइजी लिया गया
- रजिस्टी आफिस की वेबसाइट या अन्य साधनों से अंगूठे का निशान और आधार कार्ड नंबर, अन्य डिटेल हासिल किया
- लोगों को फंसाकर उनका फर्जी एकाउंट खुलवाया फिर बैंकिंग के सारे दस्तावेज अपने पास रख लिए
- फिंगर प्रिंट का क्लोन तैयार करके ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से खाते में रुपये के ट्रांसफर कर लिए
- खाते से दस हजार रुपये अपने फ्राड खाते में भेजा
- रुपये को किसी और की मदद से निकलवाते थे
- एक दिन में एक शख्स के खाते से सिर्फ दस हजार रुपये ही निकाले जाते थे

अमर उजाला




बीट पुलिस अधिकारी का पोस्टर ज़ारी करते एडीजी अखिल कुमार। संवाद

# अब बीट पुलिस अधिकारी रखेंगे अपराध पर नजर

अमर उजाला ब्यूरो

## एडीजी के निर्देश पर शुरू हुई व्यवस्था, एसपी ने पुलिस लाइन में किया उद्घाटन

गोरखपुर। अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस की बीट प्रणाली को अब और मजबूत बनाया जा रहा है। इसके लिए बीट में तैनात सिपाहियों को बीट पुलिस अधिकारी कहा जाएगा। साथ ही इन्हें प्रहरी एप से भी जोड़ा जाएगा। बीट में तैनात ये सिपाही अपने क्षेत्र की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।

जब भी कहीं बड़ा अपराध होता है तो एक बात जरूर सामने आती है कि बीट के सिपाहियों ने घटना पर या तो नजर नहीं रखी या फिर समय रहते अपने बड़े अफसरों को इससे अवगत नहीं कराया।

शुक्रवार को पुलिस लाइंस में इसका उद्घाटन करते हुए एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने बताया कि बीट में पुरुष सिपाही के साथ-साथ महिला सिपाहियों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। ये पुलिस कर्मी अपने क्षेत्र के वर्तमान व पूर्व ग्राम प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य व अन्य लोगों के संपर्क में रहेंगे। बीट अधिकारी अपने क्षेत्र की हर गतिविधि से थाने को अवगत कराते रहेंगे।

DEORIYA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

राष्ट्रीय स्वरूप दि. 24/7/21

# बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली का शुभारंभ

देवरिया(एसएनबी)। बीट व्यवस्था को मजबूत और प्रभावशाली बनाने के लिए गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने जनपदीय स्तर पर बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली का शुभारम्भ फीता काटकर किया। इस दौरान बीट पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने कहा कि इस व्यवस्था से जनता एवं पुलिस के मध्य एक मित्रवत संबंध की स्थापना होगी। बीट पुलिस अधिकारी की अपने-अपने क्षेत्र में शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा लोगों की समस्याओं के निस्तारण करने में इनकी एक अहम भूमिका होगी। इस जिम्मेदारी को जनपद के समस्त बीट पुलिस अधिकारी समझते हुए अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि समस्त थानों पर प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना स्तर पर बीट पुलिस पुस्तिका का विमोचन करते हुए बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली का शुभारंभ किया गया।

बीट पुलिस अधिकारी द्वारा थानों की बीट क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने व जनता के साथ उत्तम व्यवहार कर जनमानस में पुलिस की सकारात्मक छवि बनाने व अपराध नियंत्रण करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसके लिए सर्वोत्तम बीट पुलिस अधिकारी माह जून 2021 थाना भटनी पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारी आरक्षी अंकित यादव को चुना गया है। उक्त आरक्षी द्वारा अपने बीट में दक्षता पूर्वक कार्यों को किया गया है तथा कार्यों के प्रति अच्छी जानकारी है।

इसके अतिरिक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी थाना बघौचघाट पर नियुक्त महिला आरक्षी प्रतिभा द्विवेदी, थाना सलेमपुर कोतवाली पर नियुक्त महिला आरक्षी प्रीति सिंह, थाना खुखुन्दू पर नियुक्त महिला आरक्षी दीपा पाठक, थाना मईल पर नियुक्त महिला आरक्षी प्रियंका मौर्या द्वारा अपने क्षेत्र में जाकर महिलाओं के साथ चौपाल लगाकर उनको अपनी समस्याएं बेझिझक बताने तथा अपने मोबाइल नम्बर उनसे साझा करने जैसे सराहनीय कार्य किये गये हैं।

**जिले के सभी थानों पर प्रभारी निरीक्षकों ने किया बीट प्रणाली का शुभारंभ**

इस अवसर पर एएसपी राजेश कुमार सोनकर, सीओ रुद्रपुर अम्बिका, सीओ सलेमपुर कपिलमुनि, सीओ भाटपार रानी पंचम लाल, सीओ बरहज देवानन्द, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, बीट पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

**रुद्रपुर कार्यालय के अनुसार** रुद्रपुर कोतवाली पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्र के अगुवाई में बीट पुलिसिंग का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर एसआई मनीष सिंह, सुनील कुशवाहा, रामप्रकाश यादव, नीरज सिंह, अभय सिंह, उमेश चौहान आदि उपस्थित थे।

**गौरीबाजार प्रतिनिधि के अनुसार** गौरीबाजार थाने पर बीट प्रणाली की शुरुआत थाना प्रभारी अनिल पाण्डेय ने बीट पुस्तिका का विमोचन कर किया।

**नोनापार प्रतिनिधि के अनुसार** भटनी थाने पर निरीक्षक श्यामसुन्दर तिवारी ने बीट प्रणाली का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के तहत बीट आरक्षी को नियमावली पुस्तिका दी गयी।

**लार प्रतिनिधि के अनुसार** 'आपदा में साथ दो, अपराध को मात दो' के संकल्प के साथ शुक्रवार को लार थाने पर बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान उपनिरीक्षक राम गिरिश चौहान, सुनील कुमार त्रिपाठी, विनोद यादव, हेका सुधाकर सिंह, विनोद सिंह, पावन यादव, अनुप सिंह, अश्वनी तिवारी, संदीप निगम, राजन सिंह, आकाश यादव, अरूनकान्त, पियूष कुमार सहित सभी पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

**बघौचघाट प्रतिनिधि के अनुसार** उत्तर प्रदेश पुलिस जन समस्यायों के प्रति गम्भीर है। पुलिस की मंशा है कि किसी भी समस्या का त्वरित निवारण हो। इस सम्बन्ध में स्थानीय थाने में पुलिस कर्मियों को उपनिरीक्षक रवींद्रनाथ यादव ने बीट पुलिसिंग के विषय में बताया। इस अवसर पर एसआई अभिषेक तिवारी, सन्तोष मद्देशिया, प्रदीप, पूजा, रोली आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 26/6/21

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित पशु तस्कर गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। थाना बरियारपुर पुलिस ने चकियवां ढाला के पास से एक ईनामी गैंगस्टर एक्ट में वांछित पशु तस्कर को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को बरियारपुर के थानाध्यक्ष मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर चकियवा ढाला के पास से अभियुक्त हरेराम सोनकर पुत्र शिवनाथ सोनकर निवासी ग्राम-डिहवा टोला थाना-बरहज जनपद-देवरिया को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना बरियारपुर पर पंजीकृत मु.अ.सं.-79/2021 धारा-3(1) गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। जो थाना बरियारपुर का ₹ 25000 का इनामिया अभियुक्त था। पशु तस्करी जैसे गंभीर अपराध कारित करना गिरफ्तार अभियुक्त का पेशा है। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध पुलिस ने नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



हिन्दुस्तान दि. 24/7/21



सीएम के आगमन को देखते हुए शुक्रवार को पुलिस लाइन की चहारदीवारी की रंगाई-पुताई करते मजदूर। • हिन्दुस्तान



जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम चौराहे की ओर से आने वाली सड़क की मिट्टी को जेसीबी लगाकर बराबर किया गया। • हिन्दुस्तान

## सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे के मद्देनजर देर शाम तक चलती रही तैयारी, पीएम 30 को सिद्धार्थनगर से करेंगे लोकार्पण

# मुख्यमंत्री आज लेंगे मेडिकल कॉलेज का जायजा

देवरिया | निज संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शनिवार को होने वाले आगमन को लेकर शुक्रवार को युद्ध स्तर पर पूरे दिन तैयारी चलती रही। डीएम आशुतोष निरंजन अधिकारियों की टीम के साथ तैयारियों का जायजा लेते रहे। देर शाम तक मेडिकल कॉलेज और विकास भवन परिसर में सफाई आदि कराते हुए चाक चौबंद कर दिया गया। सीएम जिले में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने आ रहे हैं। 30 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिद्धार्थनगर से इस मेडिकल कॉलेज का वर्चुअल लोकार्पण करने वाले हैं।

सुबह से ही आला अफसर, कर्मचारी अन्य तैयारियां और सफाई व्यवस्था पूरा कराने में जुट गये। पुलिस लाइन के समीप पटरियों पर जेसीबी मशीन लगाकर उबड़-खाबड़ जमीनें सपाट कराई गईं। कई मजदूर यहां दीवारों की रंगाई-पुताई करने में भी व्यस्त रहे। ग्राम पंचायत के करीब सौ से अधिक सफाईकर्मियों से सफाई का काम कराया गया। इस दौरान पुलिस लाइन से लेकर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।

युद्धस्तर पर पीडब्ल्यूडी ने हेलीपैड तक सड़क बनाने का काम किया। इसमें भी पचास से अधिक मजदूर और जेसीबी मशीनें सड़क बनाने में जुटी रहीं। आस-पास के परिसर की सफाई कराते हुए यहां चूना, मैलाथियान आदि का छिड़काव भी हुआ। वहीं दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज के बाहर सुबह से शाम तक सड़क की पटरियों के दुरुस्तीकरण का काम भी चला।

भारी संख्या में यहां सफाईकर्मियों ने घास आदि साफ करते हुए सड़क पर बिखरी मिट्टीयों को हटाने का काम किया। जिला अस्पताल और पोस्टमार्टम चौराहा के कोने पर जेसीबी लगाकर मिट्टी बराबर कराई गई। वहीं मेडिकल कॉलेज के बाहर बेतरतीब हाल में बिखरे पेड़ की डालियों को काटकर दुरुस्त कर दिया गया।

**जिले में करीब डेढ़ घंटे रहेंगे मुख्यमंत्री:** मुख्यमंत्री जिले में करीब डेढ़ घंटे तक रहेंगे। प्रोटोकॉल के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ 24 जुलाई को हेलीकॉप्टर के माध्यम से दिन में 3 बजे देवरिया पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर उतरेंगे। इसके बाद वह कार से निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज पहुंचकर उसका निरीक्षण करेंगे। करीब 3:50 बजे सीएम विकास भवन के गांधी सभागार में पहुचेंगे। 4:30 बजे देवरिया पुलिस लाइन से हेलीकॉप्टर से गोरखपुर के लिये रवाना होंगे।



शनिवार को जिले में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हेलीपैड से पुलिस लाइन की सड़क तक आने के लिए शुक्रवार को नई सड़क के निर्माण में जुटे मजदूर।

### तैयारी

- पीडब्ल्यूडी ने हेलीपैड से पुलिस लाइन आने को बनाई सड़क
- जेसीबी मशीन से मेडिकल कॉलेज की पटरी कराई दुरुस्त

"मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए दूसरे जिलों से फोर्स नहीं आई है। जिले की ही फोर्स को ड्यूटी में लगाया गया है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त रहेगी।"
डॉ. श्रीपति मिश्र, एसपी, देवरिया

### सीएम की सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे सात सौ पुलिसकर्मी

देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेंगे। इसके लिए जिले के सभी थानेदारों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए 1 एएसपी, 6 सीओ, समेत दो दर्जन इस्पेक्टर, थानेदार और साढ़े छह सौ पुलिस कर्मी के साथ ही तीन कंपनी पीएसी लगाई गई है। जो पुलिस लाइन से लेकर मेडिकल कालेज, विकास भवन के साथ ही शहर की सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे।

### पुलिस लाइन से जीआईसी तक रहेगी चौकसी

मुख्यमंत्री हेलिकाप्टर से पुलिस लाइन में उतरेंगे। जहां से उन्हें सड़क मार्ग से मेडिकल कालेज में जाएंगे। इसके लिए सड़क के दोनों तरफ पुलिस बल सुरक्षा घेरा बनाकर रहेंगे, जिससे सीएम का एलीट के जाने के समय कोई भी सड़क क्रास न कर सकें। वह पुलसि लाइन, सिविल लाइन होते हुए विकास भवन पहुंचेंगे। कार्यक्रम समाप्त होने पर वापस इसी रास्ते डॉक बंगला पहुंचेंगे। इस दौरान सिविल लाइन रोड पर आवागमन ठप रहेगा।



पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर बैठक करते डीएम आशुतोष निरंजन और एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र। • हिन्दुस्तान

# डीएम-एसपी ने जिम्मेदारों को दिए दिशा निर्देश

देवरिया | निज संवाददाता

सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर डीएम आशुतोष निरंजन और एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसके बाद डीएम-एसपी ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए जिम्मेदारों को दिशा निर्देश भी दिया।

सीएम के आगमन को देखते हुए दोनों आला अफसरों ने तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कर्मचारियों और प्रशासनिक अफसरों के साथ विचार विमर्श किया। डीएम ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद होनी चाहिये। इसमें किसी भी स्तर पर कोई चूक न हो। एसपी ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी अपने-अपने तैनाती स्थल पर तत्परता से मुस्तैद रहेंगे। इसके उपरान्त दोनों अधिकारियों ने सीएम के कार्यक्रम स्थल मेडिकल कॉलेज पर पहुंचकर सभी प्वाइन्टों का निरीक्षण किया। वहां भी उन्होंने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। इसके साथ ही उनके तैनाती प्वाइन्टों के जिम्मेदारियों से अवगत भी कराया।

हिन्दुस्तान दि. 29/7/21

# गिरफ्तार शिक्षकों को रिमाण्ड पर लेकर एसआईटी ने की पूछताछ

देवरिया | निज संवाददाता

फर्जीवाड़े में गिरफ्तार तीनों शिक्षकों को रिमाण्ड पर लेकर एसआईटी ने शुक्रवार को पूछताछ की। न्यायालय ने जांच टीम को पांच घंटे के लिए उन्हें रिमाण्ड पर सौंपा था। पूछताछ के बाद एसआईटी ने फर्जीवाड़े से संबंधित अभिलेख भी खंगाले।

फर्जी अनुमोदन पर भुगतान के मामले में तीन शिक्षक, एक दलाल और एक कर्मचारी को पिछले दिनों एसटीएफ ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब सीओ सदर के नेतृत्व में एसआईटी की 15 सदस्यीय टीम मामले की जांच कर रही है। गुरुवार को एसआईटी ने जिला कारागार में पहुंच कर गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ किया था। एसआईटी के अध्यक्ष क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयस त्रिपाठी ने शुक्रवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट से रिमांड मांगा। दोनों पक्षों की अधिवक्ताओं को सुनने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रिया राय ने एसआईटी को ओम प्रकाश मिश्रा पुत्र लक्ष्मण मिश्र, अजीत उपाध्याय पुत्र स्व. सुशील कुमार उपाध्याय, राजकुमार मणि त्रिपाठी पुत्र स्व. शिवशंकर मणि को पांच घंटे की रिमांड दिया। तीनों बंदियों को न्यायालय लाया गया था जहां से एसआईटी उनको लेकर गाड़ी से निकल गई। गुप्त स्थान पर ले जाकर तीनों से उसने पूछताछ किया। इसके साथ ही अशासकीय सहायता प्राप्त पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में भी गई। इसके साथ ही एक मकान से भी कुछ पत्रावलियों को टीम ने बरामद किया है। सूत्रों की माने तो एसआईटी को बंदियों ने फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का सहयोग करने वाले बीएसए कार्यालय के कुछ कर्मचारियों के बारे में बताया है। ये कर्मचारी मोटी रकम लेने के बाद हर प्रकार की पत्रावली तैयार कर देते हैं। एसआईटी अब सभी साक्ष्यों को एकत्र कर रही है। रिमाण्ड पर पूछताछ के बाद एसआईटी ने देर शाम तीनों शिक्षकों को मजिस्ट्रेट के समझ पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## फर्जीवाड़ा

- न्यायालय ने पांच घंटे का दिया था रिमांड
- पूछताछ के बाद एसआईटी ने खंगाला रिकार्ड




## शिक्षक पर धोखाधड़ी समेत विविध धाराओं में केस

बरहज। कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहे एक आरोपी शिक्षक के खिलाफ बरहज पुलिस ने धोखाधड़ी समेत विविध धाराओं में केस दर्ज किया है। एसटीएफ की जांच में शिक्षक का नाम सामने आ चुका है। मामले में खंड शिक्षा अधिकारी बरहज की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज करने की कार्रवाई की है। बरहज विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरनौठा में सुनील कुमार सिंह सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। आरोप है कि वह शैक्षिक व अन्य अभिलेखों के आधार पर तथ्यों का गोपन कर धोखाधड़ी से षड्यंत्र करते हुए सहायक अध्यापक पद पर नौकरी प्राप्त किए हैं। बीईओ बरहज लक्ष्मी नारायण की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक सुनील कुमार सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक बरहज टीजे सिंह ने बताया है कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विविध धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

हिन्दुस्तान दि. 24/7/21

# थानों व पुलिस लाइन में शुरू हुआ बीपीओ सिस्टम

**देवरिया | निज संवाददाता**

सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने के लिए शुक्रवार से पुलिस महकमे ने बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली( बीपीओ सिस्टम ) की शुरूआत की। एसपी डॉक्टर श्रीपति मिश्र ने पुलिस लाइन में फीता काट कर इस प्रणाली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिले के थानों में भी आयोजन कर लोगों को इस प्रणाली के बारे में बताया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण ने बीट पुस्तिका का भी विमोचन किया।




पुलिस लाइन में बीट पुलिस प्रणाली का शुभारंभ करते एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र व अन्य अधिकारी।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थानों, कोतवाली में बीट पुलिस अधिकारी को नियुक्त किया गया है। इस व्यवस्था में बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो गयी है। एसपी ने कहा कि बीपीओ अपने क्षेत्र में प्रार्थना पत्रों का सत्यापन, 117/116 दंप्रसं के निरोधात्मक कार्यवाही, चरित्र सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग समेत सभी कार्य करेंगे। बीट आरक्षी/मुख्य आरक्षी को अपने बीट क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मौजूद रहकर वहां के संभ्रान्त लोगों से नियमित संप्रक में रहेंगे तथा उनका एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाएंगें। गांव के पंचायत भवन एवं प्राथमिक विद्यालयों पर संबन्धित बीट पुलिस अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर अंकित कराये गये हैं। साथ ही समस्त बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत अपने नाम एवं मोबाईल नम्बर का पम्पलेट बनाकर चस्पा किये जा रहे है। वहीं दूसरी तरफ बीट पुलिस अधिकारी के लगातार अपने क्षेत्र में जाने से पुलिस एवं जनता के मध्य एक मित्रवत संबन्ध स्थापित होगा और वह उनके सुख-दुख के साथी के रूप में भी बीट पुलिस अधिकारी की सहभागिता होगी। महिला आरक्षियों को भी बीट क्षेत्र आवंटित करते हुए उन्हें भी क्षेत्र में जाने हेतु निर्देश दिया गया है। इसका सीधा फायदा आधी आबादी अर्थात महिला फरियादियों को होगा क्योंकि अब वे अपनी समस्या महिला आरक्षियों को बेझिझक बता सकेंगी और इसके लिए उन्हें थाने जाने की भी जरूरत नहीं होगी।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अम्बिका, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर कपिलमुनि, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी पंचमलाल, क्षेत्राधिकारी बरहज देवानन्द, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, बीट पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## निर्देश

- बीट पुलिस अधिकारी को क्षेत्र में रहना होगा मुस्तैद, होगी जवाबदेही
- सत्यापन व शांतिभंग के साथ ही हिस्ट्रीशीटरों की करेंगे निगरानी
- पंचायत भवन पर बीट आरक्षी का दर्ज होगा मोबाइल नम्बर

हिन्दुस्तान दि. 24/5/21

# 25 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

देवरिया | निज संवाददाता

गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज होने के बाद शातिर बदमाश फरार चल रहा था, उस पर एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। बरियारपुर पुलिस ने फरार 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को शहर के चकियवा ढाला के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश से गिरोह के बारे में पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया।

थानाध्यक्ष बरियारपुर दीपक कुमार शुक्रवार को पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि फरार इनामी बदमाश शहर के चकियवा ढाला पर किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर सक्रिय हुए थानेदार ने तत्काल पुलिस टीम के

## सफलता

- मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही बदमाश चल रहा था फरार
- हरेराम सोनकर निवासी डिहवा थाना बहरज को गिरफ्तार किया

साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के चकियवा ढ़ाला के पास पहुंच कर बदमाश की घेराबंदी कर दिया। पुलिस ने मौके से फरार इनामी बदमाश हरेराम सोनकर पुत्र शिवनाथ सोनकर निवासी डिहवा थाना बरहज के गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाश से गिरोह के बारे में लम्बी पूछताछ किया। अभियुक्त बरियारपुर थाने पर गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित चल रहा था। उस पर पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

दैनिक जागरण दि. 24/7/21

# चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस की निगाहें

जागरण संवाददाता, देवरियाः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त होगी। दो एएसपी के साथ ही छह सीओ, 24 इंस्पेक्टर, 48 दारोगा समेत कुल 684 पुलिसकर्मी सुरक्षा की कमान संभालेंगे।

**सुरक्षा व्यवस्था**

- दो एएसपी, छह सीओ समेत रहेंगे 684 पुलिसकर्मी
- 24 इंस्पेक्टर और 48 दारोगा की लगाई गई है ड्यूटी

सुरक्षा व्यवस्था एएसपी राजेश कुमार सोनकर के अलावा गैर जनपद से आ रहे एएसपी देखेंगे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के साथ ही छह सीओ, 24 इंस्पेक्टर, 48 दारोगा, 70 हेड कांस्टेबल, 381 कांस्टेबल, 98 महिला कांस्टेबल, पीएसी व कुल 784 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी संपूर्ण कार्यक्रम के साथ ही यातायात व्यवस्था, रुद्रपुर सीओ अंबिका राम हेलीपैड व पुलिस परेड ग्राउंड की सुरक्षा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी शंकर शरण राय कारकेड व्यवस्था, सीओ भाटपाररानी पंचमलाल कार्यक्रम स्थल मेडिकल कालेज, सीओ सलेमपुर कपिलमुनी सिंह गांधी सभागार विकास भवन, सीओ बरहज देवानंद संपूर्ण मार्ग व्यवस्था देखेंगे।

शहर कोतवाल राजू सिंह संपूर्ण कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था, सलेमपुर कोतवाल नवीन मिश्र हैलीपैड, थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह खामपार हैलीपैड सुरक्षा, प्रभारी निरीक्षक श्यामानंद राय एंटी डेमो स्क्वायड, थानाध्यक्ष खुखुंदू अनिल यादव लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन, गौरीबाजार के प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय मेडिकल कालेज, भलुअनी सुदेश शर्मा, लार प्रदीप शर्मा, थानाध्यक्ष बरियारपुर दीपक कुमार, महुआडीह राम मोहन सिंह मेडिकल कालेज पर सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे। प्रभारी थाना मईल दुर्गा प्रसाद पांडेय महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में रहेंगे। इसी प्रकार अन्य जगहों पर ड्यटी लगाई गई है।

दैनिक जागरण दि. 24/7/21

# दुकानों पर छापेमारी, दुकानदारों से नोकझोंक

जागरण संवाददाता, देवरियाः जिंस बनाने वाली ब्रांडेड कंपनी के प्रतिनिधि ने शहर के रेडीमेड होजरी की कई दुकानों पर पुलिस बल के साथ छापेमारी की। उन्होंने ब्रांडेड कंपनी की आड में डुप्लीकेट जिंस पैंट बेचने का आरोप लगाते हुए कुछ नमूने कब्जे में ले लिया। जिसको लेकर दुकानदारों से नोकझोंक हुई। इसके विरोध में रेडीमेड एवं होजरी एसोसिएशन के पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे। कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया।

**बवाल**

- डुप्लीकेट जिंस पैंट बेचने की शिकायत पर पहुंचे अधिकारी
- दुकानदारों ने दुर्व्यवहार करने व बिना पैसा दिए जिंस पैंट लाने की शिकायत की

ब्रांडेड जिंस बनाने वाली कंपनी के अधिकारियों को सूचना मिल रही थी कि शहर में कई जगहों पर कंपनी के नाम पर डुप्लीकेट जिंस पैंट की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इससे कंपनी को चपत लग रही है। कंपनी के अधिकारी जेके जैन ने कोतवाली पुलिस के सहयोग से शापिंग माल व शहर के दुकानों पर छापेमारी की। उन्होंने जिंस पैंट को कब्जे में ले लिया। इसके विरोध में रेडीमेड एवं होजरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चंद सिंह की अगुवाई में व्यापारी लामबंद होकर सदर कोतवाली पहुंचे। कंपनी के अधिकारी पर दुर्व्यवहार करने व जिंस पैंट जबरन उठाकर लाने का आरोप लगाया। बिना सील किए व पेमेंट किए माल लाने पर आपत्ति की। पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक को से शिकायत कर कंपनी के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाली में व्यापारी नेता योगेश सिंह, अमित मोदनवाल, अखिलेश जायसवाल, विष्णु अग्रवाल, रमेश चंद्र तिवारी, जीवनलाल बरनवाल आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि. 24/4/24

# मामूली बात पर किशोर को पीटकर किया घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

**देसही देवरिया।** महुआडीह थानाक्षेत्र के एक गांव में मामूली सी बात पर नाराज युवकों ने लामबंद होकर भाजपा कार्यकर्ता के बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। आरोपी धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

महुआडीह थानाक्षेत्र के बरारी द्वितीय गांव के रहने वाले रमाशंकर सिंह भाजपा कार्यकर्ता हैं। बृहस्पतिवार की शाम को उनका बेटा शाहिल (15) साथियों के साथ गांव के बाहर शौच करने के लिए गया था। रमाशंकर का आरोप है कि गांव के कुछ युवकों ने उनके बेटे के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर शाहिल को लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। शाहिल की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव किया। शाहिल को काफी चोटें आई हैं। रमाशंकर का आरोप है कि भाजपा के पक्ष में उनके प्रचार किए जाने से गांव के कुछ लोग नाराज हैं।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

# जिले में बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली का शुभारंभ

पडरौना | निज संवाददाता

एसपी सचिन्द्र पटेल ने शुक्रवार को पुलिस लाइन के मीटिंग हाल में बीट पुलिस प्रणाली का शुभारंभ किया। बीट प्रणाली के तहत पूरे जिले को 738 बीटों में विभाजित किया गया है। इन बीटों की जिम्मेदारी बीट पुलिस अधिकारी के रूप में कुल 830 मुख्य आरक्षी और आरक्षी संभालेंगे।

कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के साथ बीट व्यवस्था को मजबूत और प्रभावशाली बनाने में बीट पुलिस अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एडीजी जोन व पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र ने निर्देश सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्रों को बीट प्रणाली के अन्तर्गत विभाजित कर बीट व्यवस्था को सुदृढ बनायें। शुक्रवार को बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों को कुल 738 बीटों में विभाजित किया गया है। इसमें कुल 830 बीट पुलिस अधिकारी के रुप में मुख्य आरक्षी और आरक्षी को नियुक्त किया गया है। एसपी ने बताया कि बीट पुलिस अधिकारी जनशिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच, 107/116 सीआरपीसी के निरोधात्मक कार्रवाई, चरित्र सत्यापन से संबंधित कार्य, हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग, एचएस, टाप-10, एक्टिव लिस्ट व विगत तीन वर्षों में जेल से छूटे अपराधियों आदि की निगरानी रखेंगे। बीट पुलिस अधिकारियों को अपने बीट क्षेत्र में मौजूद रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से संपर्क में रहने, उनका एक व्हाट्एप ग्रुप बनाये जाने एवं सी-प्लान एप का समुचित उपयोग करने का निर्देश दिया गया है।

## सहूलियत

- कुल 738 बीटों में जिले को किया गया है विभाजित
- इन बीटों में जिम्मेदारी संभालेंगे 830 बीट पुलिस अधिकारी



शुक्रवार को बीट पुलिस प्रणाली का शुभारंभ करते एसपी सचिन्द्र पटेल।

## महिला आरक्षियों को भी आवंटित होगी बीट

एसपी ने बताया कि सभी थानाध्यक्षों को महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिला आरक्षियों को बीट क्षेत्र आवंटित करने व उन्हें बीट क्षेत्रों में जाने को निर्देश दिया गया है, जिससे महिला फरियादियों को अपनी समस्या आरक्षियों को बताने में सहायता मिल सके व उन्हें थाने जाने की भी आवश्यकता न हो। समस्त थानों पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है जो 24 घंटे क्रियाशील रहती है।

# तमकुहीरोड स्टेशन पर मिला लापता बालक

राजापाकड़ | **हिन्दुस्तान संवाद**

तुर्कपट्टी के ग्राम बरवा राजापाकड़ के लक्ष्मीपुर टोला निवासी एक 13 वर्षीय बालक गुरुवार को दोपहर में घर से लापता हो गया था। देर शाम को बालक बीमार हालत में तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन पर मिला। देर रात बालक की तबीयत और बिगड़ जाने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे गोरखपुर रेफर कर दिया।

गांव निवासी अजय पटेल का पुत्र हिमांशु पटेल ( 13 ) घरवालों को बिना बताए कहीं चला गया। शाम सात बजे तक घर नहीं आया तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। शाम आठ बजे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। पुलिस व ग्रामीण खोजबीन में जुट गए। शाम करीब नौ बजे तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों के पास एक बालक देखे जाने की सूचना पर परिजन व एचसीपी विश्वनाथ ठकुराई मौके पर पहुंचे। पूछताछ में बालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने उसे परिजनों के हवाले कर दिया। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उसे सांस लेने में तकलीफ व सीने में दर्द हुआ। स्थिति गंभीर देख परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे एक बार फिर हिमांशु की तबीयत बिगड़ गई। चिकित्सकों ने उसे गोरखपुर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आनंद गुप्ता ने बताया कि बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# अब हर गांव में होगी पुलिस की उपस्थिति

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के थानों और चौकियों में भी बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली लागू कर दिया गया है। एसपी सचिन्द्र पटेल ने चुस्त पुलिसिंग के तहत शुक्रवार को पुलिस लाइन में बीट सिस्टम का शुभारंभ किया। कहा कि इससे पुलिस का दायित्व बढ़ेगा, साथ ही लापरवाही पर अब कार्रवाई की गाज भी गिरेगी। एसपी ने थानेदारों, चौकी प्रभारियों को यह समझाया कि नए सिस्टम से अब बीट पुलिस अधिकारियों को अपने इलाकों की जानकारी रखने के साथ सारी गतिविधियों पर भी नजर रखनी होगी।

एसपी ने बताया कि बीट बांटने के अलावा संबंधित बीट का वाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है। इसमें पुलिस मित्र और ऐसे नागरिक, जो कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण के लिए हमेशा सक्रिय योगदान देते हैं, उन्हें जोड़ा गया है।

ग्रुप में प्राप्त शिकायत, सूचना की कंप्यूटर में एंट्री भी की जाएगी और तत्काल पुलिस कार्रवाई होगी। ग्रुप में पर्यवेक्षण अधिकारी भी जुड़े रहेंगे, जो बीट की कार्यप्रणाली पर सतत निगाह रखकर मार्गदर्शन देंगे।

**जिले में बने कुल 738 बीट:** बीट व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए शुरू बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली के तहत जिले के सभी 18 थानों क्षेत्रों को 738 बीट में विभाजित कर कुल 830 बीट पुलिस अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।




पुलिस लाइन में बीट प्रणाली का शुभारंभ करते एसपी सचिंद्र पटेल बाएं ● जागरण

## यह होगी जिम्मेदारी

- प्रार्थना-पत्रों की जांच-सत्यापन
- निरोधात्मक कार्रवाई
- चरित्र सत्यापन
- हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग
- टाप टेन व जमानत पाए बदमाशों पर नजर
- क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क तथा उनका व्हाट्सएप ग्रुप बना सी-प्लान एप की जानकारी देना
- महिला अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई

## सामुदायिक पुलिसिंग को मिलेगा बढ़ावा

एसपी ने बताया कि पूर्व में थानों में स्टाफ के हिसाब से काम होता था। अक्सर पुलिस अधिकांश गांवों में पहुंच भी नहीं पाती थी। अब बीट सिस्टम में हर गांव में पुलिस की उपस्थिति होगी। सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा मिलेगा। खास बात यह कि पुलिस जिले में सामुदायिक पुलिसिंग को लेकर गांव-गांव पहुंच रही है और कई जगह खेलकूद के साथ अन्य कार्यक्रम कर रही है। इससे पुलिस नागरिक संबंध और मजबूत होंगे, जिसका असर होगा कि कानून व्यवस्था और चाक चौबंद होगा।

# ड्रोन कैमरों से रखी जाएगी तस्करों पर नजर

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** शराब तस्करों की अब खैर नहीं होगी। इन पर नजर रखने के लिए बिहार बार्डर से लगने वाले थानों को ड्रोन कैमरे से लैस किया जाएगा। दूर-दराज के इलाकों में इसकी मदद से शराब के निर्माण और बिक्री पर भी नजर रखी जा सकेगी। कुशीनगर पुलिस ने इसे लेकर प्रयास शुरू कर दिया है। जल्द ही यह व्यवस्था अमल में होगी और शराब तस्कर सलाखों के पीछे।

अप्रैल 2016 से बिहार में पूर्ण शराबबंदी है। इसके बाद से ही बिहार में शराब तस्करी का धंधा चोरी-छिपे होता है। जिले की पुलिस आबकारी विभाग के साथ मिलकर शराब के अवैध धंधे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। तमाम कोशिशों के बावजूद पुलिस को बिहार से लगने वाले खड्डा, हनुमानगंज, तरयासुजान, पटहेरवा, सेवरही इलाकों में नजर रखने में दिक्कत होती है। जब तक पुलिस पहुंचती है शराब तस्कर भाग जाते हैं। यही वजह है कि पुलिस ड्रोन कैमरे से इस पर अंकुश लगाने की कवायद में जुटी है। इसे लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। बार्डर के क्षेत्रों में शराब का निर्माण और बिक्री पर नजर रखने में भी ड्रोन कैमरा काफी कारगर होगा।

## शराब तस्करी

- बिहार के निकट वाले इलाकों में की जाएगी की निगरानी
- तीन से पांच किलोमीटर तक की गतिविधियों की मिलेगी सूचना

### एक घंटे की होगी उड़ान क्षमता



बार्डर इलाकों में जिन ड्रोन कैमरों से पुलिस शराब तस्करों पर नजर रखेगी उसके लिए मानक तय किए गए हैं। इसके तहत ड्रोन की उड़ान क्षमता करीब एक घंटे की होगी। वहीं इसकी रेंज लगभग तीन से पांच किलोमीटर की होगी। यानी ड्रोन जब उड़ाया जाएगा तो यह उड़ान की जगह से 5 किलोमीटर दूर तक जा सकेगा और कम से कम एक घंटे तक आसमान में रहेगा। ड्रोन उच्च गुणवत्ता वाले कैमरों से लैस रहेगा, जिसकी मदद से जमीन पर होने वाली गतिविधियों को आसानी से देखा जा सकेगा। इसके अलावा लोकेशन के लिए ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) की भी सुविधा होगी।

> शराब तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। इस दिशा में निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। बिहार से लगने वाले इलाकों में विशेष सजगता बरती जा रही है। अब ड्रोन कैमरे की मदद ली जाएगी, इसे लेकर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। **सचिंद्र पटेल,** एसपी



# वाहन से मांस बरामद, चार हिरासत में

**जासं. मथौलीबाजार:** कप्तानगंज पुलिस ने क्षेत्र के अजीजनगर चौराहे के समीप हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर शुक्रवार रात को एक वाहन से दो बोरों में रखा मांस बरामद कर चार युवकों को हिरासत में ले लिया।

रात करीब नौ बजे दारोगा संदीप वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर अजीजनगर चौराहे के समीप वाहनों की जांच कर रही थी।

इस बीच हाटा की तरफ से आए वाहन की तलाशी के दौरान उसमें रखे दो बोरे में मांस मिला। पुलिस टीम ने वाहन सवार चार युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उनकी पहचान सिराज, मुहम्मद जैद व अलाउद्दीन निवासी व थाना सिसवाबाजार जिला महराजगंज व सहालम निवासी कस्बा रामकोला थाना रामकोला जिला कुशीनगर के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने बताया कि मांस का नमूना जांच के लिए भेजा जा रहा है।

# लावारिस हाल में मिला गायब किशोर, अस्पताल में भर्ती

**जागरण संवाददाता, राजापाकड़ :** तुर्कपट्टी थाना के बरवा राजापाकड़ के 13 वर्षीय हिमांशु पटेल गुरुवार को दिन में एक बजे स्वजन को बिना बताए कहीं चला गया। रात आठ बजे तक तलाश में जुटे स्वजन ने पुलिस को सूचना दी। एचसीपी विश्वनाथ ठकुराई के नेतृत्व पुलिस उसकी तलाश में जुटी रही। रात करीब साढ़े नौ बजे हिमांशु तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन के पास भांग की झाड़ियों के किनारे अस्त-व्यस्त हालत में मिला।

पुलिस ने पूछताछ की तो वह कुछ भी बता पाने में असमर्थ था। पुलिस ने स्वजन के सुपुर्द कर दिया। रात्रि करीब 11 बजे घर लाया गया तो उसकी तबीयत खराब हो गई। सांस लेने में तकलीफ होने पर स्वजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां आक्सीजन सपोर्ट देने के साथ चिकित्सकों ने इलाज शुरु कर दिया। शुक्रवार की भोर में अत्यधिक तबीयत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। गोरखपुर में इलाज चल रहा है। एसएचओ आनंद गुप्ता ने बताया कि गायब किशोर को सकुशल बरामद कर स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया। घर जाने पर तबीयत बिगड़ी, इसकी जानकारी मुझे नहीं है, पता करवा रहा हूं।

# मारपीट के आरोप में प्रेमी हिरासत में

**खड्डा:** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले प्रेमी को प्रेमिका के स्वजन पर मारपीट का आरोप लगा डायल 112 पुलिस को सूचना देना महंगा पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस प्रेमिका के स्वजन से पूछताछ करने लगी तो उन्होंने बताया कि आरोपित युवक रात घर में घुसकर मोबाइल तोड़ दिया है और अभद्र व्यवहार किया है। उसके बाद पुलिस प्रेमी को हिरासत में लेकर थाने चली गई। एसएचओ पंकज गुप्ता ने बताया कि मारपीट के मामले में डायल 112 की टीम एक युवक को थाने लाई है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# प्रतिबंधित मांस के साथ चार लोग पकड़े गए

**मथौली बाजार।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अजीजनगर चौराहे के पास पुलिस ने एक संदिग्ध लग्जरी कार को रोक कर तलाशी ली। उसमें लगभग दो क्विंटल प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। कार में चार लोग सवार थे। पुलिस उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इनका नाम सिराज, मोहम्मद जैद और अलाउद्दीन है, जो महराजगंज के निवासी हैं। चौथा व्यक्ति सहालम रामकोला का निवासी है। संवाद

# स्नान कर रही महिला को देखने के आरोप में युवक पर मुकदमा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**खड्डा।** अपने घर के आंगन में स्नान कर रही महिला को छत से देखना पड़ोसी को भारी पड़ गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला अपने घर के ऑंगन में स्नान कर रही थी। उसी समय उनका पड़ोसी अपने छत पर चढ़कर उन्हें देखने लगा। महिला को जब इस बात का पता चला तो उसने इस पर एतराज जताया। इसके बाद भी युवक वह से नहीं हटा। इस बात को लेकर कहासुनी और बाद में मारपीट हो गई। इस घटना में महिला घायल हो गई। इसके बाद महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# घर पुलिस ने दबिश दी

**डिबनी बंजरवा।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के लतवा मुरलीधर निवासी एक गो तस्कर को पकड़ने के लिए पुलिस ने दबिश दी। इसकी जानकारी होते ही तस्कर वहां से फरार हो गया। पुलिस मौके से एक बाइक बरामद कर थाने ले गई।

बहादुरपुर पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी तस्कर के खिलाफ बस्ती जिले एक थाने में गो तस्करी के मामले में केस दर्ज है। शुक्रवार को उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दबिश दी, लेकिन आरोपी भाग निकला। पुलिस उसके दरवाजे पर खड़ी बाइक को थाने ले आई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आगे भी दबिश दी जाएगी। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

# पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बीट प्रणाली मजबूत करने का दिया निर्देश

■ आनन्दनगर ।

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

फरेन्दा कोतवाली पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दूबे द्वारा एक गोष्ठी के माध्यम से आने वाले फरेन्दा सर्किल के समस्त पुलिसकर्मियों को बीट प्रणाली सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार फरेन्दा कोतवाली पर फरेन्दा पुलिस सर्किल क्षेत्र के समस्त पुलिस कर्मियों को एक गोष्ठी के माध्यम से पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दूबे ने बीट प्रणाली सुदृढ़ करने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपने बीट के ग्रामों के पंचायत भवन पर बीट पुलिस अधिकारी का कार्यालय बनाने तथा जनता से निरन्तर समन्वय स्थापित करें। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि अपराध नियंत्रण एवं अभिसूचना संकलित करने के लिए सरकारी मानदेय प्राप्त लोगों व पुलिस पेंशनर एवं अन्य विभागों के पेंशनर से समन्वय स्थापित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस जो है वह जनता के मित्र के रुप में कार्य करें। पुलिस का कही भी आम जन के बीच में भय या डर न हो डर केवल अपराधी किस्म के लोगों व समाज में वांछित व्यक्तियों के बीच होना चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर अपने मोबाइल नम्बर को लिखवा दे तथा हल्के में कम से कम दो दिन जाकर जनता के बीच समन्वय स्थापित करें। आदि तमाम प्रकरणों में बीट पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजती पुलिस।**

**पुरन्दरपुर।** पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मिले मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त को भागते समय सोहरवलिया कला से लगभग 11 बजे पुरन्दरपुर प्रभारी निरीक्षक रवि राय व उनके टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत वांछित एक अभियुक्त वारन्टी था मुकदमा संख्या 11-03-2020 धारा 34,323,504,352,326,304 भादवि में गिरफ्तार किया गया। पुरन्दरपुर थानाध्यक्ष रवि राय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक वीरेन्द्र बहादुर राय, कांस्टेबल मनीष पटेल के टीम द्वारा वांछित अभियुक्त सुजित कुमार पुत्र रामचल निवासी सोहरवलिया कला थाना पुरन्दरपुर को जरिये मुखबिर की सूचना पर सोहरवलिया कला से करीब 11 बजे गिरफ्तार किया गया। जिसके ऊपर विभिन्न धाराएं लम्बित थी और वारन्टी अभियुक्त था।

# एसपी ने किया लूट का खुलासा




घटना का खुलासा करते एसपी व गिरफतार अभियुक्त।

**महराजगंज।** जनपद की घुघली पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा कर कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने लूट में शामिल दोआरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे 10500 रुपया नकद व एक तमंचा व एक खोखा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों कोभा.द.वि.की धारा 419,420, 392, 411 , 307 व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत चालान न्यायालय कर दिया है। इसका खुलासा पत्रकार वार्ता के दौरान तथागत सभागार में पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने किया। पुलिस अधीक्षक श्री गुप्त ने बताया कि 30 जून को घुघली थाना क्षेत्र के बारीगांव स्टेट बैंक से थाना क्षेथ के मेदनीपुर टोला नरायनपुर निवासी वृद्ध मूरत साहनी पैसा निकाल रहे थे। फार्म भरते समय आरोपियोंने उनका मोबाईल नम्बर नोट कर लिया। इस दौरान उपभोक्ता जब साईकिल से अपना पैसा लेकर हरखी - जखीरा केतरफ जा रहा था कि दोनों आरोपी मोटसाईकिल से पीछा करते उसके मोबाईल पर बताया कि बारीगांव से बैंक मैनेजर बोल रहा हू। साथ ही कहा कि गलती से तीस हजार की जगह 50 हजार लेकर चले गये है। ऐसे में आप जहां है वहीं रुकिएं वेअपना आदमी भेज रहा है। इसके बाद दोनों आरोपी मूरत के पास पहुंचे और उनका मोबाईल नम्बर लेकर अपना नम्बर डिलिट कर दिये तथा उनसे तीस हजार रुपया लूट कर भाग गये। इस मामले में पुलिस पीडित की तहरीर पर मु कदमा दर्ज कर जांच में जूटी थी। इसी दौरान शुक्रवार को थानाध्यक्ष घुघली अशोक कुमार मुखबीर से सूचना मिली की बारीगांव लूट कांड के दो संदिग्ध आरोपी मठिया बसंतपुर मार्ग से अवैध समान के साथ मंगलपुर पटखौली की तरफ जा रहे है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष ने जनपदीय स्वाट टीम को अवगत कराया और खुद उस स्थान पर पहुंच गये। पुलिस आरोपियों का इंतजार कर ही रही थी की एक मोटरसाईकिल दो व्यक्ति आते दिखायी दिये। पुलिस ने उन्हे टार्च दिखाकर रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान पीछे बैठे व्यक्ति ने कट्टे से फायर कर दिया और गाडी मोड कर भागने का प्रयास किये लेकिन बरसात के कारण पैर फिसल गया और पुलिस ने उन्हे पकड लिया। पकडे गये आरोपियों से पूछ-ताछ करने पर एक ने अपना नाम पता कुशीनगर जिले के कसया थाना क्षेत्र के अंधया बाजारी टोला रामू खरवार व दुसरे दिलीप कुशवाहा बताया। जमा तलाशी के दौरान रामू के कब्जे से 63 सौ रुपया नकद एक तमंचा एक जिंदा कारतूश व एक खोखा तथा दिलीप के कब्जे से 42 सौ रुपये दो मोबाईल व एक मोटरसाईकिल बरामद हुआ।

# बीट सिस्टम प्रणाली का एसपी ने किया शुभारम्भ

**महराजगंज (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक कार्यलय में पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता आधुनिक बीट सिस्टम प्रणाली का क्रिएटिव रिलीज कर शुभारम्भ किया ।अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर के आदेश के क्रम में जनपद मेंपुलिस की सहायता आमजन तक सहजता से पहुंचाने तथा जनता की समस्याओं का जल्द निस्तारण कराने के क्रम मेंयह काफी लाभ दायक होगा । इस सिस्टम का उद्घाट न जनपद के सभी थानों पर भी किया गया ।

पुलिस अधीक्षक ने जनपद के विभिन्न थानो से आये हुये बीट उप निरीक्षक व बीट पुलिस अधिकारियो से कहा कि इस अभियान के तहत पुलिस की सबसे छोटी एवं महत्वपूर्ण इकाई बीट आरक्षी को प्रमुखता देते हुए अभियान चलाया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी को उनके बीट का चार्ज दिया जा रहा है। बीट आरक्षी द्वारा बीट क्षेत्र में रहकर आमजन से सम्पर्क स्थापित किया जायेगा तथा बीट क्षेत्र के शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच बीट आरक्षी द्वारा की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के क्रम में बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने बीट क्षेत्र में जगह-जगह पर फोन नम्बर व फोटो युक्त पोस्टर लगवाये गये हैं। इससे आम जनता बीट पुलिस अधिकारी से आसानी से सम्पर्क स्थापित करते हुए अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। साथ ही बीट पुलिस अधिकारियो से वार्ता कर बीट क्षेत्र मे आने वाली समस्याओ एवं सुझावो के बारे मे जानकारी प्राप्त की गयी एवं उसके निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अन्त मे बीट पुलिस

## 11 महिलाओं का शांतिभंग में चालान

**फरेंदा।** फरेंदा क्षेत्र के मथुरानगर टोला भारीवैसी में पुरानी जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों की महिलाओं में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष से सात व दूसरे पक्ष से चार महिलाओं को पकड़कर थाने लाई। सभी 11 महिलाओं का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

## फरार हुआ आरोपी पकड़ा गया, जेल

**पुरंदरपुर।** पुरंदरपुर क्षेत्र के सोहरवलिया कला निवासी गैर इरादतन हत्या के फरार चल रहा आरोपी सुजीत कुमार को एसओ रवि कुमार राय ने गिरफ्तार कर लिया। एसओ ने बताया कि काफी दिनों से आरोपी की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया।

# आधा किलो गांजा के साथ एक दबोचा

**नौतनवा।** नौतनवा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित छपवा टोल प्लाजा के निकट एसआई गौरव यादव ने एक युवक को 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

छपवा चौकी प्रभारी गौरव यादव ने बताया कि गुरुवार की शाम ग्रामीण क्षेत्रों की तरफ गश्त पर निकले थे। जब वह छपवा टोल प्लाजा के निकट पहुंचे तो उन्हें एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में दिखा। जब उसे पूछताछ के लिए रोकने की कोशिश की गई तो वह भागने लगा। उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। एसओ राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने अपना नाम अनिल कुमार निवासी गांधीनगर कस्बा नौतनवा बताया।

# नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार

**निचलौल।** शितलापुर चौकी इंचार्ज राजेन्द्र कुमार सिंह की टीम ने शुक्रवार को रेंगहिया नहर पुल पर एक व्यक्ति को 15 शीशी नेपाली शराब के साथ पकड़ लिया। पकड़ा गया व्यक्ति दयानंद निवासी ग्राम शितलापुर खेसरहा झोले में शराब लेकर नेपाल की ओर से आ रहा था। पुलिस ने शराब को सीज कर उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट में कार्रवाई किया है।

# लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार किए गए

महराजगंज | **वरिष्ठ संवाददाता**

घुघली क्षेत्र में बीते 30 जून को एक बुजुर्ग के साथ हुई 30 हजार रुपये की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में दो आरोपी पकड़े गए हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने असलहा, बाइक व लूट का 10500 रुपये बरामद किया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए एक बदमाश ने पुलिस टीम पर कट्टे से फायर झोंक दिया था।

एसपी प्रदीप गुप्ता ने खुलासा करते हुए बताया कि बीते 30 जून को मेदनीपुर नारायण टोला निवासी बुजुर्ग मूरत साहनी बारीगांव एसबीआई में कैश निकालने गया था। फार्म भरते समय बदमाशों ने उसका मोबाइल नंबर नोट कर लिया था। जब बुजुर्ग साइकिल से अपना पैसा लेकर जखीरा हरकी की तरफ जाने लगा तो दोनों आरोपी बाइक से पीछा करके उसके मोबाइल पर फोन किया। कहा कि वह बारीगांव से बैंक मैनेजर बोल रहा है। आप 30 हजार की जगह गलती से 50 हजार लेकर चले गए हैं। जहां हैं, वहीं रुकिए, मैं आदमी भेज रहा हूं। कुछ ही देर बाद दोनों वहां पहुंचे और बुजुर्ग के हाथ से मोबाइल लेकर अपना नंबर डिलीट कर दिया और उसके पास मौजूद 30 हजार रुपये लूटकर भाग निकले।

इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी थी। एसपी ने बताया कि एसओ अशोक कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि बारीगांव लूटकांड के आरोपी बसंतपुर मठिया की तरफ से मंगलपुर पटखौली की ओर जा रहे हैं। इस सूचना पर एसओ ने बाइक सवार आ रहे दो लोगों को रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक पर पीछे बैठे शख्स ने जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर कर दिया। फिर वे गाड़ी मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन बरसात के कारण गाड़ी फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया।

पूछताछ में एक ने अपना नाम रामू खरवार व दूसरे ने दिलीप कुशवाहा बताया। दोनों कुशीनगर के कसया थाना क्षेत्र के अंध्या बारी टोला के रहने वाले हैं। तलाशी में उनके पास से एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूसएक खोखा, एक बाइक व 10500 रुपये नगद मिला।

### सफलता

- घुघली के बारीगांव बैंक से कैश निकालकर जा रहे बुजुर्ग से 30 हजार की लूट हुई थी
- बैंक मैनेजर बन झांसा देकर रोका था, लूट के बाद बाइक से फरार हुए थे



एसपी प्रदीप गुप्ता ने घुघली के बारीगांव के पास हुए लूटकांड का शुक्रवार को खुलासा किया।

### पुलिस पर फायरिंग के बाद बढ़ाई गई धारा

पुलिस टीम पर फायरिंग तथा बरामदगी के बाद पहले से दर्ज मामले में धाराएं बढ़ाई गई। पुलिस ने हत्या के प्रयास धारा 307 व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर दोनों का चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ के साथ इंस्पेक्टर शशांख शेखर राय, आशुतोष कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल हेमंत शुक्ला व विनोद राव शामिल रहे।

# शुभारंभ : सभी थानों में आधुनिक बीट सिस्टम हुआ लागू

### व्यवस्था

महराजगंज | **वरिष्ठ संवाददाता**

एडीजी गोरखपुर जोन के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को एसपी प्रदीप गुप्ता ने महराजगंज जिले में आधुनिक बीट सिस्टम का शुभारंभ किया। सबसे छोटी व अहम इकाई बीट आरक्षियों को प्रमुखता देकर अपराध नियंत्रण पर बल दिया और बीट आरक्षियों में बीट बुक का वितरण किया।

एडीजी के आदेश के क्रम में पुलिस ने आम जन तक सहजता से पहुंचने तथा लोगों की समस्याओं को जल्द निस्तारण करने के लिए इस प्रणाली का शुभारंभ किया। पुलिस कार्यालय पर एसपी ने इसका शुभारंभ किया, तो सभी थानों पर इस सिस्टम को लागू किया गया। सभी जगहों पर इस सिस्टम का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। एसपी ने विभिन्न थानों से आए बीट उप निरीक्षक व बीट आरक्षियों को संबोधित किया। बीट बुक का वितरण करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत पुलिस की सबसे छोटी लेकिन सबसे अहम इकाई बीट आरक्षी को प्रमुखता देते हुए अभियान चलाया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी को उनके बीट का चार्ज दिया जा रहा है। बीट आरक्षी द्वारा बीट क्षेत्र में रहकर आमजन से सम्पर्क स्थापित किया जाएगा तथा बीट क्षेत्र के शिकायती प्रार्थना पत्रों की जाँच बीट आरक्षी द्वारा की जाएगी। इस अभियान के क्रम में बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने बीट क्षेत्र में जगह-जगह पर फोन नम्बर व फोटो युक्त पोस्टर लगवाये गये हैं, जिससे आम जनता बीट पुलिस अधिकारी से आसानी से सम्पर्क स्थापित करते हुए अपनी समस्याओं का समाधान करा सके।

इस दौरान एसपी ने बीट पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर बीट क्षेत्र में आने वाली समस्याओं एवं सुझावों के बारे मे जानकारी प्राप्त की। समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया।




शुक्रवार को एसपी प्रदीप गुप्ता ने पुलिस कार्यालय पर आधुनिक बीट सिस्टम का शुभारंभ करते हुए बीट बुक वितरित की।

### बीट प्रणाली मजबूत करने के लिए सीओ ने बैठक की

**फरेंदा।** शुक्रवार को फरेंदा थाना परिसर में बीट प्रणाली को और मजबूत करने के लिए सीओ ने पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की। बीट प्रणाली को मजबूत करने का टिप्स देते हुए इस पर अमल करने का निर्देश दिया। सीओ ने पुलिस टीम को निर्देश देते हुये कहा कि बीट प्रणाली को सुदृढ़ रखना चाहिये। अपने बीट के ग्रामों में पंचायत भवनों में बीट पुलिस अधिकारी का कार्यालय बनाने तथा जनता से निरंतर समन्वय स्थापित करने अपराध नियंत्रण एवं अभिसूचना संकलित करने के लिये सक्रिय हो जाएं। सरकारी मानदेय प्राप्त लोगों को पुलिस पेंशनर एवं अन्य विभागों पेंशनर से समन्वय स्थापित करने आदि प्रकरणों में बीट पुलिस अधिकारी को संवेदनशील बनाने के लिये प्रेरित करना होगा। साथ ही जनता के साथ जुड़ाव होना चाहिए। इस दौरान एसओ गिरिजेश उपाध्याय, हल्के के एसआई व सिपाही मौजूद रहे।

## 235 वाहनों का चालान, तीन हजार का जुर्माना

**महराजगंज:** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 थाना क्षेत्रों में कुल 235 वाहनों का चालान किया, वहीं चार वाहनों से कुल तीन हजार रुपये का शमन शुल्क भी वसूल किया है। यातायात प्रभारी जयनारायण यादव ने बताया कि नियमों के उल्लंघन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभियान जार ही रहेगा। (जासं.)

## शांतिभंग में 16 लोगों का हुआ चालान

महराजगंज : जिले में शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 16 लोगों को शांति भंग में न्यायालय चालान किया, जहां से उन्हें भारी मुचलका पर जमानत दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि चुनाव को देखते हुए जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे। इसको लेकर कार्रवाई की गई है। (जासं.)

## मास्क नहीं लगाने पर पांच लोगों पर लगाया जुर्माना

**महराजगंज:** चौक पुलिस ने अभियान चलाकर निचलौल मार्ग पर कुल पांच लोगों को बिना मास्क के पकड़ लिया और कुल पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि मास्क न लगाने वालों पर जांच कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। (जासं.)

# बीट की सक्रियता से बेहतर होगी कार्यप्रणाली

**जासं, महराजगंज:** गांव स्तर पर क्राइम कंट्रोल एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस की बीट प्रणाली को और भी मजबूत बनाने की योजना है। इसके लिए एडीजी जोन गोरखपुर के निर्देश पर प्रत्येक गांव में बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) का फोटो व नंबर युक्त पोस्टर लगाया जाएगा। सभी बीट आरक्षियों से निवेदन है कि अपना विजिटिंग कार्ड बनवाते हुए अपना सूत्र मजबूत करें।

यह बातें शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने पुलिस कार्यालय के तथागत सभागार में बीपीओ सिस्टम का उद्घाटन एवं आरक्षियों को बीट बुक सौंपते हुए कही। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में एसपी ने कोतवाली और सिंदुरिया थाने के बीट आरक्षी और उपनिरीक्षकों के साथ उद्घाटन के बाद बैठक किया।

# 180 बोतल नेपाली शराब के साथ पकड़ा गया धंधेबाज

**जागरण संवाददाता, नौतनवा :** पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को 180 बोतल नेपाली शराब के साथ एक धंधेबाज को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपित पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

संपतिहा पुलिस चौकी प्रभारी गंगाराम यादव तथा बीओपी चंडीथान उपनिरीक्षक संदीप मय फोर्स गश्त कर रहे थे। चौकी प्रभारी ने बताया कि नेपाली शराब तस्करी की सूचना मिली थी, जिस पर संयुक्त टीम ने गोरखपुर-सोनौली हाईवे के मुडिला-चंडीथान के मध्य बस स्टैंड पर वाहनों की जांच अभियान तेज कर दिया।

**कामयाबी**

- **पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई**
- **नेपाली शराव की बिक्री की सूचना पर टीम हुई अलर्ट**
- **बाइक पर दो बोरे में लादकर ला रहा था आरोपित**

इस बीच एक बाइक पर दो बोरा लादकर एक युवक तेज रफ्तार से आता दिखा। जिसको रुकने का इशारा किया गया तो वह भागने लगा, जिसका पीछा कर पकड़ लिया गया। बोरे की तलाशी लेने पर 180 बोतल नेपाली शराब बरामद किया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राजन जायसवाल निवासी भुंडी मुहल्ला थाना नौतनवा बताया।

**18 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार :** महराजगंजः निचलौल थाने की पुलिस ने झुलनीपुर नहर मार्ग पर गश्त के दौरान नेपाल निवासी रुदल के पास से 18 शीशी नेपाली शराब बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# तीन लोगों पर मुकदमा

**जासं, चौक बाजार:** सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के दक्षिणी चौक रेंज के खोस्टा बीट प्रथम के जंगल से आठ बोटा सागौन की लकड़ी एवं दो साइकिल बरामदगी के मामले में दक्षिणी चौक रेंज के वन क्षेत्राधिकारी ने तीन लोगों पर केस दर्ज कर लिया। वन क्षेत्राधिकारी दक्षिणी चौक रेंज के रवि गंगवार ने बताया कि बुधवार को शाम छह बजे गश्त के समय जंगल में तस्कर लकड़ियों को साइकिल पर बोटा लादने का प्रयास कर रहे थे।

# 500 ग्राम गांजा के साथ युवक को दबोचा, जेल

**जासं, नौतनवा :** थाना क्षेत्र के छपवा टोल प्लाजा के करीब शुक्रवार को एक युवक को गांजा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसको उठाकर थाना पर ले आई और मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

छपवा पुलिस चौकी उपनिरीक्षक गौरव यादव मय फोर्स क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के छपवा टोल प्लाजा से नौतनवा की तरफ एक युवक पैदल आ रहा था। संदेह होने पर उसको रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा, जिसको कुछ दूरी पर जाकर दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर कमर में कपड़े में बंधा 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम अनिल कुमार निवासी नगर पालिका गांधी नगर वार्ड नौतनवा थाना बताया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार युवक पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।



नौतनवा थाने में गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस टीम • जागरण

# पुलिस से मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार, फायरिंग

## घुघली थाना क्षेत्र के हरखी प्यास में 30 जून को बुजुर्ग के साथ हुए लूट के मामले का पर्दाफाश

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** पुलिस टीम पर फायरिंग कर भाग रहे दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों लूट की कई घटनाओं में वांछित चल रहे थे। मुठभेड़ में पकड़े गए दोनों आरोपित रामू खरबार व दिलीप कुशवाहा ने 30 जुलाई को थाना क्षेत्र के बारीगांव बैंक से रुपये निकालकर आ रहे बुजुर्ग को झांसे में लेकर 30 हजार रुपये लूट लिया था। दोनों गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर मामले का पर्दाफाश किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 30 जुलाई को घुघली थाना क्षेत्र के मेदनीपुर निवासी मूरत साहनी बारीगांव में बैंक से रुपये निकालने गए हुए थे। वहां बैंक में उन्होंने 30 हजार रुपये निकालने के लिए फार्म भरा और रुपयों की निकासी की।



गिरफ्तार आरोपितों के साथ एसपी प्रदीप गुप्ता ● जागरण

### गुरुवार की रात पुलिस के रोकने पर फायरिंग कर भागने का प्रयास कर रहे थे आरोपित

फार्म पर मोबाइल नंबर लिखता देख पहले से बैंक में मौजूद कुशीनगर जनपद के कसया अंध्या बाजारी टोला निवासी आरोपित रामू और दिलीप कुशवाहा ने नंबर नोट कर लिया। रुपये निकालकर जब बुजुर्ग घर जाने लगा तब यह उसके पीछे लग गए। कुछ देर बाद बुजुर्ग के नंबर पर फोन मिलाकर खुद को बैंक शाखा प्रबंधक बताते हुए कहा कि आपने 30 हजार की जगह 50 हजार रुपये बैंक से ले लिए हैं। ऐसे में आप जहां हैं वहीं रुक जाइए, अभी बैंक से दो कर्मचारी आपके पास पहुंच रहे हैं।

उन्हें शेष धनराशि वापस कर दीजिएगा। बुजुर्ग के रुकते ही दोनों आरोपित पहुंचे और उनसे रुपये लूटकर फरार हो गए थे।

**बैंक के सीसीटीवी फुटेज में भी दिखे थे संदिग्ध:** पीड़ित के मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने बैंक में पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से घटना के दिन बैंक में उपस्थित सभी लोगों की निगरानी की थी। इस सीसीटीवी फुटेज में भी दोनों आरोपित दिखाई पड़े थे। पीड़ित से पहचान कराए जाने के बाद से पुलिस इनको खोज रही थी।

### सर्विलांस सेल की मदद से मिला सुराग

आरोपितों की पहचान के बाद पुलिस उनके नंबरों को सर्विलांस पर लगाकर उनको खोज रही थी। इसी बीच शुक्रवार की रात इनका लोकेशन थाना क्षेत्र में मिली थी। इस पर घुघली थानाध्यक्ष अशोक कुमार के साथ स्वाट टीम के प्रभारी शशांक शेखर राय, मुख्य आरक्षी हेमंत शुक्ला व विनोद राव की टीम ने इन्हें फालो किया और मंगलपुर पटखौली–बसंतपुर मार्ग पर रोकने के प्रयास में आरोपित पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास करने लगे। पहली फायरिंग के बाद आरोपित कट्टा दोबारा लोड कर पाते उससे पहले ही पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। इनके पास से बाइक, दो मोबाइल फोन, 10 हजार 500 रुपये नकद व देसी तमंचा की बरामदगी की गई है।

> गिरफ्तार दोनों आरोपित लंबे समय से लूट की घटनाओं में संलिप्त थे। इनके खिलाफ लूट के अलावा पुलिस पर हमला और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायालय चालान किया गया है। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। **-प्रदीप गुप्ता**, पुलिस अधीक्षक

# चार आरोपितों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, नौतनवाः** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को बहलाफुसला कर भगाने के मामले में शुक्रवार को एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने स्थानीय पुलिस पर कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए एसपी प्रदीप गुप्ता से न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में बताया कि 12 जून की देर रात गांव का ही एक युवक उनकी 16 वर्षीय पुत्री को कहीं ले गया। जो अपने साथ दो थान जेवर व 2500 रुपये नकद ले गई है। इसकी शिकायत जब युवक के स्वजन से करने गए तो उन लोगों ने गाली गलौज देते हुए मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया। गांव वालों ने बीच बचाव किया जिसकी शिकायत 15 जून को नौतनवा थाना में की, लेकिन आरोपितों पर कोई कार्रवाई नहीं होता देख एसपी दरबार पहुंच

## कार्रवाई

- नौतनवा क्षेत्र की एक किशोरी को वहलाफुसला कर भगाने का मामला
- पीड़ित ने लगाई फरियाद, एसपी के निर्देश पर सख्त हुई पुलिस

कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपित अवधेश, रामदेव, इंदू व रामसूरत पर अपहरण, गाली-गलौज व मारपीट के लिए दौड़ाने का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल चल रही है।

**हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः** आनंदनगरः पुरंदरपुर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। सुजीत कुमार पुत्र रामअचल निवासी सोहरवलिया के विरुद्ध मुकामी थाने में मुकदमा दर्ज था। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय, उपनिरीक्षक वीरेंद्र बहादुर राय, मनीष पटेल सहित अन्य लोग

# एसपी ने किया बीट सिस्टम प्रणाली का शुभारंभ

**महराजगंज।** एसपी प्रदीप गुप्ता ने शुक्रवार को कार्यालय सभागार में आधुनिक बीट सिस्टम प्रणाली का शुभारंभ किया। पुलिस की सहायता आमजन तक सहजता से पहुंचाने तथा जनता की समस्याओं को जल्द निस्तारण के लिए यह व्यवस्था शुरू की गई है।

एसपी ने कहा कि इस अभियान के तहत पुलिस की सबसे छोटी एवं महत्वपूर्ण इकाई बीट आरक्षी को प्रमुखता देते हुए अभियान चलाया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी को उनके बीट का चार्ज दिया जा रहा है। बीट आरक्षी बीट क्षेत्र में रहकर आमजन से संपर्क स्थापित करेंगे तथा बीट क्षेत्र के शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच बीट आरक्षी करेंगे। इस अभियान के क्रम में बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने बीट क्षेत्र में जगह-जगह पर फोन नंबर व फोटो युक्त पोस्टर लगवाए गए हैं, जिससे आम जनता बीट पुलिस अधिकारी से आसानी से संपर्क स्थापित करते हुए समस्याओं का समाधान करा सके। बीट पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर बीट क्षेत्र मे आने वाली समस्याओं एवं सुझावों के बारें में जानकारी प्राप्त की गई। संवाद

# 'अपराध को छिपाने का मतलब उसे बढ़ावा देना'

## नवजीवन मिशन स्कूल आनंदनगर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देकर सीओ ने किया संतुष्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** अमर उजाला फाउंडेशन के 'अपराजिता' मुहिम के तहत शुक्रवार को नवजीवन मिशन स्कूल आनंदनगर में ऑनलाइन पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को नियम-कानून की जानकारी दी गई। कोरोना से बचाव के प्रति सजग किया गया। मुख्य अतिथि सीओ सुनील दत्त दुबे ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि अपराध को छिपाने का मतलब अपराध को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में 25 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। 12 से शुरू होकर एक बजे तक कार्यक्रम चला। सीओ सुनील दत्त दूबे ने कहा कि अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें। व्हाट्स एप, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल खूब सोच समझकर करने की जरूरत है। बिना सोचे-समझे इसका इस्तेमाल करने से मुसीबत में भी फंस सकते हैं। सोशल मीडिया एक नई समस्या के रूप में उभरा है। लोग साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं। किसी पोस्ट को साझा करने और उसे लाइक करने से पहले अच्छी तरह समझ लेना जरूरी है। जान बूझकर की गई गलती अपराध की श्रेणी में आता है। छात्र अभिषेक गुप्ता, अभिनव यादव, धनंजय चौबे, कृष्ण चंद्र, श्वेता मौर्या, आस्था मिश्रा, सुष्मिता ने साइबर अपराध, संस्कार, शिक्षा का व्यवसायी करण, आत्मरक्षा, पुलिस की कार्यप्रणाली, यातायात नियम, कानून व्यवस्था, पुलिस हेल्पलाइन के बारे में सवाल पूछे। सीओ ने विद्यार्थियों के सवालों को उदाहरण के आधार पर जवाब दिया। प्रधानाचार्य साजी लुईस ने कहा कि 'अमर उजाला' की मुहिम सराहनीय है। इस दौरान रमेश चंद्र यादव, श्रीकृष्ण मिश्रा आदि मौजूद रहे।



पुलिस की पाठशाला को ऑनलाइन संबोधित करते सीओ सुनील दत्त दुबे। संवाद

### 'अब सोच समझकर करेंगे सोशल मीडिया का इस्तेमाल'



रजनीश



राघवेंद्र



अंशुमान



मनीषा

इंटर के छात्र रजनीश मणि त्रिपाठी, राघवेंद्र चौरसिया, अंशुमान चतुर्वेदी, मनीषा यादव ने कहा कि पुलिस की पाठशाला में नियम-कानून की जानकारी मिली। कोरोना से बचाव के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि सवालों पर सीओ के जवाब से वे संतुष्ट हैं। सोशल मीडिया के इस्तेमाल के बारे में बेहतर ढंग से बताया गया, अब वे सोच समझकर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करेंगे। लंबे समय से स्कूल बंद है। इस बीच ऑनलाइन पुलिस की पाठशाला में शामिल होकर अच्छा लगा। ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

# पुलिस पर फायर कर भाग रहे दो बदमाश गिरफ्तार

## बैंक से रकम लेकर जा रहे बुजुर्ग से दोनों ने की थी 30 हजार की लूट

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** घुघली थानाक्षेत्र के बसंतपुर मठिया मार्ग पर बृहस्पतिवार रात को पुलिस व स्वॉट की संयुक्त टीम संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इसी बीच एक बाइक पर सवार दो बदमाश टीम पर तमंचे से फायर कर भागने लगे। टीम में शामिल पुलिसकर्मियों ने खुद को सुरक्षित करते हुए दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। शुक्रवार को दोनों को जेल भेज दिया गया।

एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि 30 जून को घुघली थानाक्षेत्र के मेदनीपुर गांव के टोला नारायण निवासी मूरत सहानी एसबीआई की शाखा से 30 हजार रुपये निकाल कर साइकिल से जखीरा हरखी की तरफ जा रहे थे। बारी गांव के पास एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनसे रकम लूट ली थी। घुघली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली की एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति बसंतपुर मठिया से मंगलपुर पटखौली की तरफ जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस स्वॉट टीम के साथ संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इसी बीच एक बाइक पर दो लोग आते दिखे। पुलिस टीम ने टॉर्च दिखाकर रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार पुलिस टीम पर तमंचे पर फायर कर भागने लगे। पुलिस टीम ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 10 हजार पांच सौ रुपये, दो मोबाइल फोन के अलावा एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार दोनों बदमाश रामू खरवार व दिलीप कुशवाहा उर्फ लंबू अंधया बाजारी टोला थाना कसया जनपद कुशीनगर के रहने वाले हैं।

### इस तरह बुजुर्ग को लिया था झांसे में

पुलिस की पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि बैंक से रकम लेकर जा रहे बुजुर्ग का मोबाइल फोन नंबर बैंक में फार्म भरते समय ले लिया था। बैंक से रकम निकाल कर जा रहे बुजुर्ग को फोन कर कहा कि मैं बारी गांव बैंक मैनेजर बोल रहा हूं, आपको गलती से 30 की जगह 50 हजार रुपये दे दिया हूं। आप जहां हैं वहीं रुक जाइए। मैं आपके पास अपने दो आदमियों को भेज रहा हूं, कहकर रकम लिए बुजुर्ग को रोक लिया। उसके बाद घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

बस्ती रेंज का पहला जनपद जहां सभी थानों में बीपीओ सिस्टम लागू, आईजी बोले- पुलिस को मित्र पुलिस बनाने का प्रयास

# जिले के सभी थानों में बीट पुलिस सिस्टम लागू

Scanned By Scanner Go

**व्यवस्था**

बस्ती | निज संवाददाता

अपर पुलिस महानिदेशक जोन गोरखपुर अखिल कुमार के निर्देशन में बीट पुलिस ऑफिसर सिस्टम को जिले के सभी थानों में लागू कर दिया गया है। आईजी अनिल कुमार राय ने शुक्रवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव के साथ रेंज कार्यालय पर इस प्रणाली के बैनर को लांच किया। आईजी ने कहा कि बस्ती जनपद मंडल का पहला जनपद है, जहां बीपीओ सिस्टम लागू किया गया है। इसका बैनर सभी पुलिस कार्यालयों के साथ ही थानों पर ही लगाया गया है। इसका मकसद प्रणाली के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाना है।

जिले में पूर्व में कोतवाली व नगर थाना क्षेत्र में प्रयोग के तौर पर बीट सिस्टम प्रणाली को सबसे पहले लागू किया गया था। इसके बाद लगातार इसका दायरा बढ़ाया जाता रहा। आईजी श्री राय ने कहा कि इससे बीट क्षेत्र में सिपाहियों का आम जनता से सीधा संवाद बढ़ेगा। आम लोगों की समस्याओं को जान सकेंगे और उनके निराकरण का समुचित प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि बीपीओ के पास अपने क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बदमाशों का पूरा डाटा होगा। एक-एक बदमाश पर उनकी पैनी नजर रहेगी। इसके अलावा इलाके में होने वाले जुआ, शराब और अन्य छोटे-छोटे अपराधों की पूरी सूचना भी बीपीओ को बीट बुक में दर्ज करनी होगी। बीपीओ के पास इलाके के लेखपाल सहित अन्य राजस्व तथा ब्लॉक कर्मियों के मोबाइल नंबर भी होंगे। प्रत्येक बीपीओ को रिवॉल्वर और बॉडी वार्न कैमरा भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक बीट पुलिस ऑफिसर के पास क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के रिकॉर्ड, कोर्ट समन, वारंट, एनसीआर के मुकदमे, थाने से आए शिकायती प्रार्थना पत्र, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन की जांच से संबंधी प्रपत्र रहेंगे। थानेदार स्तर से लगातार बीट सिस्टम की मानीटरिंग के साथ ही सर्किल के सीओ व अन्य आला अफसर भी इस पर सतर्क नजर रखेंगे। बीपीओ प्रणाली के पूरे जिले में लॉचिंग के दौरान आईजी के पीआरओ डीके मिश्र, प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ संतोष कुमार यादव, रीडर दशरथ प्रसाद व अन्य मौजूद रहे।




रेंज कार्यालय पर शुक्रवार को बीपीओ प्रणाली के बैनर का उद्घाटन करते आईजी अनिल कुमार राय, साथ में एसपी आशीष श्रीवास्तव।

**16** थाने हैं जिले भर में, 32 बीट बनाई गई हैं सोनहा में नई व्यवस्था के तहत

### 250 संभ्रांत लोगों का बनेगा व्हाट्सग्रुप

आईजी अनिल कुमार राय ने बताया कि बस्ती परिक्षेत्र के जनपदों में अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए स्पेशल प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत सभी थानों में तैनात पुलिस कर्मियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र के 250 संभ्रांत व्यक्तियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार करने को कहा गया है। इसमें अच्छी छवि के उन लोगों को जोड़ा जाएगा, जो सिपाही से संबंधित बीट के हों।

### सभी थानों पर लगाया बीपीओ का बैनर

जिले के सभी थानों पर भी बीपीओ प्रणाली का बैनर शुक्रवार को लगाया गया है। बस्ती सदर, कलवारी, रुधौली और हरैया समेत जिले के सभी थानों में यह व्यवस्था प्रभावी कर दी गई है। सोनहा थाने पर सीओ रुधौली धनंजय सिंह कुशवाहा ने उद्घाटन करते हुए बताया कि सोनहा में कुल 32 बीट बनाई गई है। दुबौलिया थाने पर थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, रुधौली थाने पर थाना प्रभारी शिवाकांत ओझा, कोतवाली में कोतवाल मनोज कुमार त्रिपाठी, गौर, लालगंज, कप्तानगंज समेत जिले के सभी थानों पर बैनर लगाने के साथ ही बीट निर्धारण कर शुक्रवार से बीपीओ प्रणाली को लागू कर दिया गया।

# गांजा के साथ गिरफ्तार युवक गया जेल

रुधौली। थाना क्षेत्र के अठदमा चीनी मिल के पास रुधौली-डुमरियागंज मार्ग पर अठदमा पुलिया पर वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए युवक अरबाज निवासी सुगिया थाना रुधौली के पास से 800 ग्राम गांजा बरामद किया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# पिछड़ा आयोग ने लिया संज्ञान

**कुदरहा।** कलवारी थाना क्षेत्र के महुआपार खुर्द में बालू खदान के पास किसान सियाराम राजभर की हत्या कर शव छिपाने के मामले को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने संज्ञान में लिया। शुक्रवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य शिवपूजन राजभर महुआपार खुर्द पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर घटना के बारे में जानकारी ली। पीड़ित परिवार का छप्पर देख पक्का मकान दिलाने का आश्वासन दिया।

किसान सियाराम राजभर का शव 17 जुलाई को बालू खदान के पास मिला था। उसका बालू खदान की बात को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण चोट बताया गया था। पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्री राजभर ने कलवारी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही से फोन पर बात कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने व जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कही। कुदरहा के बीडीओ संजय कुमार नायक से भी बात कर पक्का मकान देने की बात कही।

Scanned By Scanner Go

# गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**बस्ती:** रुधौली पुलिस ने एक युवक को 800 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक रुधौली शिवाकांत मिश्र और टीम ने अठदमा चीनी मिल के पास नव निर्मित पुलिया पर अरबाज निवासी सुगिया थाना रुधौली को दबोच लिया।

# मित्र की भूमिका में होगी पुलिस : आइजी

**जासं, बस्ती:** आइजी बस्ती परिक्षेत्र अनिल कुमार राय ने एसपी आशीष श्रीवास्तव के साथ शुक्रवार को आधुनिक बीपीओ सिस्टम का शुभारंभ किया। कहा कि आम जनता के लिए बस्ती पुलिस अब मित्र के रूप में काम करेगी। पुलिस जनता से निरंतर समन्वय बनाए रखेगी।

बीट पुलिस अफसर(बीपीओ) सिस्टम के बारे में आइजी ने कहा कि बस्ती परिक्षेत्र के सभी जनपदों में जनपदों में बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शासन ने चाहा था बखूबी उसी तरीके से पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बीपीओ को तैयार करके जिले में तैनात कर दिया है। बताया कि गोरखपुर जोन के सभी जनपदों में बीट पुलिस अधिकारी का बैनर शुक्रवार को लांच किया गया है। उनके कार्यालय के साथ ही एसपी, सभी राजपत्रित अधिकारियों के कार्यालय और पुलिस थानों पर यह बैनर लगाया गया है। बीपीओ प्रणाली की चर्चा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सामान्य जनता तक पुलिस की पकड़ को मजबूत करना है। आम जनता बीट पुलिस अधिकारी को नाम, उसके मोबाइल नंबर सहित जाने। जब भी जनता को उसकी जरूरत पड़े उनको याद करे। किसी भी समस्या के दौरान तत्परता से जनता की मदद करने के लिए बीपीओ सिस्टम लागू किया गया है। आइजी के पीआरओ डीके मिश्र, प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ संतोष कुमार यादव, आइजी के वाचक दशरथ प्रसाद आदि मौजूद रहे।




परिक्षेत्रीय कार्यालय में बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली के शुभारंभ अवसर पर आइजी अनिल कुमार राय,एसपी आशीष श्रीवास्तव ● सौ.पुलिस विभाग

**थानों में भी लांच किया गया बीपीओ का पोस्टर :** जिले के सभी थानो में भी बीपीओ का पोस्टर लांच किया गया। लालगंज थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने बताया कि एडीजी गोरखपुर जोन ने सभी थानों को बीट पुलिस आफिसर (बीपीओ) सिस्टम लागू कर उनकी तैनाती करने का आदेश दिया है। लालगंज थाने में भी यह व्यवस्था बनाई जा रही है। इसी प्रकार पुरानी बस्ती थाने में प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र पटेल, वाल्टरगंज थाने में एसओ दुर्विजय की मौजूदगी में बीट पुलिस अधिकारी सिस्टम का शुभारंभ किया गया।

**सोनहा थाने में बनाई गई 32 बीट :** सोनहा थाने पर शुक्रवार को बीट पुलिस अफसर सिस्टम का शुभारंभ किया गया। थाना सोनहा में कुल 32 बीट बनाई गई हैं। इनमें आरक्षी और मुख्य आरक्षी को बीट पुलिस अधिकारी के रूप में तैनात किया जाएगा। इनके द्वारा अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, सूचना संकलन, विवादों की जानकारी की जाएगी। प्रार्थना पत्रों की जांच, शस्त्र लाइसेंस धारियों, अपराधियों का सत्यापन भी किया जाएगा।

प्रयोग | आईजी ने रेंज ऑफिस में किया बैनर लांच, सभी पुलिस कार्यालयों और प्रमुख स्थलों पर लगाया जाएगा बैनर, ताकि लोगों में जागरुकता बढ़े

# जनपद में बीट पुलिस ऑफिसर सिस्टम लागू किया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** बीट पुलिस ऑफिसर सिस्टम को जिले में लागू कर दिया गया है। शुक्रवार को आईजी रेंज अनिल कुमार राय ने इस प्रणाली का बैनर लांच किया। आईजी ने कहा कि बस्ती जनपद रेंज का पहला जनपद है जहां बीपीओ सिस्टम लागू किया गया है। इसका बैनर सभी पुलिस कार्यालयों और प्रमुख स्थलों पर लगाया जाएगा। ताकि लोगों में इस प्रणाली के प्रति जागरूकता बढ़े।



वाल्टरगंज थानाप्रभारी ने बीट पुलिस अधिकारियों को संबोधित किया। संवाद

इससे बीट क्षेत्र में सिपाहियों का लोगों से संवाद बढ़ेगा। आरक्षी उनकी समस्याओं को जान सकेंगे और उनके निराकरण का समुचित प्रयास करेंगे। बताया कि बीपीओ के पास अपने क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बदमाशों का पूरा रिकॉर्ड होगा। बदमाशों पर उनकी पैनी नजर रहेगी। इसके अलावा इलाके में होने वाले जुआ, शराब और अन्य छोटे-छोटे अपराधों की पूरी सूचना भी बीपीओ को बीट बुक में नोट करनी होगी। बीपीओ के पास इलाके के लेखपाल सहित अन्य राजस्व तथा ब्लॉक कर्मियों के मोबाइल नंबर भी होंगे। प्रत्येक बीपीओ को रिवॉल्वर और बॉडी वार्न कैमरा दिया जाएगा। प्रत्येक बीपीओ पास क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के रिकॉर्ड, कोर्ट समन, वारंट, एनसीआर के मुकदमे, थाने से आए शिकायती प्रार्थना पत्र, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन की जांच से संबंधी प्रपत्र रहेंगे। इस दौरान एसपी आशीष श्रीवास्तव, आईजी के पीआरओ डीके मिश्र, रीडर दशरथ प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### लालगंज थाने में 34 बीट बनाए गए

**गौर** प्रतिनिधि के अनुसार मित्र पुलिस बनाने के लिए बीपीओ सिस्टम का शुभारंभ प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने किया। बताया परिक्षेत्र में पुलिस का चेहरा मित्रवत होगा। वाल्टरगंज प्रतिनिधि के अनुसार थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बीट पुलिस अधिकारियों से कहा कि जिस पुलिस अधिकारी को जो बीट मिला है। उस क्षेत्र के अपराध नियंत्रण के साथ ही किसी भी प्रकार की घटना, व अन्य मामलों में हमेशा अपडेट रहें। थानाक्षेत्र में कुल 22 पुलिस बीट अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। बनकटी प्रतिनिधि के मुताबिक लालगंज थाने में 34 बीट बनाया गया है। थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने कहा कि जहां पुलिस व पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है। जिससे सी-प्लान को और भी प्रभावी बनाया जा सके।

### संभ्रांत लोगों का बनेगा व्हाट्सएप ग्रुप

**आईजी** ने बताया कि परिक्षेत्र के जनपदों में अपराध नियंत्रण तथा कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए प्लान तैयार किया गया है। उसके तहत थानों में तैनात पुलिस कर्मियों को अपने बीट क्षेत्र के 250 संभ्रांत व्यक्तियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के लिए कहा गया है। सिपाहियों की ओर से ग्रुप में लोगों को जोड़ते समय इन बातों का ध्यान रखना होगा कि वे व्यक्ति उनके ही बीट क्षेत्र के हों और उनकी छवि समाज में साफ सुथरी हो।

### सोनहा में 32 बीट

**सोनहा।** थाना परिसर में सीओ रूधौली धनजंय सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में बीट पुलिस का शुभारंभ किया गया। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि थाना सोनहा में कुल 32 बीटें बनाई गई हैं। नियुक्त आरक्षी गण व हेड कांस्टेबल को बीट पुलिस अधिकारी के नाम से जाना जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमेश चंद्र तिवारी, दानबहादुर पांडेय, संजय कुमार, ओमप्रकाश भारती, अखलाक अहमद, आदि मौजूद रहे। दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार बीपीओ सिस्टम का शुभारंभ दुबौलिया थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने किया। बताया कि इससे अपराधों पर त्वरित नियंत्रण किया जा सकेगा। इस मौके पर एसआई सुदीप यादव, डीके प्रजापति सहित थाने की फोर्स मौजूद रही। संवाद

# आटो चालकों को किया गया जागरूक

## सड़क पर चलते वक्त खुद को बचाते हुए दूसरों को भी सुरक्षित करें : एआरटीओ

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** खुद को बचाते हुए दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी होता है। नियमों के पालन से सड़क हादसों को रोका जा सकता है। यह बातें एआरटीओ अरुण प्रकाश चौबे ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन अमहट घाट स्थित टैक्सी स्टैंड पर कही।


अमहट टैक्सी स्टैंड पर यातायात नियम लिखे पंपलेट बांटे गए। संवाद

एआरटीओ ने बस-ट्रक और आटो-टैक्सी चालकों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के दौरान क्या करें और क्या न करें विषय पर विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर डीबीए राकेश तिवारी, वरिष्ठ सहायक सभाजीत पाल, शिवरतन लाल, इलियास अहमद, कमला बाबू, बच्चूलाल, जीतेंद्र यादव, रामानुज प्रसाद, देवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष अवस्थी, नीतेश श्रीवास्तव, विजय गौतम, नितिन गौड़, सूरज, दिलीप और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं, एआरटीओ अरुण प्रकाश चौबे ने बताया कि शनिवार को प्रदूषण जांच केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की जांच की जाएगी। इसके अलावा अलग-अलग विभाग भी जागरूकता अभियान चलाएंगे।

# पड़ोसी पर दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रवण हत्याकांड**

**27 दिन बाद टिकरिया के पास नदी में मिला था श्रवण का शव**

**19 जून को श्रवण कुमार अपने साथी विशाल के साथ गया था**

**महराजगंज/बस्ती।** कप्तानगंज थानाक्षेत्र के टिकरिया के पास मनोरमा नदी में मिले श्रवण कुमार के कंकाल के मामले में पुलिस ने उसके पड़ोसी विशाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज बृजेश सिंह ने बताया कि परिजनों ने विशाल पर ही हत्या और शव को छुपाने का आरोप लगाया है। कंकाल के एक्सरे और पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

परसपुरा गांव निवासी राजकुमार चौकीदार का बेटा श्रवण 19 जून को अपने साथी विशाल के साथ दुबौलिया थानाक्षेत्र के उभाई बंधे पर गया था। चर्चा है कि उसे स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया था, जिसमें श्रवण और विशाल को लोगों ने पीटा था। विशाल तो देर रात घर लौट आया था लेकिन श्रवण का कहीं पता नहीं चला था। दो दिन बाद परिजनों ने बंधे के पास से श्रवण का जूता बरामद किया और कप्तानगंज थाने में श्रवण की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 27 दिनों बाद टिकरिया के पास से मनोरमा नदी में एक कंकाल बरामद हुआ था मौके से उसके पैंट में मिले एटीएम व आधार कार्ड से कंकाल की पुष्टि श्रवण के रूप में की गई थी। वहीं, पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने के कारण मामला और उलझ गया। इस मामले में पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही थी।

# सीबीसीआईडी को सौंपी गई तफ्तीश

## पीड़िता ने मुख्यमंत्री से मिलकर उठाया था पुलिस की जांच पर सवाल, आईजी एके राय ने की पुष्टि

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** बहुचर्चित दरोगा प्रकरण की जांच सीबीसीआईडी को सौंप दी गई है। अब इस प्रकरण में दर्ज सभी मुकदमों की तफ्तीश सीबीसीआईडी करेगी। आईजी एके राय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि केस से संबंधित सभी पत्रावली सीबीसीआईडी को सौंप दी जाएगी।

इस मामले को लेकर पीड़िता पिछले दिनों लखनऊ में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके पुलिस पर पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाने और दबाव बनाने की शिकायत की थी। उसका आरोप है कि मुकदमे की शामिल 12 पुलिस कर्मियों व राजस्व कर्मियों को तफ्तीश में बरी कर दिया गया। सीएम के निर्देश पर इन आरोपों की जांच करने यहां पहुंचे एडीजी ने पीड़िता व उसकी भाभी का बयान दर्ज किया था।

साथ ही पीड़िता के भाई को जान का खतरा बताने के मद्देनजर उसे गनर मुहैया करा दिया गया था। प्रकरण का मुख्य आरोपित गोरखपुर जिले के चौरीचौरा थानांतर्गत सोनबरसा निवासी दरोगा दीपक सिंह को आईजी रेंज अनिल कुमार राय ने पुलिस सेवा से दस जुलाई 2021 को बर्खास्त कर दिया था।

### सीओ खलीलाबाद के जिम्मे थी प्रकरण की तफ्तीश

**आशिक मिजाज दरोगा प्रकरण**



हाईप्रोफाइल केस की विवेचना पहले सीओ सिटी आलोक प्रसाद को सौंपी गई थी। कुछ दिनों बाद एडीजी गोरखपुर के निर्देश पर संतकबीरनगर के सीओ खलीलाबाद अंशुमान मिश्र को विवेचना ट्रांसफर कर दी गई थी। उन्होंने साक्ष्यों के आधार पर तैयार की चार्जशीट में मुख्य आरोपी बर्खास्त दरोगा दीपक सिंह को अभियुक्त बनाया है। अन्य आरोपितों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने के कारण उनका नाम मुकदमे से निकाल दिया गया। सीजेएम कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में 23 जुलाई 2021 को आरोपी बर्खास्त दरोगा को न्यायालय में हाजिर होने के लिए तलब किया है।

### इन पर दर्ज हुआ था केस

**शिकायतकर्ता** की तहरीर पर 20 मार्च 2020 को कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें तत्कालीन चौकी प्रभारी सोनूपार दीपक सिंह के अलावा कोतवाली में ही तैनात रहे दीपक के भाई दरोगा राजन सिंह, तत्कालीन कोतवाल रामपाल यादव, तत्कालीन महिला थाना प्रभारी शीला यादव, दरोगा अभिषेक सिंह, आरक्षी संजय कुमार, आलोक कुमार, पवन कुशवाहा, अवधेश सिंह, महिला आरक्षी दीक्षा यादव, नीलम सिंह, हल्का लेखपाल शालिनी सिंह व कानूनगो सतीश के साथ दो-तीन अन्य अज्ञात पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पहले जांच सीओ सिटी को सौंपी गई थी और बाद में इसे संतकबीरनगर जनपद स्थानांतरित कर दिया गया था।

### 31 मार्च 20 को प्रकरण की हुई थी शुरुआत

**कोरोना** की पहली लहर के दौरान 31 मार्च 2020 को इस प्रकरण की शुरूआत हुई। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती ने सोनूपार चौकी प्रभारी रहे दीपक सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए आला अफसरों से शिकायत की थी कि 31 मार्च 2020 को वह दादी की दवा लेने जा रही थी। तत्कालीन प्रभारी दारोगा दीपक सिंह ने उसे रोका और गाड़ी के कागजात चेकिंग के बहाने उसका मोबाइल नंबर ले लिया था। उसी दिन से दारोगा उसके मोबाइल नंबर पर फोन करने लगा था। युवती ने आपत्ति जताई तो पट्टीदारी के विवाद को आधार बनाकर उसके घरवालों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर दिए गए।

**दो अगस्त हो होगी बर्खास्त दरोगा की पेशी :** 45 दिन की अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने पर सीजेएम न्यायालय ने बर्खास्त हो चुके आरोपित दरोगा को 23 जुलाई को तलब किया था। शुक्रवार को इस मामले में उसे दो अगस्त तक की मोहलत दे दी गई है।

# डिप्टी जेलर रतन कुमार ने संभाला कार्यभार

**बस्ती।** नवागत डिप्टी जेलर रतन कुमार ने जिला कारागार में शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। डिप्टी जेलर ने अपने उच्चाधिकारियों से जेल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी और निर्देश प्राप्त किया।

गौरतलब है कि यहां तैनात डिप्टी जेलर सुभाष चंद्र यादव पिछले महीने 30 जून सेवानिवृत्त हो गए थे। उनके स्थान पर केंद्रीय कारागार आगरा में तैनात रहे उपकारापाल रतन कुमार को बस्ती जिला कारागार भेजा है। उन्होंने जिला कारागार में कार्यभार ग्रहण किया। वह सेंट्रल जेल आगरा के अलावा जिला जेल फिरोजाबाद और बदायूं में बतौर उप कारापाल अपनी सेवा दे चुके हैं। संवाद

# बीट पुलिसिंग व्यवस्था शुरू, अपराध पर लगेगी लगाम

## बीट पुलिस अधिकारियों को उनके कर्तव्य और दायित्वों की दी गई जानकारी, बाइक रैली निकाल लोगों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




चिल्हिया में बीट प्रभारियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीओ प्रदीप कुमार यादव। संवाद



बांसी थाना परिसर में बीट प्रभारियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर एसओ छत्रपाल सिंह ने रवाना किया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** जिले के सभी 18 थानों में शुक्रवार से बीट पुलिसिंग व्यवस्था लागू हो गई। इससे अपराध पर लगाम लगने के साथ ही अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई हो सकेगी। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकालकर लोगों को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। थाना प्रभारियों ने बीट प्रभारियों को संसाधन उपलब्ध कराकर रैली को रवाना किया।

बिस्कोहर प्रतिनिधि के अनुसार, त्रिलोकपुर थाने में शुक्रवार को बीट पुलिसिङ्डग व्यवस्था शुरू की गई। प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा द्वारा सिस्टम की बारीकियों का पाठ पढ़ाया। बीट पुलिस अधिकारियों को उनके कर्तव्य और दायित्वों की जानकारी दी। कर्मियों को बीट पुस्तिका, वायरलेस हैंडसेट व असलहा वितरित किया। बीट पुस्तिका पर जानकारी अंकित करने, अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने व संभ्रांतजनों से मदद आदि के बारे में व्यवहारिक जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया। सिस्टम की रिहर्सल व औपचारिक उद्घाटन के साथ बीट पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि बीट पुलिसिंग सिस्टम से अपराध व अपराधियों पर अंकुश तो लगेगा ही। पुलिस भी सीधे जनता से जुड़ेगी। इस अवसर पर चौकी प्रभारी बिस्कोहर राजेश कुमार शुक्ल, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र तिवारी, मनोज पांडेय, जय प्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।



लोटन कोतवाली में बीट सिपाहियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रभारी। संवाद

लोटन प्रतिनिधि के अनुसार, कोतवाली में थाना प्रभारी अभिमन्यु सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बीट सिपाहियों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि बीट सिपाही अपने अपने गांव में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और जनता में विश्वास पैदा करेंगे। इस दौरान सिपाही चंद्र शेखर, राजेश यादव, संजय कुमार राय, राम आसरे यादव, राजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

जोगिया प्रतिनिधि के अनुसार, जोगिया कोतवाली में कर्मियों रैली निकाली गई। बीट प्रभारियों को उनके कर्तव्यों की जानकारी थाना प्रभारी ने दी। थाना प्रभारी तहसीलदार सिंह द्वारा, हेड कांस्टेबल तारकेश्वर यादव, रघुराज शर्मा, वीरेंद्र यादव, सुधांशु सिंह आदि मौजूद रहे। बांसी प्रतिनिधि के अनुसार, जनसमस्याओं के निस्तारण और महिला सशक्तीकरण की बेहतरी के लिए बीट प्रभारियों की जन जागरूकता रैली को कोतवाल छत्रपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोतवाल छत्रपाल सिंह ने कहा कि अपराध रोकने के लिए बीट प्रभारी आपके द्वार के तहत रैली निकाली गई है।

शोहरतगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार, शोहरतगढ़ सर्किल क्षेत्र के शोहरतगढ़, चिल्हिया और ढ़ेबरुआ थानों में सीओ प्रदीप कुमार यादव ने बीट प्रभारियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीओ ने सभी बीट प्रभारियों को प्रणाली की बारीकियां भी बताईं। उन्होंने कहा, इससे आमजन को सुरक्षा प्रदान होगी। शासन की इस व्यवस्था से गांव के छोटे विवादों को पुलिस गांव में ही निस्तारित करेगी। इससे लोगों थाने की भागदौड़ से निजात मिलेगा। इस दौरान चिल्हिया एसओ यशवंत सिंह, शोहरतगढ़ एसएचओ राजेंद्र बहादुर सिंह, ढेबरुआ एसएचओ दिनेश चंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

# महिला सशक्तिकरण के लिए निकाली रैली



जनजागरूकता रैली निकालते बीट सिपाही। फोटो : एसएनबी

**बांसी (एसएनबी)।** जनसमस्याओं के निस्तारण व महिला सशक्तिकरण की बेहतरी के लिए बीट प्रभारियों की जनजागरूकता रैली को कोतवाल छत्रपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर कोतवाल छत्रपाल सिंह ने कहा कि अपराध रोकने के लिए बीट प्रभारी आपके द्वार के तहत रैली निकाला गया है। उन्होने बीट प्रभारियों कों उनके कर्तव्यों कों बताते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने कहा कि अपराध को रोकने के लिए तथा आम आदमी की समस्याओ के समाधान के लिए शासन की मंशा है कि बीट प्रभारी लोगो के द्वार पहुंचे और लोगों की समस्या को सुन उसका समाधान करे। इस अवसर पर सभी सभी एस आई व कांस्टेबल मौजूद थे।

**शोहरतगढ़** प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में बीट पुलिसिंग व्यवस्था की शुरुआत सीओ प्रदीप कुमार यादव ने किया। सीओ ने पुलिस कर्मियों को सिस्टम की बारीकियों की जानकारी दी और बीट पुलिस अधिकारियों को उनके कर्तव्य और दायित्व के प्रति सतर्क किया गया। उनमें बीट पुस्तिका, वायरलेस हैंडसेट व [illegible] वितरित किया। बीट पुस्तिका पर जानकारी अंकित करने [illegible] पैनी नजर रखने व गणमान्य लोगों से मदद आदि के बारे में व्यवहारिक जानकारी देते हुए उन्हें ट्रेनिंग दी गई। सिस्टम का रिहर्सल व औपचारिक उद्घाटन के साथ बीट पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में रवाना किया गया। इस मौके पर शोहरतगढ़ थाना थानाध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि बीट पुलिसिंग सिस्टम से अपराध व अपराधियों पर अंकुश तो लगेगा। इसके साथ ही बीट पुलिसिंग सिस्टम से पुलिस सीधे जनता से जुड़ेगी। आमजन को सुरक्षा प्रदान होगी। इस व्यवस्था के पीछे शासन की मंशा गांव के विवाद को तत्काल मौके पर पहुंचकर निस्तारित कर बड़ी घटना होने से रोकना है। साथ ही निस्तारण की सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि महिला हेल्पलाइन 1090 की शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी।

बताया कि बीट पुलिस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। समस्या की स्थिति व निस्तारण को इवेंट क्लोजर पर दर्ज कर सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे। इसकी मनिटरिंग जिले के [illegible] कार्यक्रम में पुलिसकर्मी जरा भी लापरवाही

# खेसरहा पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल

खेसरहा (एसएनबी)। अज्ञात वाहन की ठोकर से चोटिल हुई महिला को थाने लाकर प्राथमिक उपचार कराकर खेसरहा पुलिस ने मानवता की मिशाल पेश किया। शुक्रवार को बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम पोतनारे निवासी नजरुन पत्नी किताबुल्लाह संतकबीरनगर से खेसरहा थाना क्षेत्र के सुपौली में अपनी लड़की के घर आ रही थीं। रास्ते में किसी अज्ञात मोटरसाइकिल के ठोकर लगने से वह गिरकर चोटिल हो गईं। मौके पर पहुंचे थाने की आरक्षी संतोष कुमार यादव द्वारा वृद्ध महिला को स्थानीय थाने पर लाया गया, जहां प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह के निर्देशन पर महिला हेल्प डेस्क पर मौजूद महिला कन्स्टेबल अर्चना मिश्रा द्वारा उनका कुशल क्षेम पूछने के उपरांत प्राथमिक उपचार कराया गया तथा सूक्ष्म जलपान कराने के उपरांत वृद्ध महिला को स्थानीय थाना क्षेत्र के सुपौली निवासी उनके नाती मोहम्मद इस्माइल पुत्र मोहम्मद मुस्तकीम को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया।

# अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जिले के सभी थानों पर बीपीओ सिस्टम का उद्घाटन

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)**। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर जनता की समस्याओं को त्वरित निस्तारण कराने के लिए सिद्धार्थनगर जनपद के समस्त थानों पर बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) सिस्टम का उद्घाटन/शुभारम्भ किया गया। सर्किल स्तर के थानों पर शुभारम्भ सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण द्वारा व थानों पर प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा किया गया।

इस अभियान के तहत पुलिस की सबसे छोटी एवं महत्वपूर्ण इकाई बीट आरक्षी को प्रमुखता देते हुए अभियान चलाया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी को उनके बीट का चार्ज दिया जा रहा है। बीट आरक्षी द्वारा बीट क्षेत्र में रहकर आमजन से सम्पर्क स्थापित किया जायेगा तथा बीट क्षेत्र के शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच बीट आरक्षी द्वारा की जायेगी। इस अभियान के क्रम में बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने बीट क्षेत्र में जगह-जगह पर फोन नम्बर व फोटो युक्त पोस्टर लगवाये गये है, जिससे आम जनता बीट पुलिस अधिकारी से आसानी से सम्पर्क स्थापित करते हुए अपनी समस्याओं का समाधान करा सके । थाना मोहाना से सीओ सदर राणा महेंद्र प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष मोहाना जयप्रकाश दुबे द्वारा थाना मोहाना के बीट पुलिस अधिकारियों को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना करते हुए बीट पुलिस अधिकारी चौपाल अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बीट पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए सीओ राणा महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने बीट की जिम्मेदारी से ड्यूटी करे। जनमानस को सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है, उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की सूचना पुलिस को देता है, तो उसकी पहचान गुप्त रखी जएगी। किसी को भी पुलिस से डरने की जरूरत नही है, अपनी समस्या बताए, समस्या का निदान किया जाएगा। पुलिस तत्परता से सभी की सुरक्षा में लगी हुई है, और लोगों की भी जिम्मेदारी है कि यदि कहीं कुछ गलत होता है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।



अधिकारियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीओ सदर राणा महेन्द्र प्रताप सिंह।

2021/07/24 06:59

प्रधानमंत्री दौरे की तैयारियां तेज, एसपीजी, केंद्रीय पुलिस बल के साथ ही पीएसी व सिविल पुलिस के जवान भी रहेंगे सुरक्षा में

# तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी




**30** जुलाई को प्रस्तावित है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा, मेडिकल कॉलेज का करेंगे उद्घाटन

**25** जुलाई को मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित है प्रधानमंत्री के दौरे से पहले



30 जुलाई को जिले में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बीएसए ग्राउण्ड पर तैयार किया जा रहा वाटर प्रूफ पंडाल। • हिन्दुस्तान

सिद्धार्थनगर | **निज संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिले में 30 जुलाई को संभावित दौरा है। वह यहां नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का भौतिक व बाकी नौ अन्य मेडिकल कॉलेज का वर्चुअल उदघाटन करेंगे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। प्रधानमंत्री अभेद्य सुरक्षा घेरे में रहेंगे। सुरक्षा इतनी कड़ी होगी की परिंदा भी पर नहीं मार सकता। प्रधानमंत्री एसपीज की सुरक्षा घेरे में तो रहेंगे ही उनकी सुरक्षा में अर्द्धसैनिक बल व पीएसी के जवान के साथ पुलिस कर्मी भी रहेंगे। अर्द्धसैनिक बल व पीएसी के जवान बाहरी सुरक्षा देखेंगे। सिविल पुलिस अंदरूनी हिस्से में मौजूद रहेगी।

प्रधानमंत्री का हालांकि अभी तक मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम नहीं आया है फिर भी बुधवार से ही जिला व पुलिस प्रशासन तैयारियों व उनकी सुरक्षा का खाका तैयार कर रहा है। बीएसएए ऑफिस के बगल में कार्यक्रम स्थल तैयार किया जा रहा है यहां से वह मेडिकल कॉलेज का उदघाटन के साथ कई अन्य परियोजनाओं की सौगात दे सकते हैं। प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित कर सकते हैं तैयारी इसी प्रकार की की जा रही है।

प्रधानमंत्री का सुरक्षा घेरा अभेद्य बनाने को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारी में जुटा है। जिले की फोर्स के अलावा, मंडल व जोन से फोर्स मंगाई जाएगी। जोन के बाहर से भी फोर्स मंगाने की योजना है। केंद्रीय सुरक्षा बल व पीएसी भी निगहबानी करेगी। सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए लगातार मीटिंगों का भी दौर जारी है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से ढाई किमी के दायरे में रहने वालों का पुलिस व खुफिया एंजेसी वेरीफिकेशन कर रही हैं।

**एसपी रैंक के अधिकारी करेंगे मॉनीटरिंगः** प्रधानमंत्री के जहां-जहां जाने की संभावना है उस क्षेत्र में तैनात होने वाली फोर्स की मानीटरिंग एसपी रैंक का अधिकारी करेगा। किसी की कहां ड्यूटी होगा पहले से तय होगा। जिसकी जहां ड्यूटी होगी उसे प्रधानमंत्री के प्रस्थान तक अपने जगह पर मौजूद रहना होगा।

**प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने आएंगे सीएमः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जुलाई को आने वाले हैं। इससे पहले 25 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की संभावना है। वह प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों की समीक्षा करेंगे और जरूरी निर्देश जिम्मेदारों को देंगे। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइंस में उतरेगा और वहां के सभागार में अधिकारियों संग वार्ता करेंगे। वह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल, मेडिकल कॉलेज का दौरा कर तैयारियों का जायजा लेंगे।

## बारिश से बचाव को बन रहा वाटर प्रूफ पंडाल

सिद्धार्थनगर | **निज संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम स्थल को प्रशासन चमकाने में लग गया है। बरसात का मौसम है ऐसे में किसी के पैर में कीचड़ न लगे, इसलिए जिला जेल के सामने से बीएसए ग्राउंड तक इंटर लॉकिंग सड़क बनाई जा रही है।

प्रधानमंत्री के कार्यकम में किसी प्रकार की कमी न रहने पाए प्रशासन इसे लेकर सजग है। अशोक मार्ग की घास, झाड़ियों की सफाई के साथ बीएसए ग्राउंड को चकाचक किया जा रहा है। जहां पर ग्राउंड धंसा हुआ है उसपर मिट्टी डाल कर लेबल किया जा रहा है। जिला जेल के सामने से बीएसए ग्राउंड तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण हो रहा है। बारिश होने पर कच्चा मार्ग कीचड़ से सन जाता था। बीएसए परिसर में जहां प्रधानमंत्री का कार्यक्रम है वहां पर दो बड़े-बड़े वॉटर प्रूफ पंडाल बनाया जा रहा है। बीएसए ग्राउंड में ही हेलीपैड का भी निर्माण किया जा रहा है जहां दिन रात काम चल रहा है। डीएम दीपक मीणा खुद ही पहुंच कर मॉनीटरिंग कर रहे है। जहां पर भी कमियां दिख रही हैं उसे दुरुस्त करने का निर्देश दे रहे हैं।

### तैयारी तेज

- जिला जेल के सामने से बीएसए ग्राउंड तक बन रही इंटरलॉकिंग सड़क
- एक-दूसरे से सटे लग रहे दो पंडाल, ग्राउंड के साथ ही अशोक मार्ग को किया जा रहा चकाचक

# नियम बता वाहन चालकों को किया गया जागरूक

सिद्धार्थनगर | निज संवाददाता

मार्ग दुर्घटनाओं को कम करने के लिए 22 से 28 जुलाई तक चलने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर ड्राइवरों को शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय पर जागरूक किया गया। साथ ही वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आशुतोष कुमार शुक्ल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन डॉ. प्रवेश कुमार सरोज, यात्रीकर अधिकारी राजेंद्र कुमार ने विभिन्न संगठनों से आए पदाधिकारियों पर ड्राइवरों को मार्ग दुर्घटना के बार में बताते हुए कहा कि अगर यातायात नियमों का पालन करेंगे तो खुद सुरक्षित रहेंगे और दूसरों को भी रख सकेंगे। अध्यक्ष टेम्पो/टैक्सी स्टैंड गुड्डू शुक्ल, राजेंद्र कुमार गुप्त, अरविंद कुमार वर्मा, मिनहाजुल होदा, अजय सिंह, रघुवर यादव आदि मौजूद रहे।

## 266 वाहनों का चालान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उलंघन कर फर्राटा भरने वाले 266 वाहनों का ई-चालान शुक्रवार को किया। इस दौरान वाहन स्वामियों से 2,93,800 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया ।

# जिले में बीट पुलिसिंग प्रणाली का शुभारंभ



बांसी में बीट प्रभारियों की जनजागरूकता रैली को शुक्रवार को कोतवाल छत्रपाल सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। ● हिन्दुस्तान

सिद्धार्थनगर | हिन्दुस्तान टीम

सिद्धार्थनगर पुलिस की सहायता आमजन तक सहजता से पहुंचाने व जनता की समस्याओं को त्वरित निस्तारण कराने को लेकर शुक्रवार को जिले के सभी थानों पर बीट पुलिस अधिकारी सिस्टम का शुभारंभ किया गया। सर्किल स्तर के थानों पर इसका शुभारंभ सीओ व थानों पर थानेदारों ने किया।

इस अभियान के तहत पुलिस की सबसे छोटी व महत्वपूर्ण इकाई बीट आरक्षी को प्रमुखता देते हुए अभियान चलाया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी को उनके बीट का चार्ज दिया जा रहा है। बीट आरक्षी की ओर से बीट क्षेत्र में रहकर आमजन से संपर्क स्थापित किया जाएगा और बीट क्षेत्र के शिकायती प्रार्थनापत्रों की जांच बीट आरक्षी की ओर से की जाएगी।

इटवा और त्रिलोकपुर थाने में भी बीट पुलिसिंग व्यवस्था का शुभारंभ हुआ। इटवा थाने पर इंस्पेक्टर ज्ञानेन्द्र राय और त्रिलोकपुर में रणधीर मिश्र ने बीट के पुलिस अधिकारियों को सिस्टम की बारीकियों का पाठ पढ़ाते हुए उन्हें कर्तव्यों और दायित्वों का भी भान कराया। इस दौरान जवानों में बीट पुस्तिका, वायरलेस हैंडसेट व असलहे भी वितरित किया गया। इंस्पेक्टरों ने बताया कि अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बीट पुस्तिका पर जानकारियों को अंकित करने होंगे। सिस्टम का रिहर्सल व औपचारिक उद्घाटन के साथ बीट पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर चौकी इंचार्ज बिस्कोहर राजेश शुक्ल, एसआई सुरेन्द्र तिवारी, मनोज पाण्डेय, जय प्रकाश तिवारी, अख्तर, बृजराज पाण्डेय, विष्व मोहन राय, अजय सिंह यादव, रमाकांत सरोज, कांस्टेबल बिन्द्रेश यादव, अंगद सिंह बघेल, राहुल आदि मौजूद रहे।

## बेहतर पुलिसिंग के लिए बीट प्रभारी को किया रवाना

**जोगिया।** जोगिया कोतवाली क्षेत्र के बीट प्रभारियों को थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। थानाध्यक्ष ने बीट प्रभारियों को इस निर्देश के साथ रवाना किया कि लोगों को पुलिस के प्रति विश्वास हो कि पुलिस हमारे साथ है और वह हमारी मदद हर मोंड पर करेगी। इसी से पुलिस और जनता के बीच सामन्जस्य की स्थापना होगी और जनता पुलिस के कार्यों में सहयेग करेगी। इससे अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# बदलाव : यशवीर सिंह सिद्धार्थनगर के नए एसपी



यशवीर सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने गुरुवार को देर रात सिद्धार्थनगर, जालौन, कासगंज व हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) समेत सात आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया।

जालौन के एसपी यशवीर सिंह सिद्धार्थनगर के नए एसपी बनाए गए हैं, जबकि राम अभिलाष त्रिपाठी को एसपी अभिसूचना गोरखपुर के पद पर तैनात किए गए हैं।

# पगडंडियों से आने वालों की हो रही जांच

**ककरहवा।** ककरहवा क्षेत्र के सीमाई इलाके लीलाडिहवा, झंगटी, सलहंतपुर, फरसादीपुर, निरंजनपुर, धनगढवा, लालपुर आदि गांवो खुली सीमा से सटे हैं। एसएसबी जवान पगडंढी वाले रास्तों से आने वालों की जांच कर रहे हैं। बगैर जांच के किसी को भी भारतीय सीमा में प्रवेश नहीं दे रहे हैं। 43वी वाहिनी सीमा चौकी ककरहवा व 66 वी वाहिनी हरिबंशपुर कंपनी इंस्पेक्टर राजकुमार का कहना हे कि बार्डर पर गश्त के दौरान पगडंडी रास्तों से आने वाले व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है।

# पीएम की सुरक्षा में सीमा के रखवालों ने बढ़ाई गश्त

## मुस्तैदी

सिद्धार्थनगर | **हिन्दुस्तान टीम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संभावित दौरा 30 जुलाई को जिले में है। उनके आगमन को लेकर उनके कार्यक्रम स्थल से लेकर इंडो-नेपाल बार्डर पर अभी से निगहबानी शुरू हो गई है। सीमा के मुख्य प्रवेश द्वार के अलावा पगडंडी के रास्तों पर एसएसबी जवान दिन-रात पेट्रोलिंग कर आने-जाने वालों पर नजर रख रहे हैं।

जिले की उत्तरी सीमा नेपाल से सटी है। 68 किमी लंबी खुली सीमा सुरक्षा को लेकर चुनौती बनी रहती है। परंपरगत मार्गो के अलावा अनगिनत गैरपरंपरागत मार्ग हैं जिससे आवाजाही दोनों ओर से लोगों की लगी रहती है। खुली सीमा होने से संवेदनशील रहती है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 30 जुलाई को संभावित दौरा भी लग चुका है ऐसे में सीमा के रखवाले एसएसबी जवान और मुस्तैद हो गए हैं। पगर्डडी रास्तों पर दिनरात निगहबानी कर रहे है जिससे शरारती तत्व प्रवेश कर अमन में खलल पैदा न कर सकें। खुनुवा, अलीगढ़वा, ठोठरी, बजहा आदि बार्डर पर एसएसबी जवान व खुफिया एजेंसियां सक्रिय हैं।

**बढ़नी बॉर्डर पर हाईअलर्ट, बढ़ी चौकसीः** बढ़नी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित आगमन को इंडो-नेपाल बॉर्डर बढ़नी पर सुरक्षा एजेंसियों ने चौकसी तेज कर दी है। बॉर्डर पर तैनात एसएसबी जवान सक्रिय हैं। नेपाल से आने वाले हर मालवाहक वाहनों एवं चालकों की सघन तलाशी की जा रही है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के संभावित दौरा को लेकर गुरुवार देर शाम



प्रधानमंत्री के संभावित दौरा को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर ककरहवा क्षेत्र में पगडंडी रास्तों की भी निगहबानी करते एसएसबी जवान। ● हिन्दुस्तान

एसएसबी के क्षेत्रक मुख्यालय गोरखपुर के डीआईजी मनजीत सिंह पड्डा ने बढ़नी बॉर्डर पर पहुंच कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। एसएसबी 50वीं वाहिनी बलरामपुर के डिप्टी कमांडेंट विक्रम अजीत सिंह को बढ़नी बॉर्डर पर इंडो-नेपाल के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समय-समय पर समन्वय बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती गांव एवं पगडंडी रास्तों पर लगातार निगरानी करने के लिए ग्रामीणों से संवाद स्थापित करने के लिए भी निर्देश दिए। बढ़नी एसएसबी बीओपी प्रभारी महेंद्र कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगामी दौरे को लेकर उच्चाधिकारियों से कोई लिखित आदेश नहीं मिला है। इसके बावजूद हमारे जवान सीमा पर पूरी सतर्कता के साथ तैनात हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जवानों को अलर्ट पर रखा गया है।

# त्रिस्तरीय घेरे में रहेगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा



मेडिकल कालेज में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते आइजी अनिल कुमार राय (मध्य में) एएसपी सुरेश चंद्र रावत (बाएं) ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** पीएम मोदी के जनपद आगमन पर फुलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उनके आसपास परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। इस तरह की व्यवस्था में पुलिस महकमा जुटा हुआ है। आइजी बस्ती मंडल अनिल कुमार राय ने शुक्रवार को मेडिकल कालेज परिसर का निरीक्षण किया। सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर एएसपी से जानकारी हासिल की।

> पीएम के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। वह त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में रहेंगे। प्रथम पंक्ति की कमान एसपीजी के जिम्मे होगी। जबकि बाहर की सुरक्षा व्यवस्था पुलिसकर्मी एवं पीएसी के जवान देखेंगे।
>
> **सुरेश चंद्र रावत,** एसएसपी

कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न होने पाए। इसकी तैयारी पहले से कर लें। रूट डायवर्जन आदि बिंदुओं पर भी चर्चा की। एएसपी ने कहा कि पूरा खाका जल्द तैयार कर लिया जाएगा।

बीएसए परिसर मैदान में 30 जुलाई को आयोजित जनसभा स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। परिसर के आसपास व मेडिकल कालेज के रास्ते पर घरों को चिह्नित किया गया है

। इन घरों की छतों पर सुरक्षा बल की तैनाती पीएम के आगमन के पूर्व से कर दी जाएगी। शहर के होटल, लाज की निगरानी अभी से शुरू कर दी गई है। रेलवे स्टेशन व रोडवेज पर पुलिस की गश्त अभी से बढ़ा दी गई है। अभिसूचना इकाई को सक्रिय रहने को कहा गया है। इनसे पल- पल की गतिविधियों की जानकारी एकत्र की जा रही है।

## सुरक्षा को लेकर किरायेदारों की सूची बना रही है पुलिस

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन व पुलिस अलर्ट मोड में है। सुरक्षा के सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए सघन जांच की जा रही है। पुलिस मुख्यालय से कंट्रोल रूम का संपर्क में बना हुआ है। वहां से लगातार दिशानिर्देश मिल रहे हैं। पुलिस व अभिसूचना विभाग के कर्मी इनका अनुपालन करने में लगे हैं। नगर में रहने वाले किरायेदारों की सूची बनाई जा रही है। वह कितने दिनों से रह रहे हैं, क्या करते हैं, इनकी गतिविधियां क्या है, शहर में इनके रहने का प्रायोजन क्या है और आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। इस संबंध में मकान मालिक का भी बयान दर्ज किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। एक सप्ताह पहले से ही होमवर्क शुरू हो गया है। शुक्रवार को आइजी बस्ती रेंज अनिल कुमार राय व एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने संयुक्त रूप से आयोजन स्थल के निकट के कई मोहल्लों का दौरा किया। किरायेदारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। वहीं सदर थाना पुलिस ने मोहल्ला के अनुसार टीम गठित की है जो सूची बनाने में जुटी है। अभिसूचना विभाग के कर्मचारी भी किरायेदारों को तस्दीक करने में लगे हैं। एसओ सदर केडी सिंह ने बताया कि नगर में करीब दस हजार परिवार किराये के मकान में रह रहे हैं। इनमें अधिकतर परिषदीय विद्यालय के शिक्षक व सरकारी कर्मचारी हैं। कुछ निजी कंपनियों में काम करने वाले भी किराये के मकान में रह रहे हैं। इन सभी का नाम व पता एकत्र किया जा रहा है।

### इन मोहल्ला में हैं सर्वाधिक किरायेदार

| मोहल्ला | किरायेदारों की संख्या |
|---|---|
| इंदिरानगर | 1100 |
| भीमापार | 1000 |
| पूरब पड़ाव | 300 |
| पिठनी | 250 |
| सिविल लाइन | 300 |
| पुरानी नौगढ़ | 500 |
| धरौली | 500 |
| जगदीशपुर | 250 |
| मधुकरपुर | 500 |
| परसा चौराहा | 300 |

# अपराधों पर अंकुश लगाना बीट पुलिसिंग का उद्देश्य

**जागरण टीम, सिद्धार्थनगर :** आम जनमानस के समस्याओं के सकुशल निस्तारण, महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने व महिला संबंधी अपराधों को रोकने के उद्देश्य बीट पुलिसिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। बीट पुलिसिंग का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। शोहरतगढ़ में सीओ प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि अपराध को रोकने के लिए गांवों में चौपाल लगाएं। अपराधियों एवं हिस्ट्रीशीटरों पर कार्रवाई करें। लोटन, शोहरतगढ़, इटवा, त्रिलोकपुर थाने में थाना प्रभारी ने कर्मियों को उनके कर्तव्यों की जानकारी दी गई।




शोहरतगढ़ थाना परिसर में बीट पुलिस अधिकारियों को रवाना करते सीओ प्रदीप कुमार यादव • जागरण

शोहरतगढ़ में सीओ प्रदीप कुमार यादव ने कर्तव्य और दायित्व के प्रति सतर्क रहने की नसीहत जवानों को दी। उन्होंने पुलिस कर्मियों को बीट पुस्तिका पर जानकारी अंकित करने, अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के साथ गणमान्य लोगों से मदद लेने की बात कही। थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ राजेन्द्र बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष ढेबरूआ दिनेश चन्द्र चौधरी,उप निरीक्षक रविकांत मणि त्रिपाठी,राघवेंद्र यादव, नंदा प्रसाद, नरेंद्र तिवारी, रिंकू तिवारी, रितेश पांडेय,गौरीश तिवारी, हरिओम कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे। एसओ लोटन अभिमन्यु सिंह ने इसका शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। कहा कि तैनात बीट आरक्षी क्षेत्र में जाकर समस्याओं को सुनें। लोगों को न्याय देने के लिए जो भी जरूरी हो इसे पूरा करें। किसी के साथ हर हाल में अन्याय न होने पाए। कहा कि अपराधियों व हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कार्रवाई होगी। जनता को सुरक्षा प्रदान की जायेगी। बीट प्रभारी मुख्य आरक्षी चन्द्रशेखर, संजय कुमार,मनीष गौड़,राम आसरे यादव, राजेंद्र यादव, संजय सिंह, राजकुमार पांडेय, रामनाथ यादव को रवाना किया। त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष रणधीर मिश्रा व इटवा थानाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार राय ने बीट प्रभारियों को उनके कर्तव्यों को बताते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देने क्षेत्र में रवाना किया। कहा कि बीट क्षेत्र से संबंधित शिकायतों को बीट प्रभारी देखेंगे।

## एक नजर में

### पुलिस ने 266 वाहनों का किया चालान

सिद्धार्थनगर : पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। 774 गाड़ियों को चेक किया गया। कागजात न होने और हेलमेट न लगाकर वाहन चलाने पर 266 वाहनों का चालान किया गया। शमनशुल्क के तौर पर 2,93,800रुपये वसूला किया गया। (जासं.)

### मारपीट के आरोपितों का शांति भंग में चालान

खेसरहा, सिद्धार्थनगर : मारपीट के अलग-अलग मामलों में खेसरहा पुलिस ने तीन लोगों को पाबंद किया है। पत्नी को मारने पीटने के आरोप में थाना क्षेत्र के टीकुर गांव निवासी इंद्रजीत, कठमोरवा निवासी रामचन्द्र को भूमि विवाद में एवं कपियवा निवासी महेश लोधी को गांव के ही एक व्यक्ति को फोन कर धमकाने व गाली देने के आरोप में पाबंद किया गया है। (जासं.)

# जनपद के नए पुलिस कप्तान बने यशवीर सिंह

**जासं, सिद्धार्थनगर:** प्रधानमंत्री के आने से एक सप्ताह पहले सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी को शासन ने गुरुवार की देर रात यहां से तबादला कर दिया। जालौन के पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह जनपद के नए पुलिस कप्तान बनाए गए हैं। यह वर्ष 2013 बैच के आईपीएस हैं। राम अभिलाष त्रिपाठी को यहां से पुलिस अधीक्षक अभिसूचना गोरखपुर के पद पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक अभिसूचना गोरखपुर कमलेश कुमार दीक्षित को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की जिम्मेदारी दी गई है।

नवागंतुक पुलिस अधीक्षक सिंह 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। यह मूल रूप से हरिद्वार के रायसी गांव के रहने वाले हैं। उनकी शुरूआती शिक्षा रायसी गांव से ही हुई। इसके बाद ग्रेजुएशन करने के लिए वे पंतनगर चले गए। यहां से उन्होंने पशु विज्ञान में स्नातक की डिग्री हासिल की। जिसके बाद वे अल्मोड़ा में पशु चिकित्सा अधिकारी बने। उन्होने अपनी पढ़ाई जारी रखी और 2013 में उनका चयन आईपीएस में हो गया। वह ट्रेनिंग के दौरान सहारनपुर में अपर पुलिस अधीक्षक ट्रेनिंग रहे। इसके बाद वह मुरादाबाद में एएसपी रहे। वहां से उन्हें अलीगढ़ का पुलिस अधीक्षक देहात के तौर पर तैनाती मिली। फिर उन्हें 5 अगस्त 2018 को गाजीपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया था।



एसपी यशवीर सिंह ● सौ इंटरनेट मीडिया

# अब ऑनलाइन मिलेगी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**यूपी कॉप एप पर अपलोड की जा रही पोस्टमार्टम रिपोर्ट**

**ऑनलाइन आवेदन के बाद निशुल्क मिलेगी रिपोर्ट**

**सिद्धार्थनगर।** अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए पीड़ित को थाना और पुलिस ऑफिस का चक्कर नहीं लगाना होगा। वे घर बैठे ऑनलाइन आवेदन करके रिपोर्ट प्राप्त कर सकेंगे। इस सुविधा के लिए पुलिस की यूपी कॉप एप पर आवेदन करना होगा। इसके बाद उन्हें आसानी से रिपोर्ट मिल जाएगी। जिले में हर पोस्टमार्टम रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

बदलते समय के साथ-साथ पुलिस भी स्मार्ट पुलिसिंग की ओर से तेजी से आगे बढ़ रही है। अब शिकायत सहित सारी सुविधाएं ऑनलाइन हो रही हैं। बावजूद इसके अभी तक लोगों को किसी अपने की मौत के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए लिखापढ़ी और दौड़ लगानी पड़ती थी। इसके बाद भी अधिकांश लोगों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिल पाता थी, जबकि यूपी कॉप एप पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त करने का आप्शन है।

अब तक जिले में 100 से अधिक लोग एप के माध्यम से पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी प्राप्त कर चुके हैं। एएसपी सुरेशचंद रावत ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट यूपी कॉप एप पर अपडेट किया जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन के बाद निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

## इस प्रकार करें आवेदन

किसी भी साइबर कैफे या फिर स्मार्टफोन के जरिए पहले आवेदनकर्ता को गूगल प्लेस्टोर से यूपी कॉप एप फोन में इंस्टाल करना होगा। एप अपलोड होने के बाद एप पर क्लिक करेंगे। खुलने के बाद सर्विस ऑप्शन पर जाएंगे। यहां क्लिक करने के बाद चार ऑप्शन आएंगे। इसमें एक पोस्टमार्टम रिपोर्ट का होगा। इसमें क्लिक करने के बाद मोबाइल नंबर मांगा जाएगा। इसी मोबाइल नंबर पर ओटीपी नंबर आएगा। फिर आगे केस थाना सहित अन्य जानकारी ऑपडेट करनी होगी। फिर दो दिन के अंदर रिपोर्ट अपडेट हो जाएगा और निशुल्क मिल जाएगा।

# बीट पुलिसिंग व्यवस्था शुरू, अपराध पर लगेगी लगाम

## बीट पुलिस अधिकारियों को उनके कर्तव्य और दायित्वों की दी गई जानकारी, बाइक रैली निकाल लोगों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




चिल्हिया में बीट प्रभारियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीओ प्रदीप कुमार यादव। संवाद



बांसी थाना परिसर में बीट प्रभारियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर एसओ छत्रपाल सिंह ने रवाना किया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** जिले के सभी 18 थानों में शुक्रवार से बीट पुलिसिंग व्यवस्था लागू हो गई। इससे अपराध पर लगाम लगने के साथ ही अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई हो सकेगी। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकालकर लोगों को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। थाना प्रभारियों ने बीट प्रभारियों को संसाधन उपलब्ध कराकर रैली को रवाना किया।

बिस्कोहर प्रतिनिधि के अनुसार, त्रिलोकपुर थाने में शुक्रवार को बीट पुलिसिड्डग व्यवस्था शुरू की गई। प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा द्वारा सिस्टम की बारीकियों का पाठ पढ़ाया। बीट पुलिस अधिकारियों को उनके कर्तव्य और दायित्वों की जानकारी दी। कर्मियों को बीट पुस्तिका, वायरलेस हैंडसेट व असलहा वितरित किया। बीट पुस्तिका पर जानकारी अंकित करने, अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने व संभ्रांतजनों से मदद आदि के बारे में व्यवहारिक जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया। सिस्टम की रिहर्सल व औपचारिक उद्घाटन के साथ बीट पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि बीट पुलिसिंग सिस्टम से अपराध व अपराधियों पर अंकुश तो लगेगा ही। पुलिस भी सीधे जनता से जुड़ेगी। इस अवसर पर



लोटन कोतवाली में बीट सिपाहियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रभारी। संवाद

चौकी प्रभारी बिस्कोहर राजेश कुमार शुक्ल, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र तिवारी, मनोज पांडेय, जय प्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

लोटन प्रतिनिधि के अनुसार, कोतवाली में थाना प्रभारी अभिमन्यु सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बीट सिपाहियों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि बीट सिपाही अपने अपने गांव में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और जनता में विश्वास पैदा करेंगे। इस दौरान सिपाही चंद्र शेखर, राजेश यादव, संजय कुमार राय, राम आसरे यादव, राजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

जोगिया प्रतिनिधि के अनुसार, जोगिया कोतवाली में कर्मियों रैली निकाली गई। बीट प्रभारियों को उनके कर्तव्यों की जानकारी थाना प्रभारी ने दी। थाना प्रभारी तहसीलदार सिंह द्वारा, हेड कांस्टेबल तारकेश्वर यादव, रघुराज शर्मा, वीरेंद्र यादव, सुधांशु सिंह आदि मौजूद रहे। बांसी प्रतिनिधि के अनुसार, जनसमस्याओं के निस्तारण और महिला सशक्तीकरण की बेहतरी के लिए बीट प्रभारियों की जन जागरूकता रैली को कोतवाल छत्रपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोतवाल छत्रपाल सिंह ने कहा कि अपराध रोकने के लिए बीट प्रभारी आपके द्वार के तहत रैली निकाली गई है।

शोहरतगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार, शोहरतगढ़ सर्किल क्षेत्र के शोहरतगढ़, चिल्हिया और ढ़ेबरुआ थानों में सीओ प्रदीप कुमार यादव ने बीट प्रभारियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीओ ने सभी बीट प्रभारियों को प्रणाली की बारीकियां भी बताईं। उन्होंने कहा, इससे आमजन को सुरक्षा प्रदान होगी। शासन की इस व्यवस्था से गांव के छोटे विवादों को पुलिस गांव में ही निस्तारित करेगी। इससे लोगों थाने की भागदौड़ से निजात मिलेगा। इस दौरान चिल्हिया एसओ यशवंत सिंह, शोहरतगढ़ एसएचओ राजेंद्र बहादुर सिंह, ढेबरुआ एसएचओ दिनेश चंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

# गोवंशीय पशु के साथ एक गिरफ्तार

**सेमरियावां (एसएनबी)।** दुधारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर एक राशि गौवंशीय पशु और एक अदद नाजायज चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफतार कर लिया। मुकामी पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। थाना दुधारा के उपनिरीक्षक आनन्द कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर अपने हमराही सिपाहियों के साथ मदाइन कब्रिस्तान के पास शुक्रवार की सुबह 2.40 बजे छापा मारकर एक राशि गौवंशीय पशु और एक अदद नाजायज चाकू के साथ शाकिर अली पुत्र शकील निवासी सफियाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति पर मुअसं 227/21 धारा 3/5ए/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा मुअसं 228/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# वादी दिवस आयोजित

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन तफ्तीश के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के तीनों सर्किलों (खलीलाबाद, धनघटा व मेंहादवल) में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश व क्षेत्राधिकारी मेंहादवल अम्बरीष भदौरिया के नेतृत्व में सर्किल मुख्यालय पर वादी दिवस का आयोजन किया गया। संतकबीरनगर से लापता बच्चों और अपहृत किशोरियों को ढूंढ निकालने व पीड़ित परिजनों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने की पहल के ष्टिगत वादी दिवस में संबन्धित प्रकरण के पीड़ित परिजनों व विवेचकों को तलब किया गया । जनपद में कुल 16 लापता बालकों व अपहृत किशोरियों की बरामदगी शेष थी। पीड़ित परिजनों व पुलिस के बीच समन्वय बढ़ाकर जल्द से जल्द लापता बालकों अपहृत किशोरियों की बरामी हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरगर दिए गये दिशा निर्देशों का पालन करने व यथा शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने हेतु समस्त विवेचकों व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को बताया गया।

# सीओ धनघटा ने किया पैदल मार्च

**नाथनगर ।** पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश ने थानाध्यक्ष महुली धर्मेन्द्र कुमार सिंह के साथ शुक्रवार को मोलनापुर कस्बे में पहुंचकर पैदल गश्त करके लोगों को कोविड नियमों का पालन करने की सलाह दिया। इसके अलावा कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया। उनके सुझावों को मानने का आश्वासन देते हुए सीओ धनघटा ने चौक पर पहुंचकर उन्होंने व्यापारियों से मिलकर उनके चौकी क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति पर उनकी प्रतिक्रिया भी जानी। पैदल गश्त के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले दो पहिया वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के वाहन न चलाया जाय।

# मित्र पुलिस बनाने के लिए बीपीओ सिस्टम का शुभारंभ

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर के आदेश के क्रम में पुलिस की सहायता आमजन तक सहजता से पहुंचाने तथा जनता की समस्याओं को जल्द निस्तारण कराने के क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन में जनपद के समस्त थानो पर भी (बीपीओ) सिस्टम का उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि बीट पुलिस अधिकारी गांव में जाकर जन-मानस से वार्ता सूचना एकत्र कर अपराध पूर्ण अंकुश लगाने का कार्य करेंगे व अपराधियों की सूचना संकलित करेंगे। बीट पुलिस अधिकारी आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की जांच, चरित्र सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग निरोधात्मक कार्रवाई (107/116), संभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करेंगे तथा समन, वारंट का तामीला आदि का कार्य किया जाएगा। समस्त बेस्ट कप ऑफ द मंथ में से जनपद स्तर पर बेस्ट कप ऑफ द मन्थ थाना महुली पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारी हे.कां. जितेन्द्र कुमार राव को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस की सबसे छोटी एवं महत्वपूर्ण इकाई बीट आरक्षी को प्रमुखता देते हुए बीट पुलिस अधिकारी को उनके बीट का चार्ज दिया जा रहा है। बीट आरक्षी द्वारा बीट क्षेत्र में रहकर आमजन से सम्पर्क स्थापित किया जाएगा तथा बीट क्षेत्र के शिकायती प्रार्थना पत्रो की जच बीट आरक्षी द्वारा की जाएगी। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने बीट क्षेत्र में जगह-जगह पर फोन नम्बर व फोटो युक्त पोस्टर लगवाये गये है जिससे आम जनता बीट पुलिस अधिकारी से आसानी से सम्पर्क स्थापित करते हुए अपनी समस्याओं का समाधान करा सके।

## अपराध गोष्ठी अपराध काबू करे पुलिस

संतकबीरनगर (एसएनबी)। रात्रि में पुलिस लाइंस स्थित सभाकक्ष में पाक्षिक अपराध गोष्ठी में अभियोगों को वर्कआउट, महिला अपराध से संबंधित अभियोगों में की गई निरोधात्मक कार्रवाई व



पाक्षिक अपराध गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ।

कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, गुमशुदा बच्चों-अपहृत-अपहृता की बरामदगी करने, ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हेतु चिह्नित माफियाओं की सम्पत्ति का विवरण, अज्ञात महिला अपराधों पर पूर्ण अंकुश, पुराने मामलों के निस्तारण, अवैध शराब बिक्री-निष्कर्षण, मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, हत्या, दुष्कर्म, लूट, डकैती, चोरी व अपहरण के अपराधों पर पूर्णतया अंकुश लगाने व प्रभावी कार्रवाई तथा आईजीआरएस के लम्बित संदर्भो की समीक्षा की समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि समीक्षा बैठक में जनता द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्रवाई वांछित अभियुक्त वारंटियों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी, पुरस्कार घोषित अपराधियों के बारे में समीक्षा कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं शांति व्यवस्था में बांधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों पर विशेष रूप से सतर्क दृष्टि व आवश्यक कार्रवाई,आपराधिक घटना की सूचना पर घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने तथा आवश्यक कार्रवाई करने, अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व जनता की सुरक्षा हेतु प्रतिदिन किये जाने वाले पैदल गश्त, बैंक चेकिंग, संदिग्ध व्यक्ति-वाहनों की चेकिंग आदि के सम्बन्ध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## फेसबुक पर धार्मिक टिप्पणी करने पर युवक हिरासत में

नाथनगर | **हिन्दुस्तान संवाद**

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक को फेसबुक पर दूसरे धर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट करना महंगा पड़ गया। शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपने फेसबुक आईडी पर दूसरे धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट किया था। जिसके बाद दूसरे धर्म के लोगों में काफी आक्रोश हो गया था। सूत्रों की माने तो सोशल मीडिया पर इस दौरान उक्त युवक और दूसरे धर्म के लोगों के बीच जमकर पोस्ट वार भी चला था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने गुरुवार देर शाम पोस्ट डालने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है। लेकिन शुक्रवार को आपत्ति लगाने वाले दूसरे पक्ष के लोग थाने पर नहीं पहुंचे थे।

# पांच हत्यारोपितों की हुई जमानत याचिका निरस्त

संतकबीरनगर | विधि संवाददाता

सोखैती मामले को लेकर गैर इरादतन हत्या करने के पांच आरोपितों का जमानत प्रार्थना पत्र जनपद एवं सत्र न्यायाधीश महफूज अली की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। हत्यारोपी दूधनाथ निषाद, बहादुर, बिफन, रामलाल निषाद और अमरजीत निषाद पर सोखैती के मामले को लेकर लाठी डंडा से मार कर हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

मामला धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम गायघाट का है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आनन्द कुमार राय ने बताया कि इस मामले में मृतक देवमन की पत्नी मोरनी देवी ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कराया है। उनका आरोप है कि मत 13 जून की रात दस बजे बहादुर की पत्नी मुधुना देवी उनके देवर राजमन के पास सोखैती के लिए आई। मेरे बेटे राजू ने कहा कि कुछ जानते नहीं, सिर्फ हल्ला करते हैं। इसी बात को लेकर गांव के रामलाल, बिफन, बहादुर पुत्रगण श्यामपति, दूधनाथ व श्यामपति पुत्रगण रमई, मुधुना देवी पत्नी बहादुर, तलाही पत्नी श्यामपति, धानमती पुत्री श्यामपति व अमरजीत पुत्र संतलाल निवासी ग्राम नेतानगरी थाना महराजगंज जिला आजमगढ़ लाठी डंडे से राजू को मारने लगे। उसे बचाने के लिए मैं और पति देवमन निषाद एवं बेटे जानकी व सुरेश गए। उन्हें भी मारकर घायल कर दिया। मेरे पति बेहोश हो गए और राजू को गम्भीर चोंटे आई। सभी घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी हैंसर ले गए।

# सूचना पर तत्काल पहुंचें और कार्रवाई करें

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने कहा कि मातहतों को निर्देश दिया कि आपराधिक घटनाओं की सूचना पर तत्काल पहुंचकर कार्रवाई करें। लम्बित मामलों की विवेचनाओं को जल्द पूरा करें। लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वे गुरुवार की रात रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभाकक्ष में अपराध गोष्ठी कर रहे थे।



शुक्रवार को पुलिस लाइन में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते पुलिस अधीक्षक।

गोष्ठी के दौरान एसपी ने कहा कि जनता द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण शीघ्रता से करें। पीड़ितों को न्याय दिलाएं। अभियुक्तों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कराने में तेजी लाएं। वांछित अभियुक्त व वारंटियों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी, पुरस्कार घोषित अपराधियों के बारे में समीक्षा कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी कराएं। एसपी ने कहा कि अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों पर विशेष रूप से सतर्क नजर रखें। ऐसे लोगों से ही अशांति व कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का खतरा रहता है। इन पर आवश्यक कार्रवाई करने में लापरवाही न बरतें। उन्होंने जनता की सुरक्षा हेतु प्रतिदिन किये जाने वाले पैदल गश्त, बैंक चेकिंग, संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग आदि के सम्बन्ध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, गुमशुदा बच्चों, अपहृत व अपहृता की बरामदगी करने, ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हेतु चिन्हित माफियाओं की सम्पत्ति का विवरण की समीक्षा की। अज्ञात अभियोगों को वर्क आउट, महिला अपराध से सम्बन्धित अभियोगों में की गई निरोधात्मक कार्रवाई व महिला अपराधों पर पूर्ण अंकुश की जानकारी ली। आईजीआरएस के लम्बित मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसे प्राथमिकता पर निपटाएं। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष के साथ ही अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# एक पशु के साथ पुलिस ने तस्कर को पकड़ा

**संतकबीरनगर।** दुधारा पुलिस ने एक प्रतिबंधित पशु व एक बोगदा, एक अवैध चाकू व एक लकड़ी के ठेहा के साथ शाकिर अली पुत्र शकील निवासी साफियाबाद को थाना क्षेत्र के मदाईन गांव से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम तथा बरामद अवैध चाकू व बोगदा के सम्बन्ध में आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया।

# थानों में बीपीओ सिस्टम लागू, मित्र बनेगी पुलिस

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

जनपद पुलिस को मित्र पुलिस बनाने के लिए बीपीओ सिस्टम का शुभारंभ किया गया। यह सिस्टम पुलिस को मित्र पुलिस बनाने में मदद करेगा। इसके तहत आमजन तक सहजता से पुलिस की सहायता पहुंचेगी। इस योजना में जनता की समस्याओं का जल्द निस्तारण कराने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए बीट बांट कर बीट पुलिस अधिकारी को उनके बीट का चार्ज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि जनपद के समस्त थानों पर भी बीपीओ (बीट पुलिस अफसर) सिस्टम की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत पुलिस की सबसे छोटी एवं महत्वपूर्ण इकाई बीट आरक्षी को प्रमुखता दी गई है। बीट पुलिस अधिकारी को उनके बीट का चार्ज दिया जा रहा है। बीट आरक्षी अपने बीट क्षेत्र में रहकर आमजन से सम्पर्क स्थापित करेगा। बीट क्षेत्र के शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच बीट आरक्षी द्वारा की जायेगी। बीट पुलिस अधिकारी अपने बीट क्षेत्र में जगह-जगह पर फोन नम्बर व फोटो युक्त पोस्टर लगवा रहे हैं। जिससे आम जनता बीट पुलिस अधिकारी के साथ आसानी से सम्पर्क स्थापित करते हुए अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेगी। बीट पुलिस अधिकारी गांव में जाकर लोगों से वार्ता कर सूचना एकत्र कर अपराध पर पूर्ण अंकुश लगाएंगे।

### व्यवस्था

- सभी थाना क्षेत्रों में हुआ शुभारंभ, आमजन तक सहजता से पहुंचेगी पुलिस की सहायता
- बीट पुलिस अधिकारी को उनके बीट का चार्ज दिया, समस्याओं के निस्तारण पर रहेगा जोर



शुक्रवार को बखिरा थाना में बीपीओ सिस्टम की शुरुआत करते पुलिसकर्मी।

### इन कार्यों की भी होगी जिम्मेदारी

जनपद के अपराधियों की सूचना संकलित करने के साथ ही बीट पुलिस अधिकारी आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की जांच, चरित्र सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग निरोधात्मक कार्यवाही, संभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने, समन-वारंट की नोटिस तामिला आदि कार्य भी करेंगे।

### बेहतर कार्य करने पर पुलिसकर्मी सम्मानित

बीपीओ द्वारा थानों की बीट क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने व जनता के साथ उत्तम व्यवहार कर आम लोगों में पुलिस की सकारात्मक छवि बनाने व अपराध नियंत्रण करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके लिए इन्हें सर्वोत्तम बीट पुलिस अधिकारी माह जून 2021 चुना गया। समस्त बेस्ट कॉप ऑफ द मन्थ में से जनपद स्तर पर बेस्ट कॉप ऑफ द मन्थ थाना महुली पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारी हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार राव को सम्मानित किया गया।

# कल्याण समिति ने किशोरियों को संरक्षण के लिए सौंपा

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

बाल कल्याण समिति ने चार मामले में पेश की गई किशोरियों को संरक्षण के लिए सौंपा। तीन को उनके परिजनों को दिया व एक को राजकीय बालिका गृह मोतीनगर लखनऊ भेजा। इन्हें जिले की अलग-अलग थाना की पुलिस ने पेश किया था। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष अमित कुमार उपाध्याय व सदस्य सत्यप्रकाश उर्फ टीटू ने दी।

थाना बेलहर कला कि पुलिस ने एक 16 वर्षीय किशोरी को संरक्षण के लिए पेश किया। किशोरी के माता-पिता किशोरी को संरक्षण में लेने के लिए समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। किशोरी भी अपने घर नहीं जाना चाहती थी ऐसी दशा में किशोरी को संरक्षण हेतु राजकीय बालिका गृह मोतीनगर लखनऊ में संरक्षित किए जाने का आदेश दिया गया। थाना महुली की पुलिस द्वारा एक 17 वर्षीय किशोरी को संरक्षण के लिए पेश किया। इस किशोरी के संबंध में 13 जुलाई 2021 को उसकी माता ने थाना महुली पर मुकदमा दर्ज कराया था। कहा था कि अभियुक्त उसकी अवयस्क पुत्री को बहला-फुसलाकर अपहृत कर लिया है।

# तीनों सर्किलों में मना वादी दिवस

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद के समस्त सर्किलों पर वादी दिवस आयोजित किया गया।

23 जुलाई को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन तफ्तीश चलाया जा रहा है। लापता बच्चों और अपहृत किशोरियों को ढूंढ़ निकालने व पीड़ित परिजनों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने की पहल की गई है। क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश व क्षेत्राधिकारी मेंहादवल अम्बरीष भदौरिया के नेतृत्व में सर्किल मुख्यालय पर वादी दिवस का आयोजन किया गया। वादी दिवस में सम्बन्धित प्रकरण के पीड़ित परिजनों व विवेचकों को तलब किया गया। कुल 16 लापता बालकों व अपहृत किशोरियों की बरामदगी शेष थी।

# गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी करके दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मेंहदावल जयवर्धन सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के सोनबरसा मोड़ पर छापेमारी के दौरान मोहम्मद असलम निवासी नई बाजार व बजरंगी निवासी उत्तरपट्टी थाना मेंहदावल को 550 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

# पुलिस ने चार अपहृत किशोरियों को सीडब्ल्यूसी के समक्ष किया पेश

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जिले के बेलहरकला, महुली, धनघटा व धर्मसिंहवा थाने की पुलिस ने शुक्रवार को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया। इसमें से एक किशोरी को समिति के सदस्यों ने राजकीय बालिका गृह मोतीनगर-लखनऊ भेज दिया। वहीं तीन किशोरियों को उनके माता-पिता को सौंप दिया।

## कार्रवाई

- किशोरियों का बहला-फुसलाकर किया गया था अपहरण
- बरामदगी के बाद इन किशोरियों को समिति के समक्ष पेश किया गया

समिति के अध्यक्ष अमित कुमार उपाध्याय व सदस्य सत्य प्रकाश उर्फ टीटू ने बताया कि बेलहरकला क्षेत्र की रहने वाली किशोरी का अपहरण हो जाने पर मां ने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने 22 अक्टूबर 2020 को मुकदमा दर्ज किया था।

किशोरी की बरामदगी के बाद उसे संरक्षण के लिए यहां पर लाया गया। उसके माता-पिता समिति के समक्ष में उपस्थित नहीं हुए और किशोरी घर नहीं जाना चाहती थी। इसलिए उसे राजकीय बालिका गृह मोतीनगर-लखनऊ भेज दिया गया।

महुली क्षेत्र की 17 वर्षीय किशोरी के बारे में पता चला कि किशोरी को आरोपित युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। मां की तहरीर पर मुकामी पुलिस ने 13 जुलाई 2021 को मुकदमा दर्ज किया था।

किशोरी को उसकी मां के हवाले कर दिया गया। धनघटा क्षेत्र और धर्मसिंहवा क्षेत्र की 16 वर्षीय किशोरी को काउंसिलिंग के बाद मां को सौंप दिया गया।

# गोवंशीय पशु और चाकू के साथ तस्कर गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को दुधारा पुलिस ने मदाईन के पास से गोवंशीय पशु, अवैध चाकू और बोकदा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। एसओ विनय पाठक ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए तस्कर की पहचान शाकिर अली निवासी साफियाबाद थाना दुधारा के रूप में हुई। पकड़े गए तस्कर के खिलाफ सीएस एक्ट और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने शुक्रवार को 550 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को पकड़ा। एसओ जयवर्धन सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद असलम निवासी नई बाजार, पश्चिम टोला थाना बखिरा और बजरंगी निवासी उत्तरपट्टी कस्बा मेंहदावल के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। ब्यूरो

# सीओ कार्यालय पर वादी दिवस मनाया गया



खलीलाबाद के सीओ कार्यालय में वादी दिवस मनाया गया। संवाद

**संतकबीरनगर।** जनपद के तीनों सर्किल के सीओ कार्यालय पर शुक्रवार को वादी दिवस मनाया गया। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि खलीलाबाद, धनघटा और मेंहदावल सीओ कार्यालय पर वादी दिवस मनाया गया है। इसमें ऑपरेशन तफ्तीश के अंतर्गत जिले से लापता बच्चों और अपहृत किशोरियों को ढूंढ निकालने व पीड़ित परिजनों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने की पहल के तहत पीड़ित परिजनों व विवेचकों को तलब किया गया। जनपद में कुल 16 लापता बालकों व अपहृत किशोरियों की बरामदगी शेष बची है। पीड़ित परिजनों व पुलिस के बीच समन्वय बढ़ाकर जल्द से जल्द लापता बालकों/अपहृत किशोरियों की बरामदगी के लिए सभी को निर्देश दिए गए हैं। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

# नियमित व्यायाम करें जवान : एसपी

## परेड

गोण्डा | संवाददाता

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार को परेड की सलामी ली और परेड व आरटीसी रिक्रूटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद दौड़ भी लगवाई। पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिसकर्मियों को अपने स्वास्थ्य को बरकरार रखने के लिए विशेषकर कोविड-19 महामारी के बचाव करने, शारीरिक गतिविधियों जैसे दौड़, खेलकूद, व्यायाम को नियमित तौर पर करते रहने का निर्देश दिया।

परेड के दौरान दोपहिया/चारपहिया पीआरवी वाहनों को चेक किया जिसमें बेहतर रखरखाव पर चारपहिया चालक मुख्य आरक्षी वीरेंद्र यादव, आरक्षी गुरु वचन, चालक जगत राम को पुरस्कृत करने का भी आदेश किया। साथ ही घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए ड्रिल करवाई, अच्छा प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को भी पुरस्कृत किया। परेड के बाद एसपी ने आरटीसी परिसर, बैरक, भोजनालय, पुलिस जलपान गृह, आरक्षी आवास, क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, कार्यालय, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया। कमी मिलने पर संबंधित को तत्काल कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। आदेश कक्ष में गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक, परिवहन शाखा प्रभारी, आरटीसी प्रभारी रहे।



पुलिस लाइन में मॉकड्रिल करते पुलिस के जवान • हिन्दुस्तान

Scanned with CamScanner

# एसओ को आईजी ने सम्मानित किया

**उमरीबेगमगंज।** अपराधियों पर नकेल कसने व पंजीकृत अपराधों की विवेचनाओं व अंतिम रिपोर्टों को समयबद्ध तरीके से न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करने पर उमरी बेगमगंज के थानाध्यक्ष करूणाकर पांडे को आईजी राकेश सिंह ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया है। उन्होंने उत्साहवर्धन करते हुए अन्य थानाध्यक्षों और पुलिस कर्मियों को कर्तव्य के प्रति निष्ठावान बनने की नसीहत भी दी। उन्होंने कम समय के कार्यकाल में बेहतर कार्य करने पर थानाध्यक्ष की प्रशंसा की।

CS Scanned with CamScanner

# हत्यारोपी पति गिरफ्तार

**करनैलगंज।** पत्नी की हत्या करके फरार चल रहे पति को पुलिस ने आलाकत्ल समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित के पास से पुलिस ने आला कत्ल व डंडा भी बरामद किया है। करनैलगंज कस्बा पुलिस चौकी क्षेत्र के सुक्खा पुरवा में गत मंगलवार की रात आशिक अली पुत्र ऐश मोहम्मद ने अपनी पत्नी की मारपीट कर हत्या कर दी थी। इसके बाद हत्यारा पति मौके से भाग गया था। करनैलगंज पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ अभियोग दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक परशुराम सिंह, उपनिरीक्षक मनीष कुमार, आरक्षी विकास यादव की टीम ने उसे गिरफ्तार किया है।

# व्यापारियों से की वार्ता

**गोंडा** : पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से वार्ता किया। उनकी समस्याएं जानीं। शहर के अंदर यातायात व्यवस्था व जाम लगने की स्थिति से निजात दिलाने की बात कही। (संसू)

# न्यायालय में मुकदमों की प्रभावी पैरवी करें पैरोकार

**संसू, गोंडा :** गैंगस्टर, माफिया, महिला संबंधी, पाक्सो एक्ट के अपराधों की न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपितों को सजा दिलाई जाए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस लाइन सभागार में सभी थानों में नियुक्त न्यायालय पैरोकार व कोर्ट मुहर्रिर के साथ एक गोष्ठी की। मुकदमों से संबंधित केस डायरी, आरोप पत्र व अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में समय से दाखिल कराने, गवाहों के बयान अंकित कराने, पैरोल पर छूटे आरोपितों की डिटेल प्राप्त कर संबंधित को अवगत कराने के निर्देश दिए। उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कोर्ट मुहर्रिर अनूप मौर्य व मुख्य आरक्षी गुंजन को पांच-पांच सौ रुपये का नकद पुरस्कार एसपी ने दिया।

इसके पूर्व एसपी ने पुलिस लाइन मैदान में परेड का निरीक्षण किया। आरक्षियों ने एसपी को सलामी दी। डायल 112 के वाहनों की चेकिंग की। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए ड्रिल करवाई गई। एसपी ने भोजनालय, पुलिस जलपान गृह, बैरक, आरक्षी आवास, शस्त्रागार, परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। थानों पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरक्षियों का सम्मेलन किया। समस्याएं जानीं। बीट के बारे में एसपी ने जानकारी ली। मनकापुर के आरक्षी सत्यम शिवम सिंह को अच्छे कार्य के लिए पांच सौ रुपये का नकद पुरस्कार दिया। इसके बाद एसपी ने 30वीं वाहिनी पीएसी में सैनिक सम्मेलन कर पीएसी जवानों की समस्याएं सुनीं। उपसेनानायक उमेश कुमार यादव, अशोक कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना से बचें नियमों का करें पालन

**संसू, गोंडा :** सड़क पर चलते समय यातायात नियमों पर पालन करें। वाहन चला रहे हैं तो मोबाइल पर बात न करें। नियमों का पालन करके ही सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। उक्त बातें देवीपाटन मंडल के संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अजय कुमार ने प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन चालकों की बैठक में कही।

आरटीओ ने कहा कि मार्ग पर चलने की गति निर्धारित है। अनावश्यक तेज गति से गाड़ी न चलाएं। सड़क पार करते समय इधर-उधर जरूर देखें। उन्होंने कहा कि सतर्कता से ही दुर्घटना से बचा जा सकता है। सबको जागरूकता से वाहन चलाने की सीख दी। आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव ने कहा कि वाहन चलाते समय जिम्मेदारी बढ़ जाती है। नियमों के पालन को लेकर गंभीरता बरतें। एआरटीओ बबिता वर्मा ने कहा कि हेलमेट पहनकर ही दो पहिया वाहन चलाएं। सीटबेल्ट का उपयोग करें।

## एक नजर में

# पुलिस ने हत्यारोपित पति को किया गिरफ्तार

कर्नलगंज : बकरीद के दिन पत्नी की हत्या करने के आरोपित पति आशिक अली उर्फ गोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुक्खा पुरवा निवासी आशिक अली ने मामूली विवाद के चलते अपनी पत्नी शैनुल की डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी और फरार हो गया था। सीओ मुन्ना उपाध्याय ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। (संस)

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिसकर्मी सम्मानित

**संसू, गोंडा :** देवीपाटन मंडल के जिलों में तैनात 20 पुलिसकर्मियों को आइजी ने बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया। सभी को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने की सीख दी। शिविर कार्यालय में पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह ने विभिन्न जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों के कार्यों की समीक्षा की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रभारी निरीक्षक थाना उमरीबेगमगंज करुणाकर पांडेय, प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर श्रावस्ती, महिला आरक्षी साधना महिला थाना बहराइच, मुख्य आरक्षी गुरु प्रसाद सिंह क्षेत्राधिकारी कार्यालय उतरौला बलरामपुर सहित कुल 20 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।



महिला आरक्षी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते आइजी डा. राकेश सिंह ● जागरण

# शांतिभंग के आरोप में सात गिरफ्तार

खरगूपुर(गोंडा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से शांतिभंग की आशंका में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें सिद्धि पुरवा मनोहर जोत निवासी पवन व रोहित बदलू, पांडेय पुरवा बैदौरा बाजार निवासी प्रमोद व इनके पिता जगराम पुत्र ननकऊ, रुपईडीह गांव निवासी राजू मौर्य पुत्र बनारसी, अनिल कुमार उर्फ दद्दू व इनके पिता कृपाराम उर्फ़ पुत्तन पुत्र शीतला प्रसाद शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सोनकर ने बताया कि सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

CS Scanned with CamScanner

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

# महिला आरक्षियों का सम्मान किया

**बलरामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने उत्कृष्ट कार्य के लिए रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में तैनात महिला आरक्षी बीनू सिंह तथा अंजू यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम उदयपुर निवासिनी वृद्ध महिला ने आरक्षी बीनू सिंह तथा अंजू यादव से पारिवारिक विवाद को लेकर शिकायत दर्ज कराई। जिस पर शिकायत का संज्ञान लेते हुए दोनों आरक्षियों ने वृद्ध महिला को निजी वाहन से उनके घर पहुंचाया। साथ ही उसके परिजनों को समझा-बुझाकर समस्या का निस्तारण करवाया।

# पुराने मामले जल्द से जल्द हल करें: एसपी

**हर्रैया सतघरवा।** शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरविन्द मिश्रा ने थाना हर्रैया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय, थाना परिसर, आरक्षी बैरक, आरक्षी/उपनिरीक्षक आवास, भोजनालय व मलखाना की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। महिला हेल्पडेस्क रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, शिकायत कर्ताओं के लिए जलपान की व्यवस्था, शिकायत लेकर आने वाली महिला शिकायतकर्ताओं के साथ उचित व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए भी कहा।

# उतरौला पुलिस ने पांच जुआरियों को पकड़ा

**उतरौला।** स्थानीय कोतवाली की पुलिस ने शुक्रवार को ग्राम ढेबरुवा प्राथमिक पाठशाल से पांच जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा है। जुआरियों के पास से 52 ताश के पत्ते व 6710 रुपये बरामद हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक उतरौला पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग जीत-हार की बाजी लगाकर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर उप निरीक्षक गौरव सिंह तोमर ने मय टीम के साथ ग्राम ढेबरुवा प्रा. पाठशाल से अभियुक्तगण गुलाम हुसैन पुत्र नसरुल्ला, फरीद पुत्र लाल मोहम्मद, फारुख अहमद पुत्र इकबाल हसन, साजिद पुत्र मोहम्मद सलीम व अब्दुल सुभानी पुत्र लाल मोहम्मद को गिरफ्तार किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिसकर्मी सम्मानित

**संसू, गोंडा :** देवीपाटन मंडल के जिलों में तैनात 20 पुलिसकर्मियों को आइजी ने बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया। सभी को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने की सीख दी। शिविर कार्यालय में पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह ने विभिन्न जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों के कार्यों की समीक्षा की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रभारी निरीक्षक थाना उमरीबेगमगंज करुणाकर पांडेय, प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर श्रावस्ती, महिला आरक्षी साधना महिला थाना बहराइच, मुख्य आरक्षी गुरु प्रसाद सिंह क्षेत्राधिकारी कार्यालय उतरौला बलरामपुर सहित कुल 20 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।



महिला आरक्षी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते आइजी डा. राकेश सिंह ● जागरण

# चोरी का मोबाइल बरामद

**हरैया सतघरवा :** पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ नईम बाबू निवासी सोनपुर को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया है। इसके बाद आरोपित के उपर उचित कार्रवाई की जाएगी।( संसू )

# अवैध तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** रेहरा बाजार थाने की पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसआई स्वतंत्र कुमार गुप्ता ने बताया कि एसआई रमेश चंद्र उपाध्याय आदि की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो लोगों को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान थाना रेहरा बाजार के ग्राम रेहरा बाजार निवासी अभिषेक वर्मा व शुक्लपुरवा सोनापार निवासी आलोक विश्वकर्मा के रूप में है। दोनों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। संवाद

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

# कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बलहा।** नानपारा कोतवाली के दरोगा मंतराम ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ बसंतपुर निवासी श्याम राज को पकड़ा। इसी कोतवाली में तैनात सिपाही संतोष चौधरी व अजय यादव ने बहादुरपुरवा निवासी पन्ने लाल को 20 लीटर कच्ची शराब बरामद के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

# छेड़छाड़ का केस दर्ज

**बलहा।** नानपारा कोतवाली के एक गांव निवासिनी महिला ने छेड़छाड़ व दलित उत्पीड़न अधिनियम की धाराओं में एक युवक को नामजद कर केस दर्ज कराया है। पीड़िता महिला के मुताबिक उसकी बेटी के साथ गांव के ही एक युवक ने छेड़छाड़ की।

# रेप मामले में दस वर्ष के कारावास की सजा

बहराइच | संवाददाता

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, रेप एंड पाक्सो कोर्ट प्रथम के जज नितिन पांडेय ने आरोपी पर दोष सिद्ध पाए जाने पर दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषसिद्ध अपराधी पर 40 हजार का अर्थ दंड लगाया है। अदा न किए जाने पर डेढ़ वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। कोर्ट ने जुर्माना की आधी धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

रुपईडीहा थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति की 13 वर्षीय पुत्री 16 अगस्त 2006 की रात में घर में सोई हुई थी। एक युवक रात में लगभग एक बजे दीवार फांदकर घर में घुसा। किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंस कर उसके साथ रेप किया। किशोरी ने कड़ा प्रतिरोध किया। मुंह से कपड़ा हटते ही उसके शोर मचाने पर जब घर के लोग दौड़े, तो हमलावर फरार हो गया, किन्तु वह पहचान लिया गया। 18 अगस्त को इस मामले में घर में घुसकर रेप की धाराओं में केस दर्ज कराया गया। इस मामले में रुपईडीहा थाने के देवरा के मजरे सरवनतारा निवासी लव कुमार उर्फ बड़कऊ पुत्र झुन्ना लाल नामजद किया गया। किशोरी का पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराया। कोर्ट में बयान दर्ज कराए गए। तहकीकात के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल होने के बाद विचारण शुरू हुआ। कोर्ट ने सभी गवाहों को भी सुना। शुक्रवार को कोर्ट ने बचाव पक्ष व अभियोजन से एडीजीसी गिरीश चंद्र शुक्ला के तर्कों को सुनाया। आरोपी लव कुमार बड़कऊ पर दोषसिद्ध होने पर दस वर्ष के सश्रम कारावास व 40 हजार के अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

### कोर्ट का फैसला

- दोषसिद्ध अपराधी पर ठोंका 40 हजार का जुर्माना
- जुर्माना धनराशि से 20 हजार पीड़िता को दिए जाने के आदेश


# पिकअप पर लदी चोरी की सात बाइक बरामद

धरपकड़

बहराइच | संवाददाता

हुजूरपुर इलाके के नटबीर बाबा स्थल के पास शुक्रवार को एसओजी व हुजूरपुर थाने की संयुक्त टीम ने दबिश दी। एक पिकप पर लदी चोरी की सात बाइक बरामद की गई। वाहन चोर सरगना सहित चार अन्तर्जनपदीय वाहन चोर पकड़े गए हैं। इनके पास से असलहे, कारतूस भी मिले हैं। अधिकांश चोरी की बाइक लखनऊ इलाके की हैं।

एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि एसओजी प्रभारी मुकेश कुमार सिंह को शुक्रवार को भनक लगी कि कुछ वाहन चोर हजुरपुर इलाके में है। वह नेपाल जाने की फिराक में हैं। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व सीओ कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एसओजी प्रभारी ने अपनी टीम के साथ हुजूरपुर एसएचओ निखिल कुमार श्रीवास्तव से सम्पर्क साधा। संयुक्त टीम ने तलाश शुरू की। नटबीर बाबा स्थल के पास एक पिकप आती दिखी। घेराबंदी कर उसे रोका गया। केबिन में चालक सहित मौजूद चारों लोगों को पुलिस ने कब्जे में कर वाहन की तलाशी ली। उसमें सात बाइक लदी थीं।



हुजूरपुर थाने में चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार वाहन चोर। • हिन्दुस्तान

### गैंग का मास्टरमाइंड सरगना है रामनरेश

अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का मास्टर माइंड सरगना राम नरेश सोनकर है। इसके गैंग में लगभग आधा दर्जन वाहन चोर है। यह गैंग लखनऊ, गोंडा इलाके से वाहन चोरियों की वारदातें कर सरहद पार नेपाल में वाहनों की बिक्री करता है। वाहनों को भारत- नेपाल की सरहद से पहले तक पहुंचाई जाती है। फिर वाहन चोर नेपाल के पगडंडी मार्ग से सरहद पार पहुंचकर नेपाल में वाहन चोर गैंग के जरिए बाइकों की बिक्री करता है। रामनरेश पर बहराइच, श्रावस्ती, लखनऊ व गोंडा के थानों में नौ विभिन्न आपराधिक केस दर्ज हैं। जबकि बदलू पर चार, दादे उर्फ भगवान दीन पर तीन व उमेश पर पहले से दो आपराधिक केस दर्ज हैं।

# मोबाइल पाकर खिल उठे लोगों के चेहरे

सराहना

- सर्विलांस सेल की कोशिश से 35 गायब मोबाइल मिले
- करीब छह लाख कीमत के हैं सभी मोबाइल सेट

बहराइच | संवाददाता



एसपी कार्यालय पर बरामद मोबाइल को उनके मालिकों को सौंपते एएसपी सिटी।

मोबाइल अगर व्यक्ति को मिले तो उसकी खुशी का समुन्दर हिलौरे लेने लगता है। एसपी के निर्देश पर सर्विलांस सेल ने पिछले दिनों गायब हुए 35 मोबाइल फोन को तलाश कर उनके मालिकों को सौंपे, अपने मोबाइल पाकर महीनों से मायूस मोबाइल धारकों के चेहरे खिल उठे।

पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने नागरिकों के खोये हुए मोबाइल बरामद करने को सर्विलांस सेल को टास्क सौंपा था। चलाये गए अभियान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जनशिकायत सेल में जिले के विभिन्न थानों से मोबाइल गुमशुदगी के सीधे प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे। जिन्हें बरामद किए जाने को उन्होंने सर्विलांस सेल को निर्देशित किया गया था। सर्विलांस सेल की ओर से नागरिकों के खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के लगभग 5.90 लाख रुपये के 35 मोबाइलों को बरामद किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सर्विलांस सेल के माध्यम से बरामद किए गए मोबाइल फोन को उनके वास्तविक धारकों को वितरित किया। अपने खोये हुए मोबाइल फोन पाकर लोगों ने पुलिस के कार्य की सराहना की।

# अपहरण का आरोपित किया गया गिरफ्तार

संसू, रिसियामोड़(बहराइच): रामगांव पुलिस ने थाने में दर्ज अपहरण के मामले के आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपित सरोज निवासी खेड़ा थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत की नगर कोतवाली इलाके के नगर रोडवेज बस स्टैंड पर मौजूद होने की सूचना पर एसआई अमित सिंह, आरक्षी संजय यादव, अनुराग सिंह ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस व एसओजी टीम की मुठभेड़ में चार गिरफ्तार

**संसू, बहराइच:** हुजूरपुर के निबुईकला गांव में असलहों के बल पर बंधक बनाकर 81 भेड़ों को उठा ले जाने वाले डकैतों को पुलिस व एसओजी टीम ने शुक्रवार भोर में मुठभेड़ के दौरान चार को दबोच लिया। आरोपितों के पास से सात बाइक, एक पिकअप, दो तमंचा, तीन कारतूस व अन्य सामान बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि डकैती कर ले जाई गई भेड़ों को उन्होंने नेपाल में बेचा था।

निबुईकला निवासी रामपाल के बाड़े से 10 जुलाई को असलहों से लैस डकैतों ने 81 भेड़ जबरन उठा कर पिकअप पर लाद लिया और गायब हो गए। विरोध करने पर रामपाल की पिटाई भी की। पुलिस की सक्रियता बढ़ने पर डकैत सूनसान स्थान पर 50 भेड़ों को छोड़कर चले गए थे, जिसे पुलिस ने बरामद कर मवेशी मालिक के सुपुर्द कर दिया था।

पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने डकैतों को पकड़ने के लिए थाना प्रभारी हुजूरपुर निखिल श्रीवास्तव व एसओजी प्रभारी मुकेश सिंह को लगाया गया था। शुक्रवार भोर सर्विलांस के सहारे पुलिस टीम को इस बात की जानकारी हुई कि डकैतों का गिरोह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में फिर आने वाला है।



हुजूरपुर पुलिस अभिरक्षा में बरामद वाहन के साथ पकड़े गए डकैती के अभियुक्त ● जागरण

## पकड़े गए आरोपित गोंडा और श्रावस्ती जिले के निवासी

- 10 जुलाई को हुजूरपुर के निबुईकला में की थी डकैती
- 31 भेड़ नेपाल में बेची गईं थीं
- 1 पिकअप कब्जे से बरामद
- 7 बाइक चोरी की मिली
- 2 तमंचा एवं तीन कारतूस बरामद

पुलिस टीम ने नटवीर बाबा बसंतपुर के पास घेराबंदी की। सुबह 3.35 बजे एक पिकअप पर सात बाइक लदी देखकर पुलिस टीम ने जब चालक को रोकने का प्रयास किया तो पिकअप सवार लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। खुद को बचाते हुए पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। मौके से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों में श्रावस्ती जिले के इकौना थाना के बिननामगढ़ निवासी रामनरेश सोनकर, बदलूराम, दादे उर्फ भगवान व गोंडा जिले के खरगूपुर थानाक्षेत्र के लालनगर निवासी उमेश कुमार पांडेय शामिल हैं।

तलाशी के दौरान इनके पास से 5540 रुपये नकदी, दो तमंचा, तीन कारतूस बरामद किया गया। बाइकें भी चोरी की थीं, जिसे नेपाल बेचने की फिराक में थे। मुठभेड़ में सर्विलांस प्रभारी चंद्रमोहन सिंह, एसआइ रूपनारायन मौर्य, आरक्षी जितेंद्र कुमार, रूपेश कुमार, विजय पटेल, सुनील यादव, रवि प्रकाश, रंजीत, अभिषेक, अनिल, आदर्श, नितिन अवस्थी शामिल रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म में 14 साल बाद 10 साल कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**थाना रुपईडीहा में वर्ष 2006 में दर्ज हुआ था मुकदमा, 13 साल की बच्ची से हुआ था दुष्कर्म**

**बहराइच।** थाना रुपईडीहा में दुष्कर्म के मामले में दर्ज मुदकमे में शुक्रवार को 14 साल बाद न्यायाधीश ने अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई । न्यायाधीश ने अभियुक्त की जमानत निरस्त कर जेल भेजने का आदेश दिया है।

एडीजीसी क्रिमिनल गिरीश चंद्र शुक्ल ने बताया कि थाना रुपईडीहा के सरवन तारा गांव निवासी लव कुमार उर्फ बड़कऊ के खिलाफ 13 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में 17 अक्तूबर 2006 को नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। एडीजीसी क्रिमिनल शुक्ला ने बताया कि मामले में अपर सत्र पाक्सो एक्ट के न्यायाधीश नितिन पांडेय के न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई चल रही थी। अभियुक्त जमानत पर था। शुक्रवार को मामले में दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश नितिन पांडेय ने मुकदमे में निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त लव कुमार को दोषी करार दिया। उसकी जमानत जज ने निरस्त कर दी। न्यायाधीश नितिन पांडेय ने अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 30 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। एडीजीसी क्रिमिनल ने बताया कि अगर अभियुक्त की ओर से अर्थदंड की रकम अदा नहीं किया जाती है तो उसे एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# भेड़ डकैतीकांड का भंडाफोड़

## चार बदमाश गिरफ्तार, सात बाइक और असलहे बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

हुजूरपुर (बहराइच)। मालिक को बंधक बनाकर भेड़ों की डकैती करने वाले गिरोह का एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सात बाइक, पिकअप व असलहे बरामद हुए हैं। पकड़े गए चारों आरोपी अंतरजनपदीय गिरोह बनाकर काम करते थे। इनके खिलाफ पहले से भी जिले के विभिन्न थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

हुजूरपुर थाना क्षेत्र के निबुईकला गांव निवासी रामपाल पुत्र महादेव को बंधक बनाकर बीते 10 जून की रात में अज्ञात डकैत 81 भेड़ लूट ले गए थे। एसपी सुजाता सिंह ने एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर खुलासा करने का निर्देश दिया था। एसपी के निर्देश पर एसओजी टीम के प्रभारी मुकेश सिंह व हुजूरपुर थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने मुखबिर को लगाया। मुखबिर से सूचना मिली कि भेड़ डकैती कांड के बदमाश नटबीर बाबा ग्राम बसंतपुर के पास खड़े है। सभी किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी की सात बाइक, एक पिकअप, दो तमंचे, तीन जिंदा कारतूस व 26 सौ रुपये नगद बरामद हुए। एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पूछताछ में चारों बदमाशों की पहचान श्रावस्ती जिले में इकौना थाना क्षेत्र के दिनामगढ़ निवासी रामनरेश सोनकर, बदलू वर्मा, दादे उर्फ भगवान व गोंडा जिले में खरगूपुर के लाल नगर निवासी उमेश कुमार पांडेय के रूप में हुई है।



हुजूरपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए डकैत व बरामद सामान। -संवाद

### नेपाल में बेची थीं 31 भेड़ें

पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि 81 भेड़ें लूटी थीं। 50 भेड़ों को सुनसान स्थान पर छोड़ दिया गया था, जबकि 31 भेड़ को नेपाल में बेच दिया था।

पहल | एसपी ने कहा, मित्र भूमिका में नजर आएगी गांव में पुलिस, महिलाएं बेहिचक कहें अपनी समस्या

# आधी आबादी को बीट व्यवस्था से मिलेगी सुरक्षा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** समस्या है तो सुनी जाएगी और समस्या का निस्तारण भी होगा। अब आधी आबादी को समस्याओं को कहने में कोई झिझक भी नहीं होगी। महिलाओं को सुरक्षा व व्यवस्था देने के लिए एसपी ने महिला पुलिसकर्मियों को भी बीट बांटने के निर्देश दिए है। अब बीट व्यवस्था के तहत गांव-गांव में महिला पुलिसकर्मी जाएंगी और आधी आबादी की समस्या को सुनकर वहीं पर निस्तारण भी कराएंगी। इसके लिए अब महिलाओं को थानों के चक्कर भी नहीं काटने पड़ेंगे। इसके लिए एसपी ने शुक्रवार को कार्यालय से पहल का शुभारंभ किया।

जिले का कमान संभालने के बाद एसपी सुजाता सिंह महिलाओं को सुरक्षा व सुविधा देने के लिए हर राह को सुगम बनाने में जुटी हुई है। एसपी ने अब हर थाने में महिला सिपाहियों को भी बीट बांटने के निर्देश दिए हैं।

इसके लिए बीट व्यवस्था अधिकारी को भी नियुक्त किया गया है। व्यवस्था के अनुसार सभी बीट आरक्षी/ मुख्य आरक्षी अपने बीट क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मौजूद रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहेंगे।

उनका एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाएंगे। गांव के पंचायत भवन पर भी बीट पुलिस अधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर अंकित होगा। थाने व चौकी से भी बीपीओ के नाम व मोबाइल नंबर की जानकारी मिल सकेगी।




**बहराइच में बीट पुलिस अधिकारी पहल के शुभारंभ पर मौजूद एसपी व अन्य अधिकारी।**-संवाद

## महिला सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम

“ महिला आरक्षियों को भी बीट क्षेत्र आवंटित करते हुए उन्हें भी क्षेत्र में जाने के लिए निर्देश दिश गया है। इसका सीधा फायदा आधी आबादी यानी महिला फरियादियों को होगा, क्योंकि अब वह अपनी समस्या महिला आरक्षियों को बेझिझक बता सकेंगी और इसके लिए उन्हें थाने जाने की भी जरूरत नहीं होगी। महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

**-सुजाता सिंह,** एसपी बहराइच

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2021

# सात लोगों पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज

## गोआश्रय मामला

कटरा | **संवाददाता**

नगर पंचायत इकौना के कान्हा गोआश्रय के घोटाले का मामला फिर गर्मा गया है। गुरुवार को संबंधित घोटाले फाइल के गायब होने को लेकर नगर पंचायत प्रशासक शिवध्यान पाण्डेय ने नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सात लोगों के विरुद्ध जालसाजी का मुदकमा पंजीकृत कराया है।

नगर पंचायत इकौना के गौतम नगर वार्ड में वर्ष 20016-17 में कान्हा पशु आश्रय योजना के तहत आदर्श गौशाला का निर्माण कराया गया था। इस गौशाला के निर्माण कार्य को लेकर सभासदों ने शासन व मण्डलायुक्त के यहां शिकायत दर्ज कर कर घोटाले का आरोप लगाया गया था। मण्डलायुक्त की जांच में लगभग 58 लाख रुपये के घोटाले की पुष्टि हुई थी। मण्डलायुक्त ने घोटाले की रकम नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी समेत अन्य जिम्मेदारों से वसूल करने के आदेश दिए थे। वहीं धन की वसूली न होने पर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए गए थे। मण्डलायुक्त के आदेश के विरुद्ध नगर पंचायत अध्यक्ष ने माननीय उच्च न्यायालय में गुहार लगाई। इसी दौरान जिला प्रशासन की तरफ से गौशाला निर्माण की मूल पत्रावली की तलाश शुरू की गई तो नगर पंचायत कार्यालय से पत्रावली गायब मिली। गायब पत्रावली को लेकर नपं के अधिकारियों कर्मचारियों व अध्यक्ष की तरफ से एक दूसरे पर पत्रावली गायब होने का आरोप लगाया गया था।विगत दिनों इकौना थाने में नगर पंचायत अध्यक्ष व कर्मचारियों की पंचायत हुई जिसमें कर्मचारियों ने पत्रावली अध्यक्ष के पास होने तथा अध्यक्ष द्वारा पत्रावली कर्मचारियों के पास होने का आरोप लगाया।

## कार्रवाई

- घोटाले की फाइल गायब होने पर दर्ज कराया मुकदमा
- सभासदों ने शिकायत दर्ज कर घोटाले का आरोप लगाया

शिवध्यान पाण्डेय की तरफ से थाना इकौना में अध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार गुप्ता, व उनके रिश्तेदार (साले) रामप्रताप गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी प्रेमनाथ, लिपिक ज्योत्सना व भगतराम यादव, सेवानिवृत्त लिपिक इशरत हुसैन व चपरासी महात्मा प्रसाद के विरुद्ध अंतर्गत धारा 202, 409,व 420 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

# प्रभारी निरीक्षक ने बैठक कर जिम्मेदारियों से अवगत कराया

इकौना | संवाददाता

इकौना थाना परिसर में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक ने थाने में तैनात उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी समेत अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक की।

बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने ग्राम बीट का आवंटन करते हुए उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। साथ ही जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने उप निरीक्षकों व आरक्षियों व महिला अरक्षियों के आमने सामने होकर शासन के दिशा-निर्देशों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जिन सिपाहियों को वीट का आवंटन नहीं किया गया था उनका ग्राम पंचायतों के बीट को आवंटित कराया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि बीट क्षेत्र से आई शिकायतों का निस्तारण व कार्रवाई कराने की जिम्मेदारी बीट आरक्षियों की होगी।

पुलिस के सहयोगी व मददगार के साथ आम लोगों की समस्या सुनना और उसका निस्तारण गुण दोष के आधार पर किया जाय। बीट क्षेत्र में पुलिस के प्रति विश्वास दिलाना और उनके लिए मददगार साबित होने की जिम्मेदारी का निर्वहन बीट आरक्षी करेंगे। किसी प्रका की अन्य समस्या आने पर बीट के कांस्टेबल व उप निरीक्षक मिलकर शिकायतों का निस्तारण कराएंगे।

1

# प्रभारी निरीक्षक व पुलिसकर्मी सम्मानित किए गए

## उत्कृष्ट कार्य

श्रावस्ती | संवाददाता

अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसओ तथा आधा दर्जन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। एसओ मल्हीपुर दद्दन सिंह को डीआईजी और पुलिसकर्मियों को एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने सम्मानित किया।

एसओ मल्हीपुर दद्दन सिंह ने कई घटनाओं का खुलासा किया है। इससे डीआईजी देवीपाटन रेंज डा राकेश सिंह ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि सभी थानों में नियुक्त बीट पुलिस से एक-एक आरक्षी की ओर से माह जून में सराहनीय कार्य किये जाने पर उन्हें बेस्ट कॉप ऑफ दि मन्थ से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी गांव में बीट पुलिस अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। बीट पुलिस अधिकारियों को गांव में जाकर जन-मानस से वार्ता कर सूचना एकत्र करने और अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों की सूचना संकलित करने का निर्देश दिया गया है। बीट पुलिस अधिकारी आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की जांच, चरित्र सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग निरोधात्मक कार्रवाई, संभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने तथा समन, वारंट की नोटिस तामिला करने आदि का कार्य कर रहे हैं।



मल्हीपुर थानाध्यक्ष को सम्मानित करते डीआईजी • हिन्दुस्तान

उन्होंने बताया कि इसमें सर्वश्रेष्ठ कार्य करने व जनता के साथ उत्तम व्यवहार कर जनमानस में पुलिस की सकारात्मक छवि बनाने और अपराध नियंत्रण करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके लिए उन्हें सर्वोत्तम बीट पुलिस अधिकारी माह जून चुना गया है। सम्मानित होने वाले आरक्षियों में गिलौला थाने के मुख्य आरक्षी रमेशचन्द्र, सोनवा थाने के मुख्य आरक्षी राम कैलाश, कोतवाली भिनगा के आरक्षी जलालुद्दीन, मल्हीपुर थाने के आरक्षी सचिन सिंह, इकौना थाने के आरक्षी जीत बन्धन, आरक्षी सत्य प्रकाश शामिल रहे। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे, सीओ भिनगा हौसिला प्रसाद, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक अजय कुमार (पेशकार पुलिस अधीक्षक), उपनिरीक्षक सुनील कुमार (पीआरओ पुलिस अधीक्षक) आदि मौजूद रहे।

# कोविड नियम उल्लंघन की 85 पर कार्रवाई

श्रावस्ती | संवाददाता

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोविड नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर नकेल कसा जा रहा है। दैनिक भ्रमण व गश्त के दौरान बिना मास्क के मिलने वाल लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। साथ ही चौक चौराहों पर चेकिंग कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही अन्य नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है।

गुरुवार को 85 लोगों को कोविड नियम का उल्लंघन करते पाया गया। इन लोगों का चालान कर 10 हजार 800 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। इसी क्रम में सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने लोगों से बातचीत कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही लोगों से कहा कि वे संकट के समय पुलिस के डायल 112 पर सम्पर्क कर मदद लें सकते हैं।

## 17 वाहनों का चालान कटा

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गुरुवार को सभी चेक पोस्टों पर वाहन चेकिंग की गई साथ ही यातायात पुलिस की ओर से भी विभिन्न स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान 77 वाहनों के कागजात, सीट बेल्ट व हेलमेट के साथ ही वाहन में सवार यात्रियों के मास्क को देखा गया।

# बेहतर कार्य के लिए बेस्ट कॉप ऑफ द मंथ का मिला सम्मान

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** बीट क्षेत्र में निष्ठा व लगन से कार्य करने वाले मुख्य आरक्षी व आरक्षी को शुक्रवार पुलिस अधीक्षक ने बेस्ट कॉप ऑफ द मंथ से सम्मानित किया है। साथ ही एसपी ने सम्मानित कर्मचारियों को और निष्ठा व इमानदारी से कार्य करते हुए जनता के बीच और बेहतर छवि बनाने की सलाह भी दी।

जिले में पुलिस विभाग की ओर से बीट व्यवस्था लागू की गई थी। जिसके तहत बीट प्रभारियों सहित वहां तैनात आरक्षियों को बेहतर कार्य करते हुए आम जनता को सुगम न्याय मुहैया कराने का निर्देश दिया था। साथ ही बीट में रहने वाले बुजुर्गों व वरिष्ठ नागरिकों से मिल कर उनकी दिक्कतों को दूर करने की सलाह भी दी थी। इस क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले सभी थानों पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारी में से एक-एक आरक्षी को जून में सराहनीय कार्य करने के लिए एसपी द्वारा बेस्ट कॉप ऑफ द मंथ से सम्मानित किया गया। उन्हें अपने बीट के गांव में जाकर जनमानस से वार्ता कर सूचना एकत्र करने, अपराध पूर्ण अंकुश लगाने का कार्य करने व अपराधियों की सूचना संकलित करने के लिए सम्मानित किया गया।

साथ ही बीट पुलिस अधिकारी को आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की जांच, चरित्र सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग निरोधात्मक कार्यवाही, संभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने, समन, वारंट की नोटिस तामिला आदि के लिए सम्मानित किया गया है। इसमें सिरसिया पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारी प्रधान आरक्षी जगतनरायण यादव, गिलौला के मुख्य आरक्षी रमेश चंद्र, सोनवा मुख्य आरक्षी राम कैलाश, भिनगा के आरक्षी जलालुद्दीन, मल्हीपुर के आरक्षी सचिन सिंह, इकौना के आरक्षी जीत बंधनव न्यू मॉर्डन थाना श्रावस्ती के आरक्षी सत्य प्रकाश का नाम शामिल है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे, क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सम्मानित कर्मचारियों को निष्ठा व ईमानदारी से काम करने की सलाह



पुलिस कार्यालय सभागार में बीट आरक्षियों के साथ बैठक करते एसपी व अन्य। -संवाद

# लंबित विवचनाओं का जल्द करें निस्तारण : एएसपी

**श्रावस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे शुक्रवार को सोनवा थाने पहुंचे। जहां उन्होंने थाना परिसर, भोजनालय, बैरक, आगंतुक कक्ष, माल खाना, हवालात, थाना कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान बरसात को देखते हुए उन्होंने थाना प्रभारी को सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने, झाड़ियां आदि न उगने देने, जलनिकासी का उचित प्रबंध रखने का निर्देश दिया। इसके बाद महिला हेल्प डेस्क पहुंचे एएसपी ने वहां तैनात महिला आरक्षी से उनका हाल जाना। साथ ही यहां आने वाली शिकायतों व उनके निस्तारण के बारे में जानकारी ली। प्राप्त शिकायतों को थाना प्रभारी सहित संबंधितों को हस्तानांतरित करने व उनका यथाशीघ्र निस्तारण करने को कहा। इस दौरान उन्होंने विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित अहकमात की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान एएसपी को बीस विवेचनाएं लंबित मिलीं। जिस पर नाराजगी जताते हुए उन्हें एक सप्ताह में निस्तारित करने का निर्देश दिया। (संवाद)



## कोविड नियमों का पालन करने की हिदायत

**श्रावस्ती।** बैंकों की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस ने शुक्रवार को विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने नियमित रूप से बैंकों व अन्य सार्वजनिक स्थलों की जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों पर ठोस कार्रवाई का निर्देश दिया है। इसी के क्रम में शुक्रवार को भिनगा कोतवाली पुलिस ने भिनगा नगर सहित कोतवाली क्षेत्र के बैंकों की सुरक्षा जांची। वहां लगे सीसीटीवी, सायरन सहित वाहनों की जांच की। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने बैंक में मौजूद लोगों को लेनदेने के दौरान बरती जानेवाली सावधानी के प्रति जागरूक किया। वहीं सीओ नगर हौसला प्रसाद के नेतृत्व में सिरसिया पुलिस व क्षेत्राधिकारी इकौना डॉ. एमपी शर्मा के नेतृत्व में गिलौला पुलिस ने बैंकों की जांच की। वहीं मल्हीपुर, सोनवा व इकौना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बैंकों में जाकर लोगों को जागरूक किया। (संवाद)

# 70 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से शुक्रवार को शातिर अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 77 वाहनों की जांच कर 17 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 26 हजार रुपये शमन शुल्क वसूल किया। वहीं पुलिस ने बिना मास्क के टहल रहे 85 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10,800 रुपये जुर्माना वसूल किया। (संवाद)

# शांति भंग की आशंका में 10 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से गुरुवार रात चलाए गए अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों से 10 लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। (संवाद)